रांची
मंगलवार
23.08.2022
भाद्रपद कृष्ण पक्ष 11
विक्रम संवत 2079

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

**रश्मि प्रवाह**
दवा जेब में नहीं परंतु शरीर में जाये तो असर होता है, वैसे ही अच्छे विचार मोबाइल में नहीं हृदय में उतरें तो जीवन सफल होता है।

www.rastriyanaveenmail.com | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | वर्ष-23 अंक-200 पृष्ठ-12, मूल्य ₹ 1.50

सीएम ने 217 आयुष प्रक्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारियों के बीच बांटा नियुक्ति पत्र, बोले –

# बेहतर स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में आगे बढ़ रही सरकार

### मानदेय के अलावे आयुष चिकित्सकों को मिलेगा हर माह इंसेंटिव : सीएम

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य में स्वास्थ्य व्यवस्था को बेहतर करने की दिशा में हमारी सरकार निरंतर आगे बढ़ रही है। झारखंड में यूनानी, आयुर्वेदिक और होम्योपैथिक चिकित्सा प्रक्षेत्र में पढ़ाई सुनिश्चित हो इसके लिये राज्य सरकार कटिबद्ध है। ग्रामीण

- **162 होम्योपैथिक, 35 आयुर्वेदिक तथा यूनानी पद्धति के 20 डॉक्टरों को मिला नियुक्ति पत्र**
- **राज्य में यूनानी, आयुर्वेदिक तथा होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति की होगी पढ़ाई**



**मुख्यमंत्री** हेमंत सोरेन ने कहा कि आज एक नयी पीढ़ी इस व्यवस्था को बढ़ाने का प्रयास कर रहा है। आज 217 चिकित्सकों की नियुक्ति हो रही है, इन चिकित्सकों के माध्यम से सुदूरवर्ती ग्रामीणों को लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार स्वास्थ्य व्यवस्था को ठीक रखने को लेकर चिंतन करती रहती है। फिर भी ठीक नहीं हो पाती है। सरकार के आप अंग हैं और बेहतर से बेहतर काम करेंगे। सरकार आपको इंन्सेटिव भी देने का काम करेगी। सैलरी के अलावे हर महिने 15 हजार इंसेंटिव देने का काम करेगी।

क्षेत्रों में रहनेवाले लोगों को भी आयुष चिकित्सा पद्धति का लाभ मिल सके इसके लिये सोमवार को 217 आयुष प्रक्षेत्र के डॉक्टरों को अनुबंध आधारित नियुक्ति पत्र मिला है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं समझता हूं कि यूनानी, आयुर्वेदिक एवं होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति एक ऐसी चिकित्सा पद्धति है जब आधुनिक तकनीकी चिकित्सा पद्धति की परिकल्पना नही हुई थी तब से यह पद्धति चली आ रही है। निश्चित रूप से राज्य में स्वास्थ्य क्षेत्र लिए आज ऐतिहासिक दिन है। मुख्यमंत्री सोमवार को झारखंड मंत्रालय स्थित सभागार में स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग अंतर्गत झारखंड आयुष प्रक्षेत्र के संविदा आधारित चयनित सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारियों का नियुक्ति प्रमाण पत्र वितरण समारोह में बोल रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उपस्थित आयुष प्रक्षेत्र के सभी नवनियुक्त डॉक्टरों को बधाई एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने सभी नवनियुक्त आयुष डॉक्टर्स के प्रति भरोसा जताते हुए कहा कि आप जहां भी कार्यरत रहेंगे वहां अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी ईमानदारी और कर्मठता से करेंगे ऐसा मुझे विश्वास है। इस अवसर पर झारखंड सरकार और श्री सत्य साईं हॉस्पिटल के बीच एमओयू हुआ। एमओयू के अंतर्गत प्रतिवर्ष झारखंड के एक हजार हार्ट मरीजों का मुफ्त इलाज गुजरात के श्री सत्य साईं हॉस्पिटल में होगा। झारखंड सरकार इन मरीजों के यात्रा पर प्रति मरीज 10 हजार रुपया खर्च करेगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इसे एतिहासिक कदम बताते हुए कहा कि इस एमओयू से श्री सत्य साईं हॉस्पिटल राजकोट और अहमदाबाद में झारखंड के युवा तथा वयस्कों का मुफ्त हार्ट का इलाज होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि पैसे के अभाव में जो लोग इलाज नहीं करा पाते हैं ऐसे में यह व्यवस्था उनके लिए मील का पत्थर साबित होगा।

**देवदूत के रूप में लोगों को चिकित्सा उपलब्ध करायें :** इस अवसर पर स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के सानिध्य में स्वास्थ्य विभाग दिन प्रतिदिन बेहतर दिशा की **शेष पृष्ठ 11 पर**

### आयुष चिकित्सा पद्धति आज भी काफी प्रभावी

**मुख्यमंत्री** हेमंत सोरेन ने कहा कि आयुष चिकित्सा पद्धति आज भी उतनी ही प्रभावी है, जितनी प्राचीन काल में थी, विशेषकर झारखंड प्रदेश के लिए आयुष एक बेहतर चिकित्सा पद्धति साबित हो सकती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां के लोगों का प्रकृति से गहरा जुड़ाव रहा है और प्राकृतिक तरीके से वे इलाज कराते आ रहे हैं। ऐसे में आज के समय में आयुष चिकित्सा पद्धति यहां के लिए काफी महत्वपूर्ण है।

# सख्ती : राज्य के 40 से अधिक साइबर अपराधियों की संपत्ति जब्ती की तैयारी

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड में साइबर अपराध पर नकेल कसने के लिए बड़ी कवायद की जा सकती है। राज्य पुलिस ने तकरीबन 40 कुख्यात साइबर अपराधियों की संपत्ति का ब्यौरा तैयार किया है। साइबर अपराध में संलिप्तत लोगों के खिलाफ ईडी से पत्राचार किया गया है, ताकि उनके खिलाफ प्रिवेंशन ऑफ मनी लांड्रिंग एक्ट के संगत धाराओं के तहत कार्रवाई की जा सके। राज्य पुलिस के पास संपत्ति जब्ती का अधिकार नहीं होता, लेकिन ईडी पीएलएमए के तहत अपराध से अर्जित संपत्ति को जब्त कर सकती है। ऐसे में राज्य सीआईडी ने देवघर, जामताड़ा समेत अन्य जिलों के चिन्हित बड़े साइबर अपराधियों की सूची तैयार की, इसके बाद उनके द्वारा अर्जित अचल संपत्तियों का भी पता लगाया गया है। सीआईडी ने पूरा विवरण पुलिस मुख्यालय को भेजा था। इसके बाद इस संबंध में राज्य पुलिस मुख्यालय ने पत्राचार किया है।

**केंद्रीय दल ने किया था दौरा :** बीते माह केंद्र सरकार के गृह मंत्रालय के अधिकारियों के दल ने देवघर, जामताड़ा में साइबर अपराध प्रभावित इलाकों का दौरा किया था। इस दौरे के बाद साइबर अपराध प्रभावित इलाकों को लेकर विशेष कार्ययोजना पर भी काम शुरू हुआ है। गृह मंत्रालय की टीम ने दौरे के बाद राज्य पुलिस के आला अधिकारियों से भी मुलाकात कर कई जानकारियां शेयर की थीं।

**पूर्व में भी साइबर अपराधियों की संपत्ति हुई है जब्त :** राज्य में पूर्व में भी साइबर अपराधियों के खिलाफ मनी लाउंड्रिंग की कार्रवाई ईडी ने की थी। साल 2020 में ईडी ने जामताड़ा के कुख्यात साइबर अपराधी प्रदीप कुमार मंडल, पिंटू मंडल, अंकुश कुमार मंडल, संतोष मंडल और गणेश मंडल के मिरगा गांव में तीन अचल संपत्तियों, चार वाहनों के साथ बैंक में जमा रकम जब्त की थी। जामताड़ा के नारायणपुर थाना में प्रदीप मंडल समेत अन्य आरोपियों के खिलाफ 22 जुलाई 2016 को मामला दर्ज किया गया था।




- **राज्य पुलिस ने ईडी को भेजा है प्रस्ताव**
- **पूर्व में भी ईडी कर चुकी है साइबर अपराधियों पर दबिश**

### साइबर अपराध उन्मूलन के लिए अलग-अलग रणनीतियों पर हो रहा काम

**राज्य** के जामताड़ा, देवघर, गिरिडीह, धनबाद जिले से साइबर अपराध को सर्वाधिक अंजाम दिया जाता है। साइबर अपराध से प्रभावित इलाकों में युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए साइबर हब बनाने पर जोर दिया जा रहा है। साइबर अपराध में कम पढ़े-लिखे युवा ज्यादा सक्रिय हैं, ऐसे में इन युवाओं को साइबर से जुड़ी नौकरियों में कैसे जोड़ा जाये इसे लेकर भी योजना पर काम किया जा रहा है।

## सीएम की पत्नी के नाम फर्जी ट्विटर अकाउंट, पुलिस छानबीन में जुटी

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन का फर्जी ट्यूटर एकाउंट बनाकर पोस्ट करने के मामले में रांची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। रांची पुलिस के भेजे गये पत्र के आलोक में ट्वीटर प्रबंधन ने कल्पना सोरेन के नाम से बनाये गये फर्जी एकाउंट को ब्लॉक कर दिया है। साथ ही प्रबंधन ने उसमें लिखे गये सारे पोस्ट को भी डिलिट कर दिया है। बता दें कि इस मामले में रांची एसएसपी किशोर कौशल ने ट्वीटर प्रबंधन को एकाउंट ब्लॉक करने के लिए पत्र भेजा था। इस पत्र के आलोक में ट्वीटर प्रबंधन ने कार्रवाई की है। इधर, घटना की सूचना मिलने के बाद रांची पुलिस की टेक्निकल सेल और साइबर सेल मामले की जांच में जुट गयी है। मामले में पुलिस को कई अहम जानकारी भी मिली है। एसएसपी ने कहा है कि जल्द ही फेक एकाउंट बनाने वाले पुलिस की गिरफ्त में होंगे। मुख्यमंत्री के निजी सचिव जय प्रकाश राम ने गोंदा थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन के नाम से ट्वीटर पर एक फर्जी अकाउंट बनाया गया है। यह अकाउंट बीते 20 अगस्त से संचालित किया जा रहा है। इस फर्जी अकाउंट के स्टेटस में मुख्यमंत्री और उनकी पत्नी का फोटो लगाया गया है। सीएम और उसकी पत्नी की ओर से सोशल मीडिया में इस तरह का कोई अकाउंट बनाया ही नहीं गया है।

## देश के सभी 23 एम्स के बदले जायेंगे नाम!




**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** सरकार ने दिल्ली समेत सभी 23 एम्स का नाम स्थानीय नायकों, स्वतंत्रता सेनानियों, क्षेत्र की ऐतिहासिक घटनाओं अथवा स्मारकों के नाम पर रखने का प्रस्ताव किया है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा इस बाबत सुझाव मांगे जाने के बाद अधिकतर अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) ने नामों की सूची सौंप दी है। एक अधिकारी ने बताया कि एम्स अपने सामान्य नाम से जाने जाते हैं और केवल उनके विशिष्ट स्थान से उन्हें पहचाना जाता है। बता दें कि कई एम्स संचालन में हैं जबकि अन्य प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना (पीएमएसएसवाई) के तहत स्थापित किये जा रहे हैं। सूत्र ने बताया कि इस संबंध में विभिन्न एम्स को विशिष्ट नाम देने के संबंध में सुझाव मांगे गये थे, जिन्हें स्थानीय या क्षेत्रीय नायकों, स्वतंत्रता सेनानियों, क्षेत्र की विशिष्ट भौगोलिक पहचान से जोड़ा जा सकता है, जहां संबंधित एम्स स्थित है। माना जाता है कि अधिकांश एम्स ने सुझाये गये नामों के लिए व्याख्यात्मक नोट के साथ तीन से चार नामों का सुझाव दिया है।

ट्रिपल मर्डर से दहला खूंटी

# एक ही परिवार के तीन सदस्यों की हत्या

- **नशे की हालात में घटना को अंजाम देने की बात आयी सामने**
- **मामूली बकाये के लिए मामा, भाई सहित तीन को कुदाल से काट डाला**

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड में खूंटी जिले के सदर थाना अंतर्गत भंडरा चंडीडीह गांव में मामूली बकाये के लिए एक युवक ने अपने 70 साल के मामा, 25 साल के ममेरे भाई और रिश्ते के एक भाई की कुदाल से मार कर हत्या कर दी। मृतकों में 70 वर्षीय बितना मुंडा, 25 वर्षीय उसका बेटा सुडा मुंडा और इनका एक रिश्तेदार विकास महतो शामिल है। हत्या का खुलासा तब हुआ जब मृतक का बड़ा बेटा सोमा मुंडा सोमवार सुबह खेत जाने के लिए घर पहुंचा तो देखा कि खून से लथपथ उसके पिता बीतना मुंडा, छोटा भाई सूडा मुंडा और एक रिश्तेदार विकास महतो जमीन पर पड़ा हुआ है। वहीं, हत्याकांड को अंजाम देने के बाद आरोपी रिश्तेदार भी नशे की हालत में शव के पास कुदाल लेकर रात भर बैठा रहा। जिसके बाद घरवालों ने उसकी जमकर पिटाई के बाद पुलिस को सौंप दिया। पुलिस तीनों शवों **शेष पृष्ठ 11 पर**



## चुनाव आयोग में बसंत सोरेन से जुड़े खनन लीज मामले में अब 29 को होगी सुनवाई

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** भारत निर्वाचन आयोग ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के छोटे भाई बसंत सोरेन से जुड़े खनन लीज मामले में अब 29 अगस्त को सुनवाई की तिथि निर्धारित की है। आयोग में बसंत सोरेन के मामले में सोमवार 22 अगस्त को सुनवाई की तिथि निर्धारित थी, लेकिन अब भारत निर्वाचन आयोग ने बसंत सोरेन के खनन लीज से संबंधित मामले की सुनवाई की तिथि 29 अगस्त को मुकर्रर कर दी है। इससे पहले चुनाव आयोग ने सीएम हेमंत सोरेन के खिलाफ खनन लीज मामले में 18 अगस्त को ही सुनवाई पूरी कर ली है और फैसला सुरक्षित रख लिया गया है। किसी भी दिन निर्वाचन आयोग की ओर से अपनी अनुशंसा सीएम हेमंत सोरेन के मामले में राज्यपाल को भेजी जा सकती है। गौरतलब है कि बीजेपी नेताओं की ओर से लोक प्रतिनिधित्व कानून 1951 की धारा 9ए के तहत सीएम हेमंत सोरेन की विधानसभा सदस्यता रद्द करने की मांग की है।

- **खनन कंपनी संचालित करने संबंधी तथ्य छुपाने का है आरोप**
- **सीएम सोरेन मामले की सुनवाई हो चुकी है पूरी**

## नड्डा विदा होंगे या कार्यकाल एक वर्ष बढ़ेगा?

- कृष्णमोहन सिंह

**नयी दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का कार्यकाल 19 जनवरी 2023 को खत्म हो जायेगा। ऐसे में चर्चा शुरू हो गयी है कि सत्ताधारी पार्टी की कमान अब कौन संभालेगा? क्या नड्डा के कार्यकाल को बढ़ाया जायेगा या नये अध्यक्ष का चुनाव होगा? नया अध्यक्ष संघ का आदमी होगा या केंद्रीय सत्ता सर्वोच्च अपने किसी आदमी को अध्यक्ष बनवायेगा। भाजपा संसदीय बोर्ड से जिस तरह नितिन गडकरी को हटाया गया है, उसके बाद सबकी निगाह अगले भाजपा अध्यक्ष पर लग गयी है। भारतीय जनता पार्टी में राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनाव के लिए जो नियम है उसके अनुसार यह चुनाव प्रदेश संगठनों के चुनाव के बाद होता है। नियम के अनुसार यदि 50 प्रतिशत राज्यों में संगठन का चुनाव हो गया है तो राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव कराया जा सकता है। एक राष्ट्रीय अध्यक्ष का कार्यकाल तीन वर्ष के लिए होता है। नड्डा को 20 जनवरी 2020 को भाजपा अध्यक्ष चुनाव गया और पद संभाले। उनका तीन वर्ष का कार्यकाल 19 जनवरी 2023 को पूरा हो रहा है। पार्टी के संविधान की धारा 21 के अनुसार, कोई भी व्यक्ति तीन-तीन साल के दो कार्यकाल तक ही भाजपा का अध्यक्ष रह सकता है। ऐसे में यदि मोदी चाहें तो नड्डा को फिर तीन वर्ष के लिए भाजपा अध्यक्ष बनाया जा सकता है, लेकिन 2023 के बाद भाजपा में बहुत उठा-पटक होने की संभावना है। ऐसे में आगे संघ के बड़े नेता के रूख पर निर्भर करता है कि क्या रूख अपनाते हैं। वैसे तो केंद्रीय सत्ता के दो की मनमानी को लेकर संघ में चर्चा शुरू हो गयी है।



- **विदा होंगे तो संघ अपने आदमी के लिए अड़ेगा या मोदी अपने चहेते को बनवायेंगे?**

## राहुल गांधी नहीं बनेंगे कांग्रेस अध्यक्ष

- ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** राहुल गांधी ने कांग्रेस अध्यक्ष बनने से मना कर दिया है। वह किसी भी हालत में अध्यक्ष बनने को तैयार नहीं हैं।

- **नया अध्यक्ष चुने जाने तक सोनिया ही रहेंगी अध्यक्ष**
- **मदद के लिए दक्षिण व उत्तर से बनाये जा सकते हैं दो कार्यकारी अध्यक्ष या उपाध्यक्ष**

ऐसे में गांधी परिवार से बाहर के किसी ऐसे व्यक्ति को अध्यक्ष चुनने की कोशिश होगी जो देशभर में जाना जाता हो और केंद्रीय सत्ता सर्वोच्च व ईडी, आयकर से बिना डरे लड़ सके। जब तक ऐसा व्यक्ति तय नहीं कर लिया जाता है तब तक सोनिया गांधी राष्ट्रीय अध्यक्ष बनी रहेंगी, लेकिन उनकी मदद के लिए एक कार्यकारी अध्यक्ष उत्तर भारत से और एक दक्षिण भारत से बनाया जा सकता है। कार्यकारी अध्यक्ष की जगह उपाध्यक्ष भी बनाया जा सकता है। चर्चा है कि कार्यकारी अध्यक्ष के तौर पर कर्नाटक से मल्लिकार्जुन खड़गे और केरल से रमेश चेनिथला का नाम आगे आ रहा है। मालूम हो कि खड़गे फिलहाल राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष हैं। वह दलित हैं और गांधी परिवार के करीबी हैं। वह लोकसभा में कांग्रेस संसदीय दल के नेता भी रह चुके हैं। रमेश चेनिथला केरल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रह चुके हैं। वह भी गांधी परिवार के करीबी हैं। उत्तर भारत से राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का नाम चर्चा में है, लेकिन वह कार्यकारी अध्यक्ष बनने और राजस्थान छोड़ दिल्ली जाने के लिए राजी नहीं हो रहे हैं। यही हालत सचिन पायलट की है।



## निर्वाचन को रद्द करने के सुखदेव भगत की याचिका पर सुनवाई

**रांची।** रामेश्वर उरांव के निर्वाचन को चुनौती देनेवाली कांग्रेस नेता सुखदेव भगत की चुनाव याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में रामेश्वर उरांव की ओर से सुखदेव भगत के द्वारा चुनावी दस्तावेज प्रस्तुत करने से संबंधित मांग के आलोक में जवाब दाखिल करने के लिए समय की मांग की गयी। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति गौतम कुमार चौधरी की अदालत ने रामेश्वर उरांव के अधिवक्ता को समय प्रदान करते हुए मामले की सुनवाई दो सप्ताह के लिए स्थगित कर दी। याचिका में सुखदेव भगत की ओर से कहा गया है कि वर्ष 2019 में हुए विधानसभा चुनाव के दौरान रामेश्वर उरांव ने नामांकन पत्र में बताया था कि उनके खिलाफ कोई आपराधिक मामला नहीं है।

# झारखंड सरकार और एफसीडीओ समावेशी और सुलभ उच्च शिक्षा के लिए खोलेगा द्वार

### शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनाने में सहायक होगा शेवनिंग मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा छात्रवृत्ति योजना

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** देश के इतिहास में ऐसा पहली बार हो रहा है, जब किसी राज्य सरकार के साथ साझा पारदेशीय छात्रवृति को लेकर एमओयू किया जा रहा है। झारखंड के अनुसुचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक समुदाय के प्रतिभाशाली बच्चों को झारखंड सरकार एवं ब्रिटिश हाई कमीशन द्वारा शेवनिंग मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा छात्रवृत्ति प्रदान की जायेगी। यह वैश्विक छात्रवृत्ति योजना अपने आप में अनूठी है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रयास से साझा एमओयू के अंतर्गत अधिकतम पांच छात्र/छात्राओं को छात्रवृत्ति प्रदान करने हेतु शेवनिंग मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा छात्रवृत्ति योजना शुरू होगी। इस संबंध में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और ब्रिटिश हाई कमिश्नर एलेक्स इलिस की मौजूदगी में रांची में झारखंड सरकार और विदेश राष्ट्रमंडल और विकास कार्यालय (एफसीडीओ) ब्रिटिश उच्चायोग, नयी दिल्ली के बीच 23 अगस्त को एमओयू किया जायेगा। इससे पूर्व तक झारखंड सरकार द्वारा मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा पारदेशीय छात्रवृत्ति योजना के जरिये यूनाइटेड किंगडम ऑफ ग्रेट ब्रिटेन एंड नॉर्थेन आयरलैंड के चयनित संस्थानों/विश्वविद्यालयों के चयनित पाठ्यक्रम में अनुसूचित जनजाति वर्ग के युवाओं को अध्ययन हेतु वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही थी। अब अन्य वर्गों यथा अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग के युवाओं को भी पारदेशीय छात्रवृत्ति योजना से लाभान्वित किया जायेगा।

**एक वर्षीय मास्टर डिग्री के लिए छात्रवृत्ति :** शैक्षणिक वर्ष 2023-24 (जिसके लिये अगस्त 2022 में आवेदन **शेष पृष्ठ 11 पर**

- **अनुसूचित जनजाति के अतिरिक्त अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग के युवाओं को भी मिलेगा अवसर**



### अधिकतम पांच स्टूडेंट्स का होगा चयन

**इस** एमओयू के अन्तर्गत प्रत्येक शैक्षणिक वर्ष के लिए शेवनिंग मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा छात्रवृत्ति योजना हेतु झारखंड के अधिकतम पांच युवाओं का चयन किया जायेगा। चयनित पांच युवाओं का पढ़ाई का सम्पूर्ण व्यय झारखंड सरकार एवं विदेश राष्ट्रमंडल और विकास कार्यालय ब्रिटिश उच्चायोग,(एफसीडीओ) द्वारा संयुक्त रूप से किया जायेगा। एमओयू के तहत सभी भुगतान भारत सरकार के द्वारा अनुमोदित दिशा-निर्देश के आलोक में होगा।

## अब बिना पीएचडी व नेट के बनाये जा सकते हैं प्रोफेसर

- ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** अब लोग विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में बिना पीएचडी व नेट के भी प्रोफेसर बन सकते हैं। यूजीसी के नये फैसले के बाद अब प्रोफेसर बनना आसान हो गया है। इसके लिये आपके पास एकेडमिक डिग्री का होना जरूरी नहीं है। 18 अगस्त, 2022 को आयोजित यूजीसी की बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गयी। इसके तहत इंडस्ट्री से जुड़े एक्सपर्ट भी देश के संस्थानों में सेवाएं दे सकेंगे। इस प्रस्ताव को मंजूरी मिलने से आईआईटी और आईआईएम के बाद यूजीसी ने प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस योजना लागू कर दी है। अलग-अलग क्षेत्रों के एक्सपर्ट बिना नेट और पीएचडी के बतौर प्रोफेसर दो साल तक यूनिवर्सिटी में क्लास ले सकेंगे। इस खबर के सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर लोगों की प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। अंशु वाजपेयी नाम के यूजर ने लिखा, फर्जी डिग्री से नेता और अब आप देश में बिना डिग्री के प्रोफेसर बनेंगे, यानी शिक्षा पर आधारित नहीं बल्कि विचारों पर आधारित चयन होगा। वैसे सरकार ने आईआईटी और आईआईएम में पहले ही प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस योजना लागू की हुई है। कांग्रेस से जुड़े कई संगठनों ने इसे एक और मास्टर स्ट्रोक बताकर सरकार पर तंज कसा है।

बसंत कुमार नाम के यूजर ने लिखा कि कई डिग्रियां ले लो, अपने-अपने घर के मुख्य जगह में टांगने के लिए, इधर बिना परीक्षा के प्रत्येक वर्ष 400 आईएएस लैटरल एंट्री से और विश्वविद्यालयों में अब प्रोफेसर बिना डिग्री के बन सकते हैं। मौज कर दी केंद्र सरकार ने, तो एक यूजर ने लिखा कि ठीक ही तो है, कौन सा पढ़ लिख कर नौकरी मिलने वाली है, बस दिल को तसल्ली मिली रहेगी कि डिग्री है मेरे पास! मालूम हो कि अभी तक यूजीसी मान्यता प्राप्त केंद्रीय विश्वविद्यालय, राज्यों के विश्वविद्यालयों समेत यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर के लिए योग्यता में नेट और पीएचडी होना जरूरी होता था लेकिन अब प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस योजना लागू होने से इसकी जरूरत नहीं पड़ेगी। इससे म्यूजिक, नृतक, इंडस्ट्री समेत कई क्षेत्रों के एक्सपर्ट प्रोफेसर बन पायेंगे।

## न्यूज गैलरी

### लापता नाबालिग का पता बताने वाले को उचित इनाम दिया जायेगा : परिजन



**सिल्ली।** सिल्ली लोटा निवासी राजीव गोराई (17) पिछले 8 अगस्त दिन सोमवार से अपने घर से लापता है। इन 15 दिनों तक कोई अब तक सुराग नहीं मिल पाया। परिजनों कहा पता बताने वाले को उचित इनाम दिया जायेगा । ज्ञात हो कि इस संबंध में उनके पिता मनोहर गोराई सिल्ली थाना में एक सन्हा दर्ज भी कराया है ।किसी बात को लेकर राजीव को डांट फटकार किया गया था। इसी में राजीव किसी के बात के बहकावे पर घर से निकल गया। घर से जाने के पूर्व वह लाल रंग का टीशर्ट एवं काला रंग का ट्रैक सूट पहना हुआ था। उसका रंग सांवला है एवं शरीर पतला दुबला है। लंबाई लगभग उसका 5 फुट है। इन 15 दिनों से कोई आता पता नही मिलने माता सरिता देवी दीदी सुषमा, नेहा भी काफी चिंतित है। परिजनों ने कहा है इस मोबाइल 9113372029, नम्बर पर कि पता बताने वाले को उचित इनाम दिया जायेगा।

### रातू काठी टांड में युवक का नंगधडंग शव बरामद



**रातू ।** थाना क्षेत्र के रातू काठी टांड स्थित दुर्गा उरांव के घर के आंगन से पुलिस ने सोमवार की सुबह एक युवक का शव बरामद किया है। शव पूरी तरह से नग्न अवस्था में है। युवक के सिर व पीठ पर गंभीर चोट के निशान है। युवक का उम्र लगभग 30 से 35 साल की होगी। घटना की जानकारी मिलने ही घटना स्थल पहुंची पुलिस ने आस पास के लोगों से युवक की पहचान करायी परन्तु उसकी पहचान नहीं हो पाई है। डीएसपी प्रवीन कुमार सिंह भी घटना स्थल पहुंच घटना की जानकारी ली। जानकारी के मुताबिक घर मालिक दुर्गा उरांव रोजाना की तरह सुबह 5 बजे पेपर लेने के लिए घर का दरवाजा खोला तो आंगन में एक युवक को औंधे मुंह गिरा हुआ पाया। इसके सिर से खून बह रहा था। आनन फानन में वह रातू थाना पहुंचा व पुलिस को घटना की जानकारी दी। पुलिस अगल बगल के दुकानों में लगे सीसीटीवी फुटेज भी खंगाल रही है। वही एफएसएल की टीम भी घटना स्थल का निरीक्षण किया। कॉल डंप के जरिये मामले की तहकीकात किया जा रहा है। पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिये रिम्स भेज दिया है। वही मामले को लेकर घर मालिक दुर्गा उरांव के बयान पर रातू थाने में यूडी केस दर्ज किया है। आशंका जताई जा रही है कि युवक विक्षिप्त है। बगल के घर मे लगे सीढ़ी चढ़ने के दौरान दुर्गा के घर के आंगन के नीचे गिर गया। सिर पर चोट लगने के कारण उसकी मौत हो गयी।

### बेड़ो में एसबीआई बैंक के द्वारा सहायक अध्यापकों को लोन से संबंधित जानकारी दी गई

बेड़ो। बेड़ो प्रखंड के सहायक अध्यापकों (पारा शिक्षकों) के साथ एसबीआई कटहल मोर शाखा के शाखा प्रबंधक पवन कुमार के द्वारा सोमवार को राजकीयकृत मध्य विद्यालय बेड़ो बालक के प्रांगण में बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में मुख्य रूप से एसबीआई द्वारा विभिन्न प्रकार के लोन की जानकारी प्रखंड के सहायक अध्यापकों को विस्तार पूर्वक दी गई। उनके द्वारा बताया गया कि बहुत ही सरल तरीके से एवं कुछ आवश्यक कागजात के आधार पर आसानी से पर्सनल, होम एवं कार लोन की सुविधा सहायक अध्यापकों को मिल सकती हैं। जिसे जानकर सहायक अध्यापक भी बहुत खुश हुए एवं अपने जरूरत के हिसाब से लोन लेने की इच्छा जाहिर की। इस बैठक में मुख्य रूप से एसबीआई कटहल मोर के शाखा प्रबंधक पवन कुमार, बेड़ो प्रखंड सहायक अध्यापक संघ के मोहम्मद वसीम, अरुण कुमार साहू, कुमोद वर्मा, विनोद बाड़ा, लाल सुमन कुमार, भुनेश्वर गोप, पंचम उरांव, शेख सयुल के साथ-साथ सैकड़ों की संख्या में सहायक अध्यापक मौजूद थे।

### उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार के बैठक आयोजित

# कुल 69 परिजनों/आश्रितों को भुगतान किए जाने का निर्णय

**सभी अंचल से अनुमंडल पदाधिकारी/उप समाहर्ता भूमि सुधार के माध्यम से अपर समाहर्त्ता कार्यालय में कोविड-19 के कारण मृत व्यक्तियों के परिजनों/आश्रितों को अनुदान सहायता देने के लिए प्राप्त अभिलेखों की समीक्षा की गई।**



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** सोमवार को उपायुक्त रांची राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार की बैठक आयोजित की गई। समाहरणालय ब्लॉक अ स्थित उपायुक्त सभागार में आयोजित बैठक में अपर समाहर्ता रांची श्री राजेश बरवार सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कोविड-19 के कारण मृत व्यक्तियों के परिजनों/आश्रितों को अनुदान सहायता देने हेतु प्राप्त अभिलेखों की समीक्षा की गई। बैठक में रांची जिला अंतर्गत सभी अंचल से अनुमंडल पदाधिकारी/उप समाहर्ता भूमि सुधार के माध्यम से अपर समाहर्त्ता कार्यालय में कोविड-19 के कारण मृत व्यक्तियों के परिजनों/आश्रितों को अनुदान सहायता देने के लिए प्राप्त अभिलेखों की समीक्षा की गई। समीक्षा के बाद कुल 69 मृतकों के परिजनों/आश्रितों को अनुदान हेतु प्राप्त अभिलेख/आवेदन के आधार पर भुगतान किए जाने का निर्णय लिया गया। आपको बताएं कि गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा कोविड-19 के कारण मृत व्यक्तियों के परिजनों/ आश्रितों को राज्य आपदा निधि मोचन से 50000 के निर्धारित दर से प्रति मृतक को मुआवजा भुगतान करने का निदेश है।

## पीएम पोषण शक्ति निर्माण योजना में लापरवाही और अनियमितता बर्दाश्त नहीं : लालकेश्वर

**लापुंग।** लापुंग प्रखंड संसाधन केंद्र में सोमवार को पीएम पोषण शक्ति निर्माण योजना का एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान संयोजिका सह रसोईया सह सहायिका तथा सीआरपी बीआरपी को प्रशिक्षण दिया गया। एक दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण के दौरान बीआरपी लालकेश्वर यादव ने कहा कि पीएम पोषण शक्ति निर्माण योजना में लापरवाही और अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मास्टर ट्रेनर बीआरपी बबलू कुमार महतो और संयोजिका शशिकला देवी ने सभी संकुल के एक एक संयोजिका सह रसोईया और बीआरपी सीआरपी को प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षण दिया। इस मौके पर शशिकला देवी ने प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण के आवश्यक घटकों सरस्वती वाहिनी माता समिति पौष्टिक भोजन पीएम पोषण कार्यक्रम की रूपरेखा तथा पाठशाला की व्यवस्था से संबंधित विस्तृत जानकारी दी।

### रांची जिला के सभी सरकारी स्कूलों में अभिभावक शिक्षक बैठक का होगा आयोजन

## उपायुक्त ने सभी बीडीओ और सीओ को दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

**विद्यालय स्तर पर 24 एवं 25 अगस्त को रांची जिले में पीटीएम का आयोजन किया जाएगा। विद्यालय स्तर पर आयोजित होने वाले अभिभावक शिक्षक बैठक में सभी मुखियागण, सरपंच, वार्ड पार्षद की भागीदारी सुनिश्चित किया जाना है।**

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची जिला के सभी सरकारी विद्यालयों में अभिभावक शिक्षक बैठक का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में उपायुक्त रांची राहुल कुमार सिन्हा ने जिला के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचल अधिकारियों को पत्र जारी कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों के माता-पिता एवं अभिभावक को बच्चों के शिक्षा से जोड़ने, उन्हें संवेदनशील बनाने एवं लर्निंग गैप को कम करने के लिए अभिभावक शिक्षक बैठक का आयोजन दो दिन किया जाएगा। विद्यालय स्तर पर 24 एवं 25 अगस्त को रांची जिले में पीटीएम का आयोजन किया जाएगा। विद्यालय स्तर पर आयोजित होने वाले अभिभावक शिक्षक बैठक में सभी मुखियागण, सरपंच, वार्ड पार्षद की भागीदारी सुनिश्चित किया जाना है। इसे लेकर उपायुक्त द्वारा संबंधित बीडीओ को अपने प्रखण्ड अन्तर्गत आने वाले सभी पंचायत के मुखिया की भागीदारी सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया है।

प्रखण्डवार कार्यक्रम विवरणी निम्न है : 1. दिनांक 24.08.2022 : अनगडा, नामकुम, सिल्ली, बुण्डू, राहे, सोनाहातु, तमाड़ रांची सदर, कांके एवं ओरमांझी। 2. दिनांक 25.08.2022 : माण्डर, चान्हो, रातू, नगडी, इटकी, बेडो. लापुंग, बुढ़मू एवं खलारी।

## लोक संस्कृति की रक्षा के लिए हमें आवाज बुलंद करनी होगी : डॉ. रविन्द्र नाथ भगत

**नवीन मेल संवाददाता**

**बेड़ो।** लोक संस्कृति की रक्षा के लिए हमें आवाज बुलंद करनी होगी। पड़हा व्यवस्था की सामाजिक व सांस्कृतिक विरासत को अक्षुण्ण बनाए रखना हमारा कर्तव्य है। यह बातें विनोबा भावे विश्वविद्या लय हजारीबाग के पूर्व कुलपति डॉ रविन्द्र नाथ भगत ने कहीं। वे चाला जनजाति विकास संस्था के तत्वावधान में सोमवार को पूर्व शिक्षा मंत्री स्व करमचंद भगत के जरिया बेड़ो स्थित आवासीय परिसर में आयोजित तीन जून के पड़हा जतरा समापन समारोह में बोल रहे थे। समारोह में पड़ा राजाओं,पड़हा प्रेमियों, समाजसेवियों व शिक्षाविदों ने एक स्वर से पड़हा व्यवस्था की सामाजिक,सांस्कृतिक विरासत को अक्षुण्ण बनाए रखने का संकल्प लिया। इस दौरान दर्जनों पड़हा राजाओं के बीच ढाक व नगाड़ा का वितरण किया गया। साथ ही वक्ताओं ने पड़हा राजाओं व पड़हा समाज के लोगों से लोक संस्कृति की रक्षा करने का आह्वान किया। वहीं समारोह में रांची विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति स्व डॉ रामदयाल मुंडा की उक्ति (जे नाची से



बांची) को लोक संस्कृति की रक्षा के लिए धरातल व अखड़ा पर साकार करने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व वीसी डॉ रविन्द्र नाथ भगत व संचालन मुन्ना बड़ाईक ने किया। वहीं समारोह में बेड़ो बीडीओ डॉ प्रवीण कुमार, झामुमो के जिलाध्यक्ष मुस्ताक आलम, अश्विनी कुमार, हेमलाल महतो, पड़हा राजाओं में पेरो उरांव, गोंदला उरांव, कोमल उरांव, मदन उरांव, लोदो उरांव,गणेश पहान, बबलू उरांव, बिरसा उरांव व अमन उरांव आदि ने अपने विचार रखे। मौके पर डीएसपी रजत मणिक बाखला, सीओ सुमंत तिर्की, प्रो मंगा उरांव, गोयन्दा उरांव, मुखिया कुंवारी खलखो,पंसस विशेश्वर उरांव व ग्राम प्रधान पेरो उरांव समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

## सेवा स्थायी की मांग को लेकर मनरेगा कर्मियों ने घेरा आलमगीर का आवास

**रांची।** सेवा स्थायी की मांग को लेकर मनरेगा कर्मियों ने आज राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के आवास का घेराव किया। राज्य भर से रांची में एकत्र हुए मनरेगा कर्मी जुलूस के रूप में विभागीय मंत्री आलमगीर आलम के धुर्वा स्थित सरकारी आवास के निकट पहुंचे। प्रदर्शनकारी मंत्री के आवास तक जाना चाह रहे थे। लेकिन पुलिस ने उन्हें पहले ही रोक दिया। जिसके बाद नाराज मनरेगा कर्मियों ने सड़क पर बैठ कर नारेबाजी करने लगे। मनरेगा कर्मचारी संघ की अगुवाई में राज्यभर के सैकड़ों मनरेगा कर्मी आलम के आवास के घेराव कार्यक्रम में जुटे थे। संघ के प्रदेश अध्यक्ष जॉन पीटर बागे ने कहा कि राज्य में मनरेगा कर्मी पिछले 15 सालों से संविदा के आधार पर कार्य कर रहे हैं।

## पांच दिनी शहीद एतवा उरांव फुटबॉल टूर्नामेंट एक से, 32 टीमें होंगी शामिल

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** शहीद एतवा उरांव स्मारक न्यास के तत्वावधान में पांच दिनी शहीद एतवा उरांव फुटबॉल टूर्नामेंट-2022 का उद्घाटन 01 सितंबर को दिन नौ बजे से होगा। मांडर प्रखंड अंतर्गत बुढ़खुखरा स्थित खेल मैदान में आयोजित फुटबॉल टूर्नामेंट में कुल 32 टीमें शामिल होंगी। खेल प्रभारी फ्रांसिस जेवियर खलखो और अध्यक्ष मो. साकिब ने बताया कि टूर्नामेंट में रजिस्ट्रेशन के लिए अंतिम तिथि 28 अगस्त, 2022 है। टूर्नामेंट के लिए प्रवेश शुल्क मात्र 4100/- रुपए है। रजिस्ट्रेशन फॉर्म के लिए बुढ़ाखुखरा स्थित प्रज्ञा केंद्र, फ्रांसिस जेवियर खलखो (मोबाइल- 96619 04995), मो. साकिब (मोबाइल- 95721 04027) और मो. तारिक (मो.-62017 90054) से संपर्क कर प्राप्त किया जा सकता है। टूर्नामेंट के विजेता को 51 हजार नगद रुपए व ट्रॉफी, उपविजेता को 31 हजार नगद रुपए व ट्रॉफी दिया जाएगा। साथ ही तृतीय स्थान पानेवाले को 11 हजार नगद रुपए व ट्रॉफी और चतुर्थ स्थाने पानेवाले को 10 हजार नगद रुपए व ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया जाएगा। इसके अलावा मैन ऑफ द मैच, मैच ऑफ द सिरीज होने वाले खिलाड़ी को भी सम्मानित किया जाएगा। इससे पहले मैच के सफल संचालन को लेकर रविवार को बुढ़ाखुखरा में एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। इसमें आसपास के गांवों के ग्रामीण और गणमान्य लोग शामिल हुए। बैठक में सर्वसम्मति से एक कमेटी का गठन किया गया। इसमें संरक्षक- मो. रशीद, राजू केवट, पते किस्पोट्टा (सेवानिवृत्त सैनिक), कैला खलखो, मारकुश खलखो, फागू महतो, मो. मिस्टर, क्यामुद्दीन अंसारी, चमरा खलखो। वहीं सलाहकार- हुसने कुजुर, सीप खलखो, जान खलखो, एकराम मियां, प्रेम खलखो, अनिल खलखो, चेगड़े उरांव व मो. इकराम, खेल प्रभारी- फ्रांसिस जेवियर खलखो, अध्यक्ष- मो. शाकीब ऊर्फ छोटू, कार्यकारी अध्यक्ष- विनोद खलखो, उपाध्यक्ष- कृष्णा केवट, मुकेश खलखो, सचिव- आयता खलखो, सह सचिव- प्रदीप केवट व दुर्गा खलखो, कोषाध्यक्ष- पितरुस खलखो, मिडिया प्रभारी- सन्नी खलखो, रंजीत खलखो व लखो खलखो को मनोनीत किया गया। इसके अलावा सदस्य के रूप में तारिक अंसारी, रुंजा खलखो, मुकेश खलखो, मो. इरफान, मो. तौहिद, मो. गुफ्रान, मो. असलम, मो. राजा, मो. नौशाद, चुगुनु खलखो, इरिक कुजुर, अमित खलखो, विमल खलखो, प्रकाश खलखो, मोहन खलखो, दाउद खलखो, मो. रकीब, पाते खलखो रखा गया है।

**22 वर्षो से लगातार हो रहा है टूर्नामेंटः** शहीद एतवा उरांव स्मारक न्यास के तहत शहीद एतवा उरांव फुटबॉल टूर्नामेंट पिछले 22 वर्षों से लगातार मांडर प्रखंड के बुढ़ाखुखरा स्थित खेल मैदान में होते आ रहा है। शहीद एतवा उरांव को मरणोपरांत 1998 में महामहिम राष्ट्रपति द्वारा सर्वोत्तम जीवन रक्षा पदक से सम्मानित किया गया है। यह पदक अबतक झारखंड और बिहार में किसी को भी नहीं मिला है। उन्होंने जून 1996 में अपनी जान की परवाह किए बगैर कोयल नदी में आठ लोगों को बचाने के बाद शहीद हो गए थे।

### ओरमांझी में विशेष ग्रामसभा कर जल सहिया का चुनाव संपन्न

# बेबी को 115 व किरण देवी को 115 वोट मिलने पर टॉस कराकर बेबी देवी को जल सहिया चुना गया

**नवीन मेल संवाददाता**

**ओरमांझी।** ओरमांझी पंचायत सचिवालय में जल सहिया चुनाव के लिए विशेष ग्राम सभा का आयोजन ग्राम प्रधान दीनदयाल लोहार मुंडा की अध्यक्षता में किया गया। ग्राम सभा में 6 प्रत्याशियों ने जल सहिया के लिए अपना-अपना नाम का प्रस्ताव दिया। जिसमें मुख्य रूप से लक्ष्मी देवी, बबिता देवी, पूनम देवी, काजल देवी, बेबी देवी और किरण देवी शामिल थे । जल सहित के लिए 6 प्रत्याशियों के नाम आने के बाद ग्रामीणों ने सभी प्रत्याशियों को सर्वसम्मति बनाने का प्रस्ताव दिया। जिसको सभी प्रत्याशियों ने ठुकरा दिया। इसके बाद ग्राम सभा ने तय किया कि 6 प्रत्याशियों के बीच वोट कराया जाए। वोट के लिए प्रत्याशियों को अपना-अपना नामांकन कराया। नामांकन के बाद



प्रत्याशियों के बीच नाम वापसी का समय दिया गया। जब किसी ने नाम वापस नहीं लिया, तो सबके बीच ग्राम सभा ने वोट कराया जिसमें 348 लोगों ने अपना अपना मतदान किया। जिसमें लक्ष्मी देवी को 5, बबीता देवी 14 ,पूनम देवी को 38, काजल देवी को 61, बेबी देवी को 115 और किरण देवी को 115 मत मिला। मतदान में बेबी देवी और किरण देवी को 115 मत मिलने के बाद चुनाव प्रक्रिया टप हो गया। इसके बाद ग्राम सभा ने दोनों प्रत्याशियों को आपस में समन्वय बनाने का समय दिया और दोनों में किसी एक का समर्थन करने को कहा, लेकिन दोनों में समन्वय नहीं बन पाया। इसके बाद दोनों ने ग्राम सभा में टॉस कराने का अनुरोध किया। इसके बाद पंचायत के मुखिया दीपक बड़ाईक ने सिक्का उछाल कर जल सहिया का निर्णय किया। जिसमें बेबी देवी को जल सहिया चुन लिया गया। विशेष ग्राम सभा में मुख्य रूप से ग्राम प्रधान दीनदयाल लोहार मुंडा, मुखिया दीपक बडाईक, पंचायत समिति सदस्य ललिता देवी, उप मुखिया संतोष गुप्ता, वार्ड सदस्य सत्यम राज कुशवाहा, अगीता देवी,पुर्व मुखिया मीणा देवी, उमाशंकर साहु, रामकुमार महतो, संतोष कुशवाहा, आशिक साहु, अजीत मेहता, मुननी देवी, सीता देवी, किरण देवी, भीम मुंडा,पारस मुन्डा सहित सैकड़ों ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित थे।

## कार्यालय :जिला परिषद, रामगढ़

Email ID : ddc-ramgarh@jharkhandmail.gov.in

–: आम इश्तेहार :–

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जिला परिषद, रामगढ़ द्वारा छत्तरमाण्डू में नवनिर्मित मार्केट कॉम्पलेक्स परिसर में अवस्थित 1 दुकान को तीन वर्षों के लिए बंदोबस्ती पर उपलब्ध कराया जाना है।

जो व्यक्ति बन्दोबस्ती में भाग लेना चाहते है आवेदन का निर्धारित शुल्क 500/– (पाँच सौ) रूपये का राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट जो DDC-CUM-CEO, DISTRICT BOARD, RAMGARH के पदनाम से देय हो जिला परिषद, रामगढ़ के कार्यालय में दिनांक 25.08.2022 से 30.08.2022 तक जमा कर किसी भी कार्य दिवस में आवेदन फॉर्म प्राप्त कर सकते है।

परिसम्पत्ति की विवरणी निम्नवत है :–

| क्रं.सं. | दुकान संख्या | दुकान का क्षेत्रफल (sft) | 10/– रूपये प्रति sft की दर से कुल मासिक राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | 11 | 97 | 970 |

**नोट :** बंदोबस्ती से संबंधित नियम व शर्तें जिला परिषद, रामगढ़ के सूचना पट्ट एवं जिला के वेबसाईट : www.ramgarh.nic.in में देखी जा सकती है।

ह०/–
उप विकास आयुक्त
–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद रामगढ़।

PR.NO.276071 District(22-23):D

## बेड़ो: मॉडल स्कूल में नहीं है शिक्षक बच्चों के भविष्य से हो रहा खिलवाड़

**नवीन मेल संवाददाता**

**बेड़ो।** केंद्रीय विद्यालय की तर्ज पर ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को अंग्रेजी भाषा में बेहतर शिक्षा देने के उद्देश्य से स्थापित मॉडल स्कूल सरकार की घोर उपेक्षा का दंश झेल रहा है। स्थापना के एक दशक बाद भी प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रोजेक्ट बालिक विद्यालय परिसर में चल रहे मॉडल स्कूल के पास न तो अपना भवन है और ना ही पर्याप्त संख्या में शिक्षक ही है।मॉडल स्कूल जैसा कि नाम से किसी अच्छे भवन, बेहतर शिक्षण व्यवस्था, गुनवकतापूर्ण शिक्षा की छवि हमारे मन में उभरती है। लेकिन इससे बिल्कुल अलग है प्रखंड में चल रहे मॉडल स्कूल यहां गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की बात सोचना भी बेमानी होगी। यह बात और है कि संसाधनों



के अभाव के बावजूद मॉडल स्कूल के बच्चे अपने मेहनत से बेहतर रिजल्ट कर रहे हैं। फिर भी सरकार मॉडल स्कूलों की तरफ ध्यान नहीं दे रही है। सरकार की बेरुखी का सीधा असर विद्यालय पर पड़ रहा है जिसके चलते छात्रों की संख्या घटती जा रही है। वहीं चालू सत्र में घटकर 150 रह गए हैं। शिक्षकों की कमी के कारण अभिभावक भी अब इस विद्यालय में अपने बच्चों को नामांकन करने से कतरा रहे हैं। मॉडल स्कूल में फिलहाल कक्षा 6 से लेकर दस तक पढ़ाई होती है। यानी कुल पांच कक्षाओं के लिए मात्र दो शिक्षक ही यहां कार्यरत हैं। जिसमें एक अंग्रेजी के शिक्षक व एक सामाजिक विज्ञान के ही शिक्षक है। जबकि गणित व विज्ञान सहित अन्य विषय के शिक्षक ही नहीं है। बेहतर तरीके से पढ़ाई के लिए कम से कम विषय वार पढ़ाई के लिए यहां नौ शिक्षकों की आवश्यकता है। शिक्षकों की कमी को देखते हुए अभिभावकों का भरोसा विद्यालय से उठता जा रहा है। एक ओर जहां प्रदेश की सरकार बेहतर शिक्षा के लिए स्मार्ट क्लास होने का दावा करती है। वहीं दूसरी ओर बच्चों को विषय आधारित शिक्षा भी नहीं मिल पा रही है। छात्रों का कहना है कि विगत दो माह से एक भी विषय की पढ़ाई नहीं हुई है। विद्यार्थियों का कहना है कि शिक्षकों की कमी के कारण अध्यापन कार्य प्रभावित हो रहा है। स्कूलों में बच्चों का सर्वांगीण विकास होता हैं लकिन जब ये स्कूल ही दम तोड़ने लगे तो बच्चों का भविष्य कहां तक टिक पाएंगे।

## एबीवीपी ने केसीबी कॉलेज में चलाया सदस्यता अभियान

**बेड़ो।** करमचंद भगत कॉलेज बेड़ो में अभाविप बेड़ो इकाई के द्वारा सोमवार को सदस्यता अभियान चलाया गया। अभियान में परिषद के पदाधिकारियों ने छात्र छात्राओं को संगठन की सदस्यता ग्रहण कराई। कॉलेज के छात्र छात्राओं ने भी संगठन के पदाधिकारियों व संगठन के कार्यों से संतुष्ट होकर सदस्यता ली। इस दौरान संगठन के उद्देश्यों से भी छात्र छात्राओं को अवगत कराया गया। एबीवीपी के आकाश रक्षित ने कहा कि विद्यार्थी परिषद विश्व का सबसे बड़ा राष्ट्रवादी छात्र संगठन है। एबीवीपी सदैव छात्र छात्राओं के छात्रहित व हक में काम करता रहा है। कॉलेज के विकास व छात्र छात्राओं की समस्याओं के समाधान में संगठन ने अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने छात्र छात्राओं से संगठन को ओर अधिक मजबूत बनाने का आह्वान किया।

## कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय
## भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या-2, राँची

अति अल्पकालीन निविदा /कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्या–37/2022–23

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियन्ता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल सं0–2, रॉंची।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय: दिनांक 29.08.2022 को 1.00 बजे अपराह्न तक
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 30.08.2022 का 3.00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 30.08.2022 को 3.30 बजे अपराह्न।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : 1) अधीक्षण अभियन्ता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–2, रॉंची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा 2) कार्यपालक अभियन्ता,भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल सं0–2, रॉंची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष रॉंची।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : नगर नियंत्रण कक्ष रॉंची, कार्यपालक अभियन्ता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल सं0–2, रॉंची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा।
7. निविदा खोलने का स्थान : अधोहस्ताक्षरी का कार्यालय
8. कार्य की विवरणी :

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू०) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू०) | अग्रधन की राशि (रू०) | कार्य समाप्ति की अवधि। |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Day to Day Maintenance of Floor,Corridor,Star,W.C and Out Side of Chief Election Office at HEC Dhurwa Ranchi for the Year 2022-23 | 21,79,600.00 | 5000.00 | 44000.00 | Eight Months |
| 2 | Day to Day Maintenance of Cleaning and Wiping work in the Office Room,Corridor,Stair Room, and Out Side of The Building of Russian Hostel st Old Vidhan Saabha Campus at HEC Dhurwa Ranchi for the year 2022-23 | 20,74,500.00 | 5000.00 | 42000.00 | Eight Months |

नोट :निविदा की शर्तें www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

कार्यपालक अभियन्ता
भवन निर्माण विभाग भवन प्रमण्डल संख्या–2, राँची

PR276160 (Building)22-23*D

## न्यूज गैलरी

### डीएसपीएमयू : एमए रूरल डेवलपमेंट में नामांकन के लिए आवेदन आमंत्रित

**रांची।** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में स्नातकोत्तर रूरल डेवलपमेंट के सत्र 2022-24 में नामांकन के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया जारी है। इच्छुक छात्र-छात्राएं चांसलर पोर्टल- के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। नामांकन के लिए न्यूनतम योग्यता किसी भी संकाय से स्नातक उत्तीर्ण होना है। यह पाठ्यक्रम ग्रामीण क्षेत्र में स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराती है। डीएसपीएमयू से यह पाठ्यक्रम करनेवाले विद्यार्थियों को विभिन्न एनजीओ में प्लेसमेंट मिला है। नामांकन संबंधित विस्तृत जानकारी के लिए मोबाइल नंबर- 9386485583 पर संपर्क किया जा सकता है। यह जानकारी पाठ्यक्रम समन्वयक डॉ एसएम अब्बास ने दी।

### इंटर स्कूल क्विज प्रतियोगिता में डीपीएस का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**रांची।** डीपीएस रांची के विद्यार्थियों ने लोयोला स्कूल,भुवनेश्वर की ओर से आयोजित 12वीं आदित्य मेमोरियल क्विज प्रतियोगिता-2022 में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इसमें डीपीएस रांची के यशस्वी जैन और रुद्राक्ष राय ने प्रथम रनर अप का स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में पूर्वी भारत के 22 स्कूलों की 200 टीमों ने भाग लिया था। यशस्वी और रुद्राक्ष ने 7500 रुपये का नकद पुरस्कार जीता। उन्हें प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता तीन चरणों (प्रिलिम्स, सेमीफाइनल व फाइनल राउंड) में आयोजित किया गया था। छात्रों की इस उपलब्धि पर प्राचार्य डॉ राम सिंह ने उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा यशस्वी और रुद्राक्ष के अनुकरणीय प्रदर्शन से विद्यालय परिवार गौरवान्वित महसूस कर रहा है।

### बीबीए एलएलबी को बीसीआई से इस सत्र के लिए संबद्धता मिली

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ लीगल स्टडीज (आईएलएस) के अंतर्गत संचालित पांच वर्षीय बीबीए एलएलबी पाठ्यक्रम को बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) से अकादमिक सत्र 2022-23 के लिए अस्थायी संबद्धता मिल गई है। इससे विश्वविद्यालय के लिए बीबीए एलएलबी में नामांकन लेने की बाधा दूर हो गई है। विश्वविद्यालय की ओर से संबद्धता प्राप्त करने के लिए आवेदन किया गया था, जिस पर बीसीआई ने सशर्त अस्थायी संबद्धता प्रदान की है। इसके तहत विश्वविद्यालय को 31 अगस्त तक एफिडेविट के माध्यम से बीसीआई को बीबीए एलएलबी संचालित करने के लिए शिक्षकों की संख्या, लाईब्रेरी में उपलब्ध किताबों का विवरण आदि उपलब्ध कराना होगा। विश्वविद्यालय की ओर से इसकी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। रांची विश्वविद्यालय में यह बीबीए एलएलबी स्ववित्तपोषित वोकेशनल पाठ्यक्रम के तहत संचालित किया जा रहा है। वोकेशनल स्टडीज की उपनिदेशक डॉ स्मृति सिंह ने बताया कि लाईब्रेरी में जो किताबें कम पड़ रही हैं, उसका टेंडर हो गया है और इसके लिए वर्क ऑर्डर प्रक्रियाधीन है।

### पेयजल एवं स्वच्छता कार्यक्रम के बेहतर संचालन में लोगों की सहभागिता बढ़ाने के तरीकों पर जोर

**रांची।** पेयजल एवं स्वच्छता विभाग (झारखंड) और यूनिसेफ (झारखंड) के संयुक्त तत्वाधान में तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सोमवार से होटल कैपिटल हिल में शुरू किया गया। इस मौके पर विभागीय अवर सचिव प्रणव कुमार पाल ने उपस्थित ट्रेनियों से कहा कि एसबीएम (ग्रामीण) चरण-2 और जल जीवन मिशन के अंतर्गत कार्यक्रम को बेहतर तरीके से संचालित करने की जरूरत है। ऐसे में इसमें अधिकांश लोगों की सहभागिता कैसे बढ़े, इसे सभी देखें। साथ ही सामाजिक परिवर्तन संचार पर व्यापक स्तर पर भी काम करने का प्रयास हो रहा है। बेहतर आइसी के माध्यम से हम सब कार्यक्रम को बेहतर रूप दे सकते हैं। मौके पर यूनिसेफ की ओर से कुमार प्रेमचंद, लक्ष्मी सक्सेना के अलावे विभाग की ओर से सभी जिलों से आये जिला परामर्शी और अन्य भी उपस्थित थे। संयुक्त सचिव सह संयुक्त निदेशक इंद्र देव मंडल के मुताबिक ग्राम स्तर पर जल की सुविधा, ठोस और तरल कचरा प्रबंधन विषय पर कई काम किये जाने हैं। इसमें आइसी की महत्वपूर्ण भूमिका है। आइसी गतिविधियां जितनी बेहतर होगी, कार्यक्रम का रूप उतना ही बेहतर होगा। जरूरत इस बात की है कि जेजेएम और एसबीएम-2 पर उत्कृष्ट रुप से आइसी गतिविधियां आयोजित की जाय।

---

ईडी ने राजीव कुमार से पूछा कि कैसे अमित अग्रवाल के संपर्क में आए

# राजीव ने खुद को ट्रैप करने की बात बतायी



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने राजीव कुमार से सोमवार को दिन भर पूछताछ की। शेल कंपनियों व अवैध खनन से जुड़ी पीआईएल करने वाले अधिवक्ता राजीव कुमार से ईडी ने पूछा कि वह इस मामले में कारोबारी अमित अग्रवाल के संपर्क में कैसे आए, कब कब उनकी बात या मुलाकात अमित अग्रवाल से हुई। ईडी यह भी पड़ताल कर रही है कि याचिका दायर करने के बाद से राजीव कुमार कब कब कोलकाता गए थे। सोमवार को ईडी ने पूछताछ के दौरान राजीव कुमार से यह भी पूछा कि उनके लिए एयर टिकट और होटल की बुकिंग किसने करायी थी। पूछताछ में आए तथ्यों के आधार पर ईडी इस मामले में संबंधित अन्य लोगो से भी पूछताछ करेगी।

**साजिश कर ट्रैपिंग की बात बतायी :** ईडी सूत्रों के मुताबिक, राजीव कुमार ने पूछताछ में बताया है कि उन्हें साजिश के तहत ट्रैप कर फंसाया गया। ईडी ने 31 जुलाई का पूरा घटनाक्रम राजीव कुमार से जाना है। हालांकि ईडी को राजीव कुमार ने क्या बताया, इस बात की पूरी जानकारी नहीं मिल पायी है। गौरतलब है कि याचिका मैनेज करने के बाद पैसे मांगने का आरोप अमित अग्रवाल ने राजीव कुमार पर लगाया था। जिसके बाद 31 जुलाई को राजीव कुमार को बंगाल पुलिस ने 50 लाख नकदी के साथ ट्रैप किया था। इसके बाद उन्हें रिमांड पर लेकर 14 दिनों तक बंगाल पुलिस की डिटेक्टिव विभाग ने पूछताछ की थी।

## भारतीय शिक्षण पद्धति प्रारंभ से ही उन्नत रही है: डॉ. राजकुमार

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के यूजीसी मानव संसाधन विकास केंद्र में आयोजित संकाय प्रेरण कार्यक्रम में सोमवार को नई शिक्षा नीति पर डीएसडब्ल्यू डॉ राजकुमार शर्मा का व्याख्यान आयोजित किया गया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि भारतीय शिक्षण पद्धति प्रारंभ से ही उन्नत रही है। नई शिक्षा नीति में स्नातक के एक पत्र के रूप में भारत को जानना समझना शामिल है। इसमें योग व स्वास्थ्य शिक्षा अनिवार्य पत्र के रूप में सभी के लिए पढ़ना आवश्यक है। द्वितीय सत्र में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो सत्यनारायण मुंडा ने प्रकृति संरक्षण और आदिवासी जीवन दर्शन विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि आदिवासियों की जीवनशैली प्रकृति के अनुकूल है। यह जीवन दर्शन आधुनिक भौतिकवादी सभ्यता व सोच से उत्पन्न बहुआयामी संकटों का समाधान करने वाला है।

## अंबा प्रसाद के खिलाफ कार्रवाई करें राज्यपाल : भाजपा

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भाजपा ने बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद के खिलाफ कार्रवाइ की मांग की है। भाजपा प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने आरोप लगाया कि बड़कागांव में युवतियों से धर्मांतरण के प्रयास को छुपाने के लिए विधायक अम्बा प्रसाद ने जबरन राखी बंधवा दिया। सोमवार की दोपहर एक वीडियो जारी कर विधायक अंबा प्रसाद पर कार्रवाई की मांग की है। प्रतुल ने कहा कि वीडियो में जबरन धर्मांतरण की शिकार बनने से बचने वाली नाबालिग बच्ची यह साफ कह रही है कि अंबा प्रसाद ने जबरन दबाव डालकर उसे मुस्लिम युवक को राखी बांधने को मजबूर किया। वीडियो में बच्ची कह रही है कि अंबा प्रसाद खुद राखी लेकर आई थी और उन्होंने इस बात को किसी को बताने से मना करने को कहा था। प्रतुल ने कहा उन बच्चियों की मां भी कह रही है कि अंबा प्रसाद ने धमकी देते कहा था कि समझौता करो वरना प्रशासन हमेशा नहीं रहेगा। प्रतुल ने अपने ट्वीट में झारखंड के राज्यपाल को टैग करते हुए अंबा प्रसाद पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की। उन्होंने कहा की अंबा प्रसाद खुद एक महिला हैं, लेकिन फोटो अपॉर्चुनिटी के लिए उन्होंने एक नाबालिग बच्ची का उपयोग किया। इससे शर्मनाक घटना कोई दूसरी नहीं हो सकती। अपने ट्वीट में उन्होंने राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के अध्यक्ष को भी टैग किया है। प्रतुल के इस ट्वीट को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सांसद दीपक प्रकाश और भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने भी रीट्वीट कर अंबा प्रसाद पर कार्रवाई की मांग की है।

# पीजी सेमेस्टर 2 के फॉर्म जमा करने की तिथि बढ़ाए रांची विवि : अभिषेक शुक्ला



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** सोमवार को अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) का प्रतिनिधि मंडल रांची विश्वविद्यालय पीजी सेमेस्टर 2 के विद्यार्थियों के समस्यों के निराकरण के लिए छात्र कल्याण संकाय अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपा। मौके पर आजसू रांची विश्वविद्यालय उपाध्यक्ष अभिषेक शुक्ला ने कहा की पिछले कुछ दिनों से रांची एवं विभिन्न इलाकों में हो रही लगातार भारी बारिश के कारण सभी बैंक के सर्वर निष्क्रिय हो चुके हैं या सही ढंग से अभी भी काम नहीं कर रहे हैं, जिससे विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं को ऑफलाइन फॉर्म भरने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। क्योंकि ऑफलाइन फॉर्म भरने के बाद परीक्षा शुल्क ऑनलाइन बैंक में जमा करना पड़ता है जिसमें परेशानी हो रही है। अभिषेक शुक्ला ने कहा की अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) विश्वविद्यालय प्रशासन से मांग करती है विद्यार्थियों की परेशानियों को देखते हुए छात्रहित में फॉर्म भरने की तिथि को अभिलंब बढ़ाया जाए वहीं मौके पर छात्र कल्याण संकाय अध्यक्ष ने आजसू के सदस्यों को आश्वासन दिया कि 1सप्ताह के लिए परीक्षा शुल्क की तिथि को आगे बढ़ा दिया जाएगा। मौके पर अभिषेक शुक्ला, राहुल तिवारी, आशुतोष कुमार आदि उपस्थित थे।

## बीआईटी मेसरा ने ब्रेन मशीन इंटरफेस पर हुआ कार्यशाला

**रांची।** बिड़ला प्रौद्योगिकी संस्थान (बीआईटी), मेसरा में ब्रेन मशीन इंटरफेस पर कार्यशाला की शुरूआत सोमवार को हुई। कार्यशाला 28 अगस्त तक चलेगी। यह विज्ञान और इंजीनियरिंग अनुसंधान बोर्ड (एसईआरबी), विज्ञान विभाग की ओर से प्रायोजित की गई है। उद्घाटन समारोह में डॉ संजय कुमार, उपाध्यक्ष, न्यूरोसर्जरी, पारस एचईसी अस्पताल बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित थे। उन्होंने उपचार की गुणवत्ता में सुधार के लिए चिकित्सा और इंजीनियरिंग क्षेत्रों के बीच संबंधों को मजबूत करने पर जोर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यवाहक कुलपति सह डीन फैकल्टी प्रो कुणाल मुखोपाध्याय ने की। उन्होंने अनुसंधान और विकास के क्षेत्र में संस्थान की गतिविधियों का संक्षिप्त विवरण दिया। इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार इंजीनियरिंग विभाग के अध्यक्ष प्रो संदीप सिंह सोलंकी ने विभागीय गतिविधियों का विवरण दिया।

स्व. भगवान दास काबरा के निधन पर एक मिनट का मौन रखकर दी गयी श्रद्धांजलि

# चौपाल की तीसरी बैठक में 30 वरिष्ठजनों ने लिया भाग



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** वरिष्ठ नागरिक दिवस पर श्री माहेश्वरी सभा, रांची द्वारा समाज के वरिष्ठजनों के लिए समाज की चौपाल की तीसरी बैठक में लगभग 30 लोगों ने भाग लिया। चौपाल के संयोजक राजकुमार मारु एवं सदस्य वासुदेव लाल भाला ने वॉईस मेसेज के माध्यम से अपनी उपस्थिति दर्ज की। महेश वंदना से कार्यक्रम की शुरूआत हुई। सभा अध्यक्ष शिव शंकर साबू ने आए हुए सभी सदस्यों का स्वागत किया। इस ग्रुप के सदस्य स्वर्गीय भगवान दास काबरा के निधन पर एक मिनट के लिए मौन रहकर सभी सदस्यों ने श्रद्धांजलि दी। निःस्वार्थ समाज सेवा का अप्रतिम उदाहरण विषय पर सभी सदस्यों ने अपने-अपने व्यक्तिगत अनुभव साझा किए। खुश रहिए एवं सुरक्षित रहिए यह था आज का मुख्य विषय जिस पर सभी सदस्यों ने चर्चा की। खुश रहिए विषय पर जिंदगी में तनाव के पलों पर अपने व्यवहार के अनुभव को सभी सदस्यों ने साझा किया। विषय प्रवेश चौपाल के सह संयोजक अशोक साबू ने कराया एवं विस्तृत प्रकाश अनिल साबू ने डाला। दूसरे विषय सुरक्षित रहिए पर विषय प्रवेश विजय शंकर साबू ने कराया एवं विस्तृत प्रकाश अशोक साबू ने डाला। वर्तमान परिवेश में देश एवं राज्य का माहौल बदल रहा है। इस बदलते हुए माहौल में हमें अपने एवं अपने परिवार की सुरक्षा की जिम्मेदारियां स्वयं उठानी होगी एवं उसके लिए सही सोच एवं पुख्ता इंतजाम करना होगा। समाज की चौपाल में सबसे पहले आये सदस्यों के नाम की चीट बनाकर निकाली गई। श्री दाऊ लाल मोहता द्वारा विजय कुमार माहेश्वरी (चितलांगिया) को पुरस्कृत किया गया। सदस्यों ने आगामी चौपाल में चर्चा के लिए कई अन्य विषय का भी सुझाव दिया। धन्यवाद ज्ञापन श्रीप्रकाश साबू ने दिया।

# चैंबर के उम्मीदवार 27 से भरेंगे नामांकन पर्चा 2 सितंबर को शाम चार बजे तक नाम वापसी



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स का चुनाव 10 और 11 सितंबर को होगा। वहीं, उम्मीदवार 27 से लेकर 30 अगस्त तक नामाकंन पर्चा भरेंगे। 30 अगस्त को शाम चार बजे उम्मीदवारों के नामाकंन पर्चों की जांच की जायेगी। जिसके बाद लिस्ट जारी की जायेगी। वहीं, 1 और 2 सितंबर को उम्मीदवार नाम वापस ले सकते है। दो सितंबर को नाम वापस शाम चार बजे तक ली जा सकती है। इसी दिन देर शाम तक फाइनल लिस्ट जारी की जायेगी। इस संबध में जानकारी चैंबर चुनाव कमेटी के चेयरमैन ललित केडिया और को चेयरमैन पवन शर्मा ने दिया। ललित केडिया ने बताया कि हर साल चुनाव एक दिन ही कराया जाता था। लेकिन इस बार दो दिन कराया जा रहा है। ताकि सदस्यों को सुविधा हो। वहीं, सदस्यों को चुनाव की जानकारी और सदस्यता रिन्यूअल की जानकारी ऑनलाइन माध्यमों से दे दी गयी है। जिसमें ईमेल आइडी आदि शामिल है। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही चैंबर में आचार संहिता लागू की गयी है। चुनाव से पहले आमसभा का आयोजन 10 सितंबर को किया जायेगा। जो दोपहर दो बजे तक खत्म होगा। दो बजे के बाद से शाम सात बजे तक सदस्य इस दिन मतदान कर सकते हैं। वहीं, 11 सितंबर को सुबह नौ बजे से शाम सात बजे तक मतदान का समय तय किया गया है। हालांकि चुनाव कमेटी इस पर विचार कर सकती है। चुनाव चैंबर भवन में ही आयोजित किया जायेगा। जानकारी हो कि वर्तमान चैंबर कार्यकारिणी सदस्यों के बीच चैंबर चुनाव जल्द कराने का मत रहा। ऐसे में चुनाव की तारीख घोषित की गयी।

श्री श्याम मंदिर में एकादशी उत्सव संकीर्तन का हुआ आयोजन

# साईं काल मंदिर का पट खोलते ही दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा निर्मित व संचालित हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में सोमवार को जया/अजा एकादशी उत्सव संकीर्तन का आयोजन विविध कार्यक्रमों के साथ संपन्न हुआ। प्रातः 5:00 बजे मंदिर खुलते ही भक्तों के आने की संख्या बढ़ने लगी। 5:30 बजे मंगल आरती 8:30 बजे श्रृंगार आरती व 12:15 बजे भोग शंख आरती के बाद विश्राम के लिए पट बंद कर दिए गए। श्री श्याम मित्र मंडल के प्रथम महामंत्री श्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि एकादशी के अवसर पर कोलकाता से रजनी, लाल गुलाब, गेंदा, जूही, कमल, मोती, मुर्गुण, तुलसी दल, के सुगंधित फूलों की मोटी मोटी मालाओं से खाटू नरेश का भव्य श्रृंगार किया गया। मंडल के मंत्री श्री श्याम सुंदर शर्मा के सानिध्य में मंदिर के आचार्य ने केसरिया वस्त्र के साथ श्रृंगार कर सुगंधित इत्र से बाबा का मसाज किया गया। साईं काल मंदिर के दर्शन पूजन के लिए पट खोल दिए गए। रात्रि 9:30 बजे एकादशी कीर्तन प्रारंभ हुआ, इसके पूर्व अरुण बुधिया, रजनी बुधिया ने परिवार संघ सांवले सरकार की पावन अखंड ज्योति प्रज्ज्वलित करके पेड़ा, केसरिया दूध, सेवफल, काजू, किसमिस, मेवा व मगही पान का भोग बाबा को अर्पित किया। राम प्रवेश कुमार ने श्रृंगार सेवा व अन्नपूर्णा स्वाति सरावगी ने रबड़ी प्रसाद सेवा निवेदित की। मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी के सानिध्य में भजन संकीर्तन सर्व श्रवण ढानढनिया, मनोहर केडिया, अनुज मोदी, गौरव अग्रवाल मोनू, श्याम सुंदर शर्मा, सलज अग्रवाल सोनू, साकेत ढानढनिया, पवन शर्मा, मदन सोनी, ने दरबार में भजनों का गायन किया। सर्वश्री विश्वनाथ नारसरिया, पवन गोयंका, राजीव मित्तल, अनिल नारनौली, आशीष डालमिया, दिनेश अग्रवाल, विकास मोदी, निखिल नारनोली, किशन शर्मा, रोशन खेमका, रौनक पोद्दार, आदि का आयोजन में विशेष सहयोग रहा। देर रात महाआरती तथा प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

### आज श्री सुंदरकांड पाठ

श्री श्याम मित्र मंडल की स्वर्ण जयंती वर्ष के उपलक्ष्य ने मंगलवार को हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में 14 श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा का संगीतमय पाठ साईं 4:30 बजे से होगा । यह जानकारी मंडल के मंत्री श्री गौरव अग्रवाल मोनू ने दी

वेटनरी कॉलेज में राष्ट्रीय गोकुल मिशन अधीन 30 दिवसीय मैत्री प्रशिक्षण का हुआ समापन

# कृत्रिम गभार्धान में अनुभव व सटीकता जरूरी : डॉ. सुशील



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के वेटनरी कॉलेज में राष्ट्रीय गोकुल मिशन योजना अधीन तीसरा तीस दिवसीय मैत्री प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन सोमवार को हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि डीन वेटनरी डॉ. सुशील प्रसाद ने कहा कि सभी प्रशिक्षानार्थी को ग्रामीण स्तर पर दक्ष कृत्रिम गभार्धान कार्यकर्ता के रूप में कार्य करना है। प्रशिक्षण के उपरांत सभी प्रशिक्षानार्थी को 60 दिनों तक जिले के आवंटित कृत्रिम गभार्धान केंद्र में व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। प्रदेश में पशु नस्ल सुधार के उद्देश्य से ही ग्रामीण स्तर पर पशुओं के कृत्रिम गभार्धान को बढ़ावा देना। इसके लिए सभी प्रतिभागियों को कृत्रिम गभार्धान में ज्यादा से ज्यादा ज्ञान व अनुभव तथा कार्य में सटीकता का होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को कृत्रिम गभार्धान तकनीक के अलावा पशु प्रबंधन तकनीकी का भी जानकारी दी गई है। आपने जो भी सीखी हैं, इससे गव्य विकास को बढ़ावा देने का प्रयास करें। अपने ज्ञान को स्थानीय गो-पालक से साझा करे। पशु चिकित्सक के परामर्श से कम खर्च पर आसानी से कृत्रिम गभार्धान द्वारा पशु नस्ल सुधार कार्यक्रम को मजबुती प्रदान करें। को आगे बढ़ाये। इस अवसर पर डीन वेटनरी द्वारा सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र एवं ट्रेनिंग किट प्रदान किया गया। प्रशिक्षण समन्वयक डॉ एके पांडे ने कहा कि इस रोजगारपरक राष्ट्रीय गोकुल मिशन अभियान से प्रशिक्षाणार्थियों तथा स्थानीय पशुपालकों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी। कार्यक्रम में चतरा, धनबाद, साहेबगंज, गिरिडीह, हजारीबाग, रांची, गढ़वा, पश्चिमी सिंहभूम, दुमका एवं जामताड़ा के कुल 34 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतिभागियों को अब सबंधित जिलों में स्थित कृत्रिम गभार्धान केन्द्रों में दो महीने की ट्रेनिंग मिलेगी। प्रतिभागियों की कार्य दक्षता एवं उपलब्धि पर मानदेय और आमदनी निर्भर होगी। कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय गोकुल मिशन योजना के अधीन झारखण्ड स्टेट इम्प्लीमेंट एजेंसी फॉर कैटल एंड बुफैलो डेवलपमेंट के सौजन्य किया जा रहा है। मंगलवार से चौथा मैत्री प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ होगा, जिसमें प्रदेश के विभिन्न जिलों के करीब 75 ग्रामीण युवक भाग लेंगे।

> ■ पशु चिकित्सक के परामर्श से कम खर्च पर आसानी से कृत्रिम गभार्धान द्वारा पशु नस्ल सुधार कार्यक्रम को मजबुती प्रदान करें।

## जीवन रक्षक दवाओं को जीएसटी मुक्त करने की मांग को लेकर रैली

**रांची।** मेडिकल सेल्स रिप्रजेंटेटिव्स की ओर से सोमवार को रैली निकाली गयी। जो शहीद चौक से होते हुए जिला मुख्यालय तक गयी। रैली की जानकारी देते हुए बिहार झारखंड सेल्स रिप्रजेंटेटिव्स यूनियन के सचिव सुमित गुप्ता ने कहा कि रैली का आयोजन मुख्य रूप से जीवन रक्षक दवाओं और चिकित्सीय उपकरणों के दाम कम करने और इन्हें जीएसटी मुक्त करने की मांग के लिए निकाली गयी है। मेडिकल सुविधाओं को केंद्र सरकार को जीएसटी मुक्त करना होगा। अगर सरकार ऐसा नहीं करती है तो एक बड़ी आबादी इससे प्रभावित होगी। गुप्ता ने बताया कि दवा मूल्य नियंत्रण अधिनियम के तहत दवा के मूल्यों पर नियंत्रण लगाना चाहिए। पिछले कुछ दिनों में इसकी अवहेलना करते हुए दवाओं की कीमतों को थोक मूल्य सूचकांक से जोड़कर दाम बढ़ाया गया है।

# सरला बिरला पब्लिक स्कूल में स्थानीय लोगों के लिए स्किल हब कोर्स का किया गया शुभारम्भ



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची में केंद्र सरकार एवं सीबीएसई की महत्वाकांक्षी योजना स्किल हब की शुरूआत की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में दीपक कुमार, डीएसपी, रांची उपस्थित थे। उद्घाटन के मौके पर 'ट्रेडिशनल हैंड एम्ब्रोयड्री' कोर्स के लिए नामांकित उपस्थित स्थानीय लोगों के बीच विद्यालय की ओर से 'एम्ब्रोयड्री किट' प्रदान किया गया, ताकि स्थानीय लोग प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने जीवन स्तर को ऊंचा उठा सकें। साथ ही समाज में सम्मानजनक स्तर प्राप्त कर सकें। मुख्य अतिथि दीपक कुमार ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि सरला बिरला स्कूल ने स्थानीय लोगों के लिए इस कार्यक्रम की शुरूआत कर प्रशंसनीय कार्य किया है, जिससे वे अपनी आर्थिक स्थिति सुधार कर जीवन स्तर को ऊंचा उठा सकेंगे। विद्यालय के कार्मिक व प्रशासनिक प्रमुख डॉ० प्रदीप वर्मा ने कहा कि विद्यालय के इस प्रयास से स्थानीय लोग एम्ब्रोयड्री जैसी विधा में प्रशिक्षण प्राप्त कर आत्मनिर्भर बन सकेंगे। प्राचार्या परमजीत कौर ने कहा कि विद्यालय यह जिम्मेदारी उठाकर अपने को गौरवान्वित महसूस कर रहा है। विद्यालय स्थानीय लोगों को प्रशिक्षण देकर समाज में सम्मानजनक स्तर प्राप्त करने में हमेशा प्रयासरत रहेगा।

## न्यूज गैलरी

### सहायक अध्यापकों ने आयोजित किया श्रद्धांजलि सभा



**सिमडेगा।** सहायक अध्यापकों ने अपने आदर्श शहीद मुनेश्वर सिंह को जिले के सभी प्रखंडों में सभा आयोजित कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। इधर सबसे पहले शहीद मुनेश्वर सिंह के सुपुत्र राजकिशोर सिंह,जिला महासचिव फिरनाथ बड़ाईक एवं जिलाध्यक्ष एहतेशामुल हक ने मुनेश्वर सिंह के तस्वीर पर माल्यार्पण के बाद पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया। तत्पश्चात सभा में मौजूद सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया। कोलेबिरा प्रखंड के बीआरसी प्रांगण में आयोजित सभा में जिला कमिटि के सदस्य भी शामिल हुए। श्रद्धांजलि सभा के पश्चात महासचिव फिरनाथ बड़ाईक ने अध्यापकों को संबोधित किया। सभा का संचालन प्रखंड अध्यक्ष हरीश प्रधान ने किया। मौके पर मदन नायक, सुबोध किड़ो, स्यामू नायक, लालधर सिंह, धनेश्वर सिंह, लिलांबर सिंह, विनय दास सहित काफी संख्या में शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

### विभिन्न समस्याओं को लेकर जिप सदस्य एवं प्रमुख ने की बैठक



**बानो।** प्रखण्ड के बड़काडुईल के कोनाप में सोमवार को विभिन्न समस्याओं को लेकर जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों की बैठक हुई। बैठक में जिला परिषद बिरजो कंडुलना ने कहा गाँव के विकास के लिए सरकार कई योजना चला रही है। मौके पर प्रमुख सुधीर डांग ने कहा हमारी जीत गांव के विकास को लेकर हुई है। गांव की समस्या खुलकर जनप्रतिनिधियों व सरकारी कर्मचारियों के पास रखें जो भी मांग रखेंगे, लिखित रूप में दे गाँव के विकास में ग्रामीणों की एकजुटता जरूरी है। पंचायत में आयोजित ग्राम सभा में भाग ले। इसके अतिरिक्त स्कूल की मरम्मत ,पेयजल आदि समस्या ग्रामीणों ने रखा। मौके पर मुखिया अनिल लुगुन, महेश सिंह, हलन हेमरोम, बिनोद मुंडा,रेजन लुगुन ,कृष्णा सिंह ,याकूब लुगुन, सरितालुगुन, मनसुख तोपनो आदि लोग उपस्थित थे।

### पूर्व विधायक ने किया बंशीधर लाइन होटल का उद्घाटन

**श्री बंशीधर नगर।** नगर उंटारी विंढमगंज मुख्य मार्ग बभनी गांव में बंशीधर लाईन होटल का शुभारंभ पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव, गढ़वा जिला बीस सूत्री के उपाध्यक्ष नितेश सिंह एवं झामुमो युवा नेता ताहिर अंसारी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव ने कहा कि बंशीधर लाइन होटल खुल जाने से आने जाने वाले यात्रियों व यहां के लोगों को खाने के लिए खाना आसानी उपलब्ध होगा। उन्होंने कहा कि छोटे से शहर में होटल होना काफी सराहनीय योगदान है।ऐसे में होटल संचालक पंकज सिंह को बधाई के पात्र हैं। 20 सूत्री जिला उपाध्यक्ष नितेश सिंह ने कहा कि अब यहां के लोगों को स्वादिष्ट भोजन मिलेगा। होटल संचालक पंकज सिंह ने कहा कि मेरे होटल में विभिन्न प्रकार के लजीज व्यंजन तैयार किया जाता है। उन्होंने खाने के शौकीन एवं लजीज खाने वाले लोगों से एक बार बंशीधर लाइन होटल आने एवं सेवा का लाभ देने का अपील किया है। मौके पर झामुमो नेता मुक्तेश्वर पांडेय, अमरनाथ पांडेय, प्रदीप सिंह, संतोष पांडेय, प्रियम सिंह, बंशीधर लाईन होटल के प्रोपराईटर पंकज सिंह समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

### लूटपाट करने वाले अपराधी गिरफ्तार

**रांची।** पुलिस ने खलारी के बाजारटांड़ स्थित दुकान में घुसकर दुकान के साथ लूटपाट करने वाले एक अपराधी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार अपराधी का नाम गौतम यादव उर्फ गोल्डन यादव है और वह मैक्लुस्कीगंज थाना क्षेत्र का रहने वाला है। गिरफ्तार आरोपी गोल्डन पीएलएफआई का सक्रिय सदस्य भी है और वह कई मामले में जेल भी जा चुका है। आरोपी गोल्डन के खिलाफ मैक्लुस्कीगंज, चान्हो, अनगड़ा, और खलारी थाने में आर्मस एक्ट, रंगदारी व हत्या के कई मामले दर्ज हैं। पूरे मामले का खुलासा करते हुए ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने बताया कि बीते 21 अगस्त को अजय केसरी अपनी दुकान में बैठे थे। इसी दौरान बाइक पर सवार गोल्डन व लखन यादव उनकी प्रतिष्ठान में पहुंचे। उनसे रंगदारी की मांग की। इंकार करने पर उनके साथ मारपीट करते हुए दुकान में रखे तीन हजार रुपए लूट कर ले गए। मामले की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पुलिस पहुंची। आरोपी की जानकारी लेने के बाद पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को उसके घर से गिरफ्तार कर ली।

### हथियार के साथ एक गिरफ्तार

**रांची।** हिंदपीढ़ी थाने की पुलिस ने हथियार के साथ गिरफ्तार एक अपराधी को सोमवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। जेल जाने वाले आरोपी का नाम मो शादाब है और वह पुरानी रांची के नूर नगर का रहने वाला है। बताया जा रहा है कि बीते रविवार की रात आरोपी शादाब अपने एक साथ मो काला आसिफ के साथ हथियार लेकर हिंदपीढ़ी मोती मस्जिद इलाके में घूम रहा था। इसकी जानकारी हिंदपीढ़ी पुलिस को मिली। पुलिस की टीम ने छापेमारी कर शादाब को धर दबोचा। वहीं काला आसिफ मौके से भाग निकला। तलाशी के दौरान पुलिस ने आरोपी शादाब के पास से एक देसी कट्टा के अलावा तीन गोली बरामद की है। पूछताछ में आरोपी शादाब ने पुलिस को बताया कि वह हिंदपीढ़ी इलाके में लूटपाट के मकसद से घूम रहा था। पूछताछ में आरोपी ने हथियार के विक्रेता का भी पुलिस का नाम बताया है। इधर, पुलिस फरार आरोपी काला आसिफ की तलाश में जुट गयी है।

### रातू में मुखिया समन्वय समिति गठित

**रातू।** प्रखंड के तिलता स्थित सोडा फाउंटेन में सोमवार को प्रखंड के 20 मुखियाओ की बैठक आयोजित की गई। लहना पंचायत के मुखिया मेरी भगत की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में रातू प्रखंड मुखिया समन्व समिति का गठन किया गया। इसमें सर्वसमिति से तिगरा पंचायत के मुखिया सुखदेव उरांव को अध्यक्ष व हुरहुरी मुखिया कमल खलखो को सचिव चुन लिया गया। इसके अलावा पुरियों मुखिया ज्योति भगत को कोषाध्यक्ष व चटकपुर मुखिया बिक्की लोहरा को मीडिया प्रभारी बनाया गया है। समन्व समिति के कार्यकारिणी सदस्यो का चयन 23 सितबंर को किया जायेगा। कार्यक्रम का संचालन ज्योति भगत ने किया। कार्यक्रम में सभी पंचायतो के मुखिया उपस्थित थे।

---

## सूखा राहत व स्वास्थ्य संबंधी विषयों को लेकर प्रेस वार्ता आयोजित, बोले डीसी

# जिले में वर्षापात का प्रतिशत सामान्य से भी कम



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** डीसी रमेश घोलप की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में सुखाड़ को लेकर सूखा राहत एवं स्वास्थ्य संबंधी विषयों पर प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। उक्त बैठक में अपर समाहर्ता पंकज कुमार सिंह, सिविल सर्जन डॉ कमलेश कुमार, जिला कृषि पदाधिकारी रामाश्रय राम, एनआईसी पदाधिकारी दिनेश कुमार रजक तथा प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधिगण उपस्थित थें। कृषि विभाग अंतर्गत सूखा राहत राशि के विषय के बारे में चर्चा करते हुए उपायुक्त श्री घोलप द्वारा वर्तमान वर्षा ऋतु के दौरान जिले में हुए कम बारिश एवं फसलों के रोपाई तथा जिले में बीज की उपलब्धता आदि के बारे में बताया गया। पिछले वर्षों में हुए वर्षा की तुलना में वर्तमान वषार्पात प्रतिवेदन बताते हुए कहा कि गढ़वा जिले में वषार्पात का प्रतिशत सामान्य से भी कम रहा है। खरीफ फसलों के आच्छादन प्रतिवेदन के तहत अभी तक जिले में 5. 22% ही धान की रोपाई हो पाई है, जबकि जबकि मक्के की रोपाई 71.93% ही हो पाई है। दलहन एवं तिलहन फसलों के बीज की उपलब्धता की जानकारी दी गई।

### झारखंड राज्य फसल राहत योजना के संबंध में दी गयी विशेष जानकारी

सूखे से राहत पाने हेतु उपायुक्त श्री घोलप द्वारा बताया गया कि झारखंड राज्य फसल राहत योजना के तहत 30 प्रतिशत से 50 प्रतिशत तक हुए नुकसान के लिए 3000 प्रति एकड़ की दर से कुल 5 एकड़ के लिए राहत राशि प्रदान की जाएगी जबकि 50 प्रतिशत से अधिक सुखाड़ की स्थिति होने पर 4000 प्रति एकड़ की दर से कुल 5 एकड़ तक के लिए राहत राशि उपलब्ध कराई जाएगी। बैठक के दौरान बताया गया कि इस योजना का लाभ लेने हेतु एक किसान को संबंधित पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य होगा। जिला अंतर्गत अभी तक कुल 122746 किसानों का रजिस्ट्रेशन हो चुका है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत कुल 250942 किसानों का लक्ष्य रखा गया है जिसमें 152608 लोगों ने अपना लैंड पोजिशनिंग से संबंधित रिकॉर्ड पोर्टल पर अपलोड कर दिया है जिसकी प्रतिशत 60.81 प्रतिशत है। इस योजना के लाभ लेने से संबंधित किसानों का ई-केवाईसी जिले में 52 प्रतिशत तक हो चुकी है। उपायुक्त श्री घोलप द्वारा बताया गया कि योजना का लाभ लेने के लिए जब तक लैंड रिकॉर्ड पोर्टल पर किसानों के द्वारा अपलोड नहीं किया जाएगा तब तक उनकी अगली किस्त का भुगतान नहीं किया जाएगा। इसके पश्चात स्वास्थ्य संबंधी प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान उपायुक्त श्री घोलप द्वारा बताया गया कि क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट 2010 के तहत अब तक किए गए कार्यवाही के पश्चात जिले के पंजीकृत अस्पतालों में सुधार आई है। उन्होंने बताया कि जिले में आए दिन विभिन्न स्रोतों से सूचना के आलोक में अयोग्य व्यक्ति द्वारा चिकित्सकीय कार्य एवं क्लीनिक का संचालन करने वाले संस्थानों एवं चिकित्सकों पर अंकुश लगाने का कार्य किया गया है तथा आम जनता को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के उदेश्य से स्वास्थ्य विभाग के अस्पताल पर औचक निरीक्षण का कार्य किया गया है।

## सहायक अध्यापकों ने शहीद मुनेश्वर सिंह का मनाया शहादत दिवस



**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** नगर पंचायत क्षेत्र के रक्सा ग्राम स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय के प्रांगण में सहायक अध्यापकों ने शहीद मुनेश्वर सिंह का शहादत दिवस मनाया। शहादत दिवस का शुभारंभ सहायक अध्यापक शहीद मुनेश्वर सिंह के तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर सहायक अध्यापक संघ के प्रखण्ड अध्यक्ष भूपेन्द्र प्रताप देव ने कहा कि साथी मुनेश्वर सिंह ने सहायक अध्यापकों की मांगों को लेकर चल रहे आंदोलन में सहायक अध्यापकों के हितों की रक्षा के लिये अपनी शहादत दिया। उनके शहादत को राज्य के अध्यापक कभी भूल नही सकते। उन्होंने कहा कि उनकी शहादत को हम सब बेकार नही होने देंगे। उन्होंने कहा कि हम अपनी चट्टानी एकता के बल अपने हक व अधिकार के लिए लड़ते रहेंगे.वे हम सबो के प्रेरणास्त्रोत है। मौके पर प्रखण्ड सचिव हृदया प्रसाद गुप्ता, अलीम अंसारी, आशीष कुमार, नकछेदी महतो, इसरार अंसारी, विनोद महतो, सत्यदेव कुमार, अनूप विश्वकर्मा, ज्ञान प्रकाश, अरविंद कुमार ठाकुर, आबिद हुसैन, प्रयाग जी,बैजनाथ उराँव, जाहिद हुसैन,भीम सिंह, सुरेंद्र कुमार, अजय नायक,लखन पाल, कृष्णानंद प्रसाद सहित बड़ी संख्या में प्रखण्ड के सहायक अध्यापक उपस्थित थे।

## ओके झारखंड के महासचिव एवं टाटा स्टील के अधिकारियों ने किया निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर सिमडेगा में हॉकी झारखंड जमशेदपुर टाटा स्टील जिला प्रशासन सिमडेगा और हॉकी सिमडेगा के द्वारा 27 से 29 अगस्त तक आयोजित पांचवी सीनियर झारखंड राज्य स्तरीय महिला एवं पुरुष हॉकी चैंपियनशिप 2022 के तैयारियों का जायजा लेने के लिए हॉकी झारखंड के महासचिव विजय शंकर सिंह और टाटा स्टील के अधिकारी शिखर सेन, नवल टाटा हॉकी अकादमी, जमशेदपुर के सहायक खेल प्रशासक चंद्रयानी मजूमदार सोमवार को सिमडेगा पहुंचे। तीनों ही अधिकारियों का हॉकी सिमडेगा के कार्यालय में अध्यक्ष मनोज कोनबेगी और पैक्रासियुस टोप्पो ने उन्हें बुके देकर स्वागत किया ।उसके उपरांत सभी कोई मुख्य आयोजन स्थल एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम पहुंचे और खेल स्थल, सहित भोजन स्थल इत्यादि जगहों का भ्रमण किए। हॉकी सिमडेगा के अध्यक्ष ने आयोजन की तैयारियों की पूरी जानकारी से उन्हें अवगत कराया। तत्पश्चात हॉकी झारखंड के महासचिव विजय शंकर सिंह सिमडेगा जिला की उपायुक्त आर रोनिता से मिलकर इस प्रतियोगिता में कितनी टीम और कितने खिलाड़ी भाग लेंगे सहित प्रतियोगिता से संबंधित सारी जानकारी दी। उपायुक्त ने उन्हें आश्वस्त की जिला प्रशासन का पूरा सहयोग रहेगा, आप लोग निश्चित रहे। सिमडेगा में किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं होगी।

## सात दिन बाद भी बरामद नहीं हुआ मृतक का शव

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** हरमू नदी स्थित बस्ती के रहने वाले मंटू स्वांसी का सात दिन बाद भी पुलिस शव बरामद नहीं कर सकी है। मंटू की हत्या बीते 14 अगस्त को की गई थी। हालांकि अरगोड़ा पुलिस ने मंटू के हत्या के आरोपी में उसके कातिल को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भी भेज दिया है। गिरफ्तार कातिल का नाम सोनू तिर्की है और वह हरमू नदी पार बस्ती का रहने वाला है। पुलिस ने आरोपी के पास से ब्लूटूथ के अलावा उसका चार्जर भी बरामद कर लिया है। जेल भेजने से पहले हुई पूछताछ में आरोपी ने पुलिस के समक्ष मंटू की हत्या करने की बात स्वीकार भी की है। उसने पुलिस को यह जानकारी दी है कि ब्लूटूथ को लेकर हुए विवाद में उसने मंटू का कत्ल कर उसका शव हरमू नदी में फेक दिया था। घटना की जानकारी मिलने के बाद अरगोड़ा पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। नदी में शव की तलाश भी की। मगर पुलिस को मंटू का शव नदी से नहीं मिला। पुलिस का कहना है कि शव की तलाश करने के लिए आसपास इलाके में भी संपर्क किया गया है।

### इंकार करने पर जबरन छीना ब्लूटूथ, फिर की हत्या

पुलिस के अनुसार बीते 14 अगस्त को मंटू स्वांसी ब्लूटूथ खरीद कर हरमू पुलिया के पास गया था। वहां पर मौजूद कातिल सोनू ने उससे गाना सुनने के लिए ब्लूटूथ मांगा। लेकिन मंटू ने ब्लूटूथ देने से इंकार कर दिया। इसके बाद दोनों के बीच बकझक और गाली-गलौज होने लगा। इसी दौरान आरोपी सोनू ने उससे ब्लूटूथ छीन लिया और कहा कि नहीं देंगे। इसका विरोध करने पर आरोपी सोनू ने मंटू की हत्या कर दी। उसका शव नदी में फेंक दिया। इसके बाद वह मौके से भाग निकला।

### एक हजार में खरीदा था ब्लूटूथ

हरमू नदी पार बस्ती की रहने वाली तेजमनी देवी ने पुत्र मंटू की हत्या होने की आशंका जताते हुए अरगोड़ा थाने में 18 अगस्त को प्राथमिकी दर्ज करायी थी। तेजमनी ने पुलिस को बताया कि 14 अगस्त को मंटू ने ब्लूटूथ खरीदने के लिए उनसे एक हजार रुपए लिया था। इसके बाद से वह घर नहीं लौटा।

दर्ज प्राथमिकी के आधार पर पुलिस मामले की जांच की। पता चला कि ब्लूटूथ खरीदने के बाद मंटू ने अपने एक दोस्त के घर उसे चार्ज किया। चार्ज होने के बाद शाम में वह ब्लूटूथ लेकर घर लौट रहा था। इसी दौरान उसकी हत्या की गई।

## फरार कोयला तस्करी के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बालूमाथ (लातेहार)।** बालूमाथ पुलिस ने अवैध कोयला तस्करी के फरार अभियुक्त मासियातु निवासी मो.जाहिद, पिता-साबिर मियां उर्फ टेमा को गिरफ्तार कर लातेहार जेल भेज दिया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए बालूमाथ थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद ने बताया कि पिछले 13 मार्च को अवैध कोयला के तस्करी में उक्त व्यक्ति अभियुक्त है। जिसका थाना में कांड संख्या 44/ 22 है। गिरफ्तार अभियुक्त 6 माह से फरार चल रहा था । एसआई कुबेर साव के नेतृत्व में टीम गठित कर उक्त अभियुक्त को चतरा जिला के प्रतापपुर थाना अंतर्गत ग्राम चंदरी कला से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तारी के बाद न्यायालय में प्रस्तुत कर जेल भेजने की कारवाई किया जा रहा है।

## सिंदुवारी ठाकुर द्वारा नव दिवसीय श्रीराम चरितमानस पाठ का आयोजन



**मयूरहंड(चतरा)।** मयूरहंड प्रखंड के सिंदुवारी ठाकुर द्वारा में सोमवार को नव दिवसीय श्रीराम चरितमान पाठ का शुभारंभ हुआ। श्रीराम चरितमानस पाठ अयोध्या से आए हरीनारायण दास महराज द्वारा की जा रही है। वहीं पाठ श्रवण को लेकर दूर दूर से लोग पहुंच रहे हैं। पाठ मंगलवार 30 अगस्त को कन्या पूजन व भंडारे के साथ सम्पन्न होगी। ज्ञात हो कि सिंदुवारी ठाकुर द्वारा मठ में लगभग दर्जनों मठाधीशों का समाधि स्थल है और लगभग छः सौ वर्ष पुराना है। ठाकुर द्वारा का अपना लगभग चैबीस एकड़ खेती योग्य भूमि भी है। मंदिर संचालन हेतू समिति गठित की गई है जिसके देखरेख में पूजा अर्चना व अन्य व्यवस्था हो रही है।

## शंख नदी पुलिस पिकेट के समीप चलाया गया वाहन जांच अभियान



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** शंख नदी पुलिस पिकेट के समीप ट्रैफिक इंचार्ज संतोष कुमार यादव के नेतृत्व में चलाया गया वाहन जांच अभियान। एसपी के निर्देश पर चले वाहन जांच अभियान में मोटरसाइकिल एवं चौपहिया वाहन की जांच की गई। इस क्रम में दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट लगाकर और चौपहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाकर हीं वाहन चलाने की बात कही गई। चौपहिया एवं दोपहिया वाहनों की डिक्की जांच करते हुए कागजात की भी जांच की गई। मौके पर ट्रैफिक इंचार्ज संतोष कुमार यादव ने कहा कि क्षेत्र के लोगों को भयमुक्त वातावरण देने, आपराधिक गतिविधियों पर लगाम लगाने और यातायात नियम का पालन करने के लिए वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वाहन का कागजात अपने साथ रखें और पुलिस को सहयोग करें। वाहन चलाते समय यातायात नियम का पालन करें खुद के साथ परिवार को सुरक्षित रखें। मौके पर पुलिस अधिकारी व जिला बल के जवान तैनात थे।

## श्री राणी सती दादी जी का 43 वां भादो महोत्सव 26 को, तैयारियों को लेकर सदस्यों ने की बैठक



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा** । 26 अगस्त को श्री राणी सती दादी जी का 43 वां भादो अमावस्या महोत्सव के भव्य कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर निमार्णाधीन श्री राणी सती दादी मंदिर परिसर पर मारवाड़ी समाज के लोगों ने बैठक किया। बताया गया कि 26 अगस्त 2022 को भादो अमावस्या के पूर्व संध्या चौदस को दादी जी का भव्य अलौकिक श्रृंगार के साथ-साथ बाहर से आए भजन मंडली के द्वारा भजन- जागरण करने एवं सवामणी प्रसाद का भोग लगाया जाएगा। दोपहर 2:00 बजे से समाज की महिलाओं के द्वारा मंगला पाठ एवं संध्या 6:00 बजे से समाज के मेधावी छात्रों को पुरस्कृत किया जाएगा। संध्या 7:00 बजे से झारखंड के प्रसिद्ध भजन गायक अकाश वर्मा एवं रीना के द्वारा अपने सहपाठियों के साथ भजन जागरण की जाएगी एवं रात्रि 7:30 बजे से सवामणी का प्रसाद रात्रि 11:30 बजे आरती के एवं प्रसाद वितरण के उपरांत समापन की जाएगी। भादो अमावस्या के कार्यक्रम पर झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के नवनिर्वाचित प्रांतीय अध्यक्ष बसंत मित्तल जी के साथ-साथ कई अधिकारी भी उपस्थित होंगे। जिनका की समाज की ओर से अभिवादन कर सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने श्री राणी सती मंडल, मारवाड़ी सम्मेलन लोहरदगा, मारवाड़ी युवा मंच,दादी सेवक, अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन लोहरदगा, मारवाड़ी महिला एकता शाखा के सभी लोग लगे हुए हैं। बैठक में दीपक सर्राफ, जय प्रकाश शर्मा, विमल बंका, अवधेश मित्तल,अमर पोद्दार, निशांत सर्राफ,विक्की पोद्दार, रुपेश चौधरी, आशीष पोद्दार आदि मौजूद थे।

## हासनदाग गांव पहुंचा भाजपा जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल, कहा

# हत्यारे को गिरफ्तार कर कार्रवाई करें प्रशासन



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** गढ़वा भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल मेराल के हासनदाग गांव पहुंचा। विगत कुछ दिनों पहले हासनदाग में नथुनी चौधरी का संदेहास्पद मौत हो गया था। भाजपा का प्रतिनिधी मंडल मृतक के परिजनों से मिला। ग्रामीणों ने भाजपा नेताओं के सामने अपनी अपनी व्यथा भी सुनाई। मौके पर मुख्य रूप से पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी, जिला महामंत्री संतोष दुबे, जिला उपाध्यक्ष संजय भगत, जिला कार्यसमिति सदस्य कृष्णा कुशवाहा, जिला मीडिया प्रभारी विवेकानंद तिवारी, मंडल अध्यक्ष उदय कुशवाहा, मंडल अध्यक्ष मनोज जयसवाल, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष रितेश चौबे, उमेश कश्यप कुमार, कनिष्ठ लाला पासवान के साथ पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली । जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश केसरी ने प्रेस को संबोधित करते हुए कहा कि जिस तरह से मौत होने की जानकारी मिली है इससे यह साबित होता है कि निश्चित रूप से नथुनी चौधरी का हत्या हुआ है । इस मामले में प्रशासन द्वारा चार लोग को गिरफ्तार भी किया गया था लेकिन रात में उनलोगो को छोड़ दिया गया। आखिर किसके इशारे पर लोगों को छोड़ा गया। प्रशासन अविलंब हत्यारे को गिरफ्तार कर कार्रवाई करे। इस घटना में सत्ता की सहभागिता उजागर हो रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा के रघुवर दास सरकार में इस तरह का अपराध करने से पहले अपराधियों को सोचना पड़ता था । लेकिन झामुमो सरकार में खुलेआम गुंडाराज चल रहा है सरकार में बैठे मंत्री विधायक का अपराधियों को संरक्षण प्राप्त हैं । अपराधी जो भी लोग हैं वे खुलेआम घुम रहे हैं और कानुन व्यवस्था को खुली चुनौती दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि गढ़वा जिला में अपराधियों का राज कायम हो गया है । जिले के अंदर हर दिन घटना आम बात हो चुकी है जनता सुरक्षित नहीं है जिस तरह से निर्दोष व्यवसायी राहगीरों को खुलेआम दौड़ा दौड़ा कर प्रशासन द्वारा लाठी डंडे से पीटा गया है। और जिस तरह से निर्दोष ग्रामीणों को फर्जी धारा लगाकर मुकदमा दायर कर जेल भेजा गया। इससे यह साबित होता है कि इस काम के लिए सत्ता में बैठे लोगों ने प्रशासन का सहारा लिया। उन्होंने कहा कि गढ़वा जिला में बाहर से आ कर जनप्रतिनिधि अतिक्रमण कर गुण्डाराज चलाना चाहते हैं । लेकिन गढ़वा जिला की जनता ऐसे लोगों की पहचान कर चुकी है आनेवाले समय में जनता जबाव देगी। उन्होंने कहा कि झामुमो के कुछ लोग मामले को दबाने के लिए मैनेजर बन कर घुम रहे हैं सत्ता के हनक में मामले को दबाना चाहते हैं लेकिन जनता सब समझ रही है जिस तरह से निर्दोष निहत्थे ग्रामीणों व्यवसायी के ऊपर प्रशासन के लोगों ने लाठी डंडा चलाया है ऐसे लोगों को के ऊपर सरकार कारवाई करे। एवं नथुनी चौधरी के हत्यारे को गिरफ्तार करे अन्यथा अब इस लड़ाई को ग्रामीणों के साथ भाजपा लड़ेगी। और भाजपा चरणबद्ध आंदोलन शुरू करेगी। उक्त प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से जिला महामंत्री संतोष दुबे जिला मीडिया प्रभारी विवेकानंद तिवारी उपस्थित थे ।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आने से युवक का घटनास्थल पर ही हुई दर्दनाक मौत



**नवीन मेल संवाददाता**

**बालूमाथ (लातेहार)।** रविवार की देर रात बालूमाथ के बसिया पंचायत अंतर्गत बसिया डैम के समीप सड़क दुर्घटना में गेरेंजा निवासी अशीष भुईया की मृत्यु हो गयी थी। मृत्यु के पश्चात परिजन एवं आसपास के ग्रामीण आक्रोशित हो गए थे। सुबह शव के साथ परिजन एवं ग्रामीणों ने मुख्य मार्ग को जाम कर दिया था। जिससे गाड़ियों की लंबी कतार लग गई थी। जामकर्ता उचित मुआवजा की मांग कर रहे थे। मौके पर पहुंची बालूमाथ पुलिस ने मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लातेहार सदर अस्पताल भेज दिया। बालूमाथ थाना प्रभारी प्रशांत आनंद ने पीड़ित परिवार को नगद 2000 रुपए एवं बालूमाथ पंचायत समिति सदस्य राजिया सुल्ताना के ओर से 1000 रुपए का आर्थिक सहायता पीड़ित परिवार को दिया गया। सीओ आफताब आलम ने सरकारी प्रावधान के तहत पारिवारिक लाभ एवं अन्य सहायता पीड़ित परिवार को शीघ्र देने की बात कही गयी। बता दें कि मृतक के परिवारजनों में से अकेला यह युवक कमाने वाला था। परिवार जनों का रो रो कर बुरा हाल है। मौके पर बालूमाथ पंचायत समिति सदस्य, शमशाद जैदी, चेताग पंचायत समिति सदस्य पिंटू नायक, बालूमाथ मुखिया नरेश लोहरा, चेतग मुखिया नरेश उरांव, भाजपा नेता अमित कुमार,उपेन्द्र रंगीला, पिंटू साव समेत सकड़ो लोग मौजूद थे।

## न्यूज गैलरी

### अलग-अलग घटनाओं में दो की मौत



**विष्णुगढ़।** अलग-अलग घटनाओं में दो व्यक्ति की मौत हो गई। मिली जानकारी के मुताबिक करगालो के बोरागढ़ा निवासी दिलीप महतो के पुत्र सतीश कुमार महतो 18 का शव ज्ञानगढ़ा के कुआं से मिला। सतीश पिछले दो दिनों से लापता था। घरवाले सम्भावित जगहों पर तलाश भी किया पर कहि पता नहीं चल पाया। सोमवार की सुबह ज्ञानगढा में कुँवा के समीप चप्पल, मोबाइल व पेंट मिला। लोगो को संदेह हुआ। झगगर डालकर देखा गया तो शव मिला। घटना की खबर पाकर विष्णुगढ़ पुलिस शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग भेज दिया है। एक घटना प्रखंड के गोविंदपुर गांव का है। गोविंदपुद गाव के हरिलाल महतो 45 का शव तालाब में मिला। बताया गया कि वे तालाब में जानवर को धोने गया था इसी क्रम में डूबने से उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग भेज दिया है।

### बीडीओ ने बीएलओ व पर्यवेक्षकों संग की बैठक

**बरही।** बीडीओ क्रिस्टीना रिचा इंदीवर की अध्यक्षता में प्रखंड सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक हुई, जिसका संचालन बीपीआरओ सामना मांझी ने किया। बैठक में प्रखंड की सभी बीएलओ एवं पर्यवेक्षक उपस्थित थे। जिसमें मतदाता पहचान पत्र की आधार लिंकिंग की अद्यतन जानकारी ली गई। साथ ही सभी बीएलओ के द्वारा क्षेत्र में आने वाली समस्याओं की जानकारियां दी गई। बीड़ीओ ने सभी लोगों को प्राथमिकता के आधार पर प्रत्येक मतदाता के घर घर जाकर पहचान पत्र का आधार से जोड़ने की बात कही।

### शोक संतप्त परिवार से मिले कांग्रेस जिलाध्यक्ष, परिजनों को दी सांत्वना

**बरही।** सोमवार को कॉन्ग्रेस जिलाध्यक्ष अवधेश कुमार सिंह शोक संतप्त परिवार से मिलने खेरौन पहुंचे थे। ज्ञात हो कि बीते रविवार बरही प्रखंड कार्यालय प्रभारी नरेश सिंह के 93 वर्षीय पिता देवकी सिंह की हृदयाघात से मृत्यु हो गई थी। जिनका अंतिम संस्कार वाराणसी में किया गया था। जिलाध्यक्ष ने शोक संतप्त परिवार से मिलकर परिजनों को सांत्वना दी और दिवंगत की आत्मा हेतु ईश्वर से प्रार्थना किया। जिलाध्यक्ष के साथ शोक संतप्त परिवार से मिलनेवालों में जिला उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान, जिला महासचिव बिनीद कुमार यादव, कार्यकारिणी सदस्य विरेन्द्र कुमार सिंह, ओम प्रकाश झा आदि शामील रहे।

### तीन स्थायी वारंटियों को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

**बरही।** कोर्ट के निदेर्शानुसार बरही पुलिस ने सोमवार को तीन स्थाई वारंटियो को गिरफ्तार कर न्यायायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। उक्त जानकारी इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी ललित कुमार ने प्रेस बयान जारी कर दी। गिरफतार अभियुक्त मे जी नंबर 329/08 के दो स्थायी वारंटी मो ईसाक (55) व मो सलीम (59) दोनो के पिता मो अली मियां ग्राम गुड़ियो निवासी शामिल है। वही उत्पाद अधिनियम के तहत कांड संख्या 306/20 के अभियुक्त पटना रोड निवासी टिंकू केसरी (32) पिता प्रकाश प्रसाद केसरी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा चुका है।

### बंडासिंगा-जमुआ का मुख्य पथ जर्जर, मरम्मती की गुहार

**बरकट्ठा।** प्रखंड के बंडासिंगा-जमुआ जाने वाली मुख्य मार्ग जर्जर हो चुका है। सड़क पर बड़े बड़े गढ्ढ बन चुके हैं। यह मार्ग कोडरमा, गिरिडीह, चलकुशा समेत कई गांवों को जोड़ती है। सड़क पर बड़े बड़े गढ्ढ होने से राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है।राहगीर अपने बाइक से कई बार चोटिल हो चुके है लेकिन देखने वाला कोई नहीं है। इस मार्ग से प्रतिदिन छोटे बड़े हजारों वाहनों का आवागमन होता हैं। गौरतलब है भले जनप्रतिनिधि विकास का ढिंढोरा पीट रहे हों, परंतु जमीनी हकीकत कुछ और ही है। बंडासिंगा की सड़कों पर बने बड़े-बड़े गढ्ढ विकास की पोल खोल कर रख देता है। बंडासिंगा-जमुआ पथ लगभग पांच किलोमीटर लंबा है जो पूर्णतः गढ्ढों में तब्दील हो चुका है। वहीं ग्रामीण सड़क मरम्मती की गुहार लगा रहे हैं।

---

उपायुक्त की अध्यक्षता में राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक हुई सम्पन्न, कहा

# जनहित से जुड़े राजस्व के मामले महत्वपूर्ण ससमय निष्पादित लंबित कार्य करें : नैंसी

**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक सोमवार को समाहरणालय भवन सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में दाखिल खारिज, प्रमाण-पत्र, भू मापी, लगान, ई-कोर्ट, निलाम पत्र, म्यूटेशन अपील, पीजी पोर्टल, पीएम किसान, भू-हस्तांतरण,अतिक्रमण आदि विषयों पर अद्यतन समीक्षा की गई। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि जनहित से जुड़े राजस्व के मामले महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं। अतः इनके निष्पादन में त्वरित गति के साथ संवेदनशील होकर कार्य करना नितांत आवश्यक है। बैठक में उपायुक्त ने ई-रेवेन्यू वादो में विभिन्न प्रखंडों द्वारा अत्यधिक पेंडेंसी



को जल्द से जल्द डिस्पोज करने का निर्देश दिया साथ ही उन्होंने भू मापी कार्य में भी तीव्रता लाने का निर्देश दिया। दाखिल खारिज मामले की समीक्षा के क्रम में 90 दिनों से ज्यादा वक्त तक लंबित सभी आवेदनों को प्राथमिकता के आधार पर निष्पदित करने का निर्देश अंचलाधिकारीयों को दिया। उन्होनें निष्पादन करने में आ रही तकनीकी गड़बड़ियों को राज्य स्तर पर वातार्लाप कर साईट में अविलंब सुधार की बात कही। आगे उन्होंने सदर महिला थाना, कोर्रा थाना,लोहसिंघना थाना, विष्णुगढ़ में फुटबॉल स्टेडियम के प्रस्तावित नए भवन निर्माण के लिए जमीन चिन्हितीकरण कार्य की प्रगति की जानकारी सदर एवं विष्णुगढ़ सीओ से ली। वहीं विभिन्न प्रकार के प्रमाण-पत्रों के निष्पादन संबंधी समीक्षा के क्रम में उन्होंने कहा कि आवेदनों के लंबित रहने से आवेदकों को परेशानीयो का सामना करना पड़ता है इसलिए समय-सीमा के अंदर मामलों को निष्पादित करें।

बैठक में पीएम किसान योजना की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने कहा कि राज्य सरकार एवं भारत सरकार द्वारा पीएम किसान के मामलों को गंभीरता से लिया जा रहा है। इस बाबत लंबित मामलों के अड़चनों को शीघ्र दूर कर सारे कार्य ससमय निष्पादित करने का निर्देश दिया। उन्होंने फिजीकल वेरिफिकेशन को गंभीरतापूर्वक करने का निर्देश सभी अंचलाधिकारियों को दिया।

भू-हस्तांरण की मामले में उन्होंने सभी अंचलाधिकारियों को लंबित भू-हस्तांतरण के मामलों को चिन्हित कर हस्तांरण प्रस्ताव समर्पित करने का निर्देश दिया। इस बैठक उपायुक्त के अलावे, सभी अंचलाधिकारी सहित अन्य मौजूद थे।

---

धनवार मुखिया राजेंद्र प्रसाद ने किया कोचिंग संस्थान का उद्घाटन, कहा

## पंचायत में शिक्षा विकास पर रहेगी विशेष नजर



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** सोमवार को जीटी रोड स्थित करियातपुर भारती नर्सिंग होम के नजदीक द गाइड इंस्टिट्यूट का शुभारंभ हुआ। उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धनवार पंचायत के मुखिया राजेन्द्र प्रसाद थे। जिन्होंने स्थानीय मुखिया मनोज कुमार के साथ संयुक्त रूप से फीता काटकर संस्थान का उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह में बोलते हुये धनवार मुखिया ने कहा कि स्कूल और कोचिंग की व्यवस्था इसलिए की गई है, ताकि शिक्षित बेरोजगारों को रोजगार मिले। वहीं बच्चों को उन्नत शिक्षा मिल सके। वर्तमान समय में शिक्षा भी बहुत बड़ी चुनौती है। उन्होंने अभिभावकों से अपील किया कि वह बच्चों को हर संभव पढ़ाएं, उनकी दिनचर्या जरूर देखें। उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षा किसी भी समाज की रीढ़ है, शिक्षा के प्रति उनकी विशेष निगरानी होगी। मौके पर उप मुखिया दामोदर प्रसाद वर्मा, संचालक अंकित कुमार, संतोष कुमार, महेन्द्र रविदास, मुरली मनोहर प्रसाद, सकलदेव यादव, राजेश विश्वास, सरफराज, साजन कुमार, रोहित कुमार, शिवम कुमार, रवि कुमार, रोशन कुमार, उदय कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

---

## गैर शैक्षणिक कार्यों से मुक्ति के आदेश का उड़ रही धज्जियां : अजप्ता प्रखंड अध्यक्ष



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** प्रखंड के विभिन्न सरकारी विद्यालयों में कार्यरत प्रधानाध्यापकों/शिक्षकों में इन दिनों आक्रोश देखा जा सकता है। शिक्षकों से विभाग द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्य करवाने से शिक्षक परेशान हैं। अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ (अजप्ता) बरकट्ठा के प्रखंड अध्यक्ष शशि भूषण प्रसाद और सचिव राम किशुन महतो ने कहा कि शिक्षकों को सिर्फ पढ़ाई का कार्य दिया जाए। सरकार प्राइवेट स्कूल और सरकारी स्कूल की तुलना करती है जबकि प्राइवेट स्कूलों में शिक्षकों को सिर्फ पढ़ाई का कार्य दिया जाता है, लेकिन हमलोगों से विभिन्न प्रकार के कार्य कराये जाते हैं परिणामतः बच्चों को पढ़ाई बाधित होती है। राम किशुन महतो ने कहा कि विद्यालय के शिक्षकों द्वारा जाति प्रमाण पत्र बनाने, कक्षा 1 से 12 तक के छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति हेतु खाता एवं आधार अद्यतनीकरण, साइकिल की सूची, अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति समेत कई कार्य कराए जा रहे हैं। वहीं बिना राशि के एमडीएम संचालन का अतिरिक्त दबाव रहता है। बिना राशि के विभिन्न प्रकार के पुस्तकों का उठाव एवं वितरण सुनिश्चित करना शिक्षकों को भारी पड़ रहा है। शशि भूषण प्रसाद ने कहा हम लोगों से यह सब कार्य करवाया जाता है तो हम लोग बच्चों को सही से शिक्षा कैसे दे पाएंगे।कहा कि गैर शैक्षणिक कार्यों से मुक्ति के आदेश का पालन नहीं हो रहा है। अब एमडीएम चलाना हम लोगों के बस की बात नहीं है। सभी विद्यालय में 3 माह का कर्जा हो चुका है। दुकानदार अब उधार देना नहीं चाह रहे हैं।

---

उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की हुई बैठक, कहा

## सभी बैंकों के शखा प्रबंधक को ऋण जमा अनुपात में वृद्धि लाने का दिया निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त आदित्य रंजन की अध्यक्षता में जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति एवं जिला स्तरीय समीक्षा समिति जून 2022 तिमाही की बैठक संपन्न हुई। बैठक में विभिन्न बैंकों के ऋण जमा अनुपात वृद्धि, केसीसी ऋण की उपलब्धि, पीएम किसान सम्मान निधि से संबंधित केसीसी ऋण की उपलब्धि, प्रधानमंत्री जन धन खाते में आधार एवं मोबाइल सीडिंग, पीएमईजीपी, पीएमएमवाई सरकार द्वारा प्रायोजित प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम एवं प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के उपलब्धि इत्यादि बिंदुओं पर विस्तार से समीक्षा किया गया। जिला अग्रणी प्रबंधक ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2022-22 में वार्षिक ऋण जमा योजना में प्रथम तिमाही जून 2022



तक उपलब्धि 24.68 प्रतिशत है और ऋण जमा अनुपात 35.08 प्रतिशत है। उन्होंने बताया कि बैंकों द्वारा चालू तिमाही में ऋण वृद्धि की गई है तथा वार्षिक ऋण योजना की उपलब्धि दर 24.68 प्रतिशत हुई है और ऋण जमा अनुपात में गिरावट दर्ज की गई है। उपायुक्त ने सभी बैंकों के शखा प्रबंधक को ऋण जमा अनुपात में वृद्धि लाने का निर्देश दिया। सभी बैंकों को निर्देशित करते हुए कहा कि केसीसी से संबंधित लंबित आवेदनों को यथाशीघ्र पूरा करना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही आरसेटी को प्रशिक्षण से संबंधित रिपोर्ट उपलब्ध करने का निर्देश दिये। मौके पर प्रबंधक आरबीआई, जिला अग्रणी प्रबंधक, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी, डीपीएम जेएसएलपीएस, जिला उद्योग विस्तार पदाधिकारी समेत विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबंधक मौजूद रहे।

---

### पुवाल का मचान गिरने से युवक की हुई मौत

**बड़कागांव।** तलसवार पंचायत अंतर्गत ग्राम कोयलंग लमकीटांड निवासी सहदेव महतो उम्र 35 वर्ष पिता स्व. छेदी महतो की मौत पुवाल का माचा गिरने से हो गई। जानकारी के अनुसार बारिश से बचने के लिए शुक्रवार 19 अगस्त को दोपहर में मचान के बीच बचने गया तभी तेज आंधी पानी से माचा गिर गया जिसे निचे दबा हुआ किसी ने नहीं देखा। परिजनों के द्वारा काफी खोजबीन किया गया मगर कहीं पता नहीं चला। सोमवार की सुबह जब आसपास बदबू फैलने लगा तब लोगों ने देखा माचा के निचे दबकर मौत हुई है, तब आसपास के ग्रामीणों के सहयोग से शव को बाहर निकाला गया। मृतक अपने पीछे पत्नी समेत 2 पुत्र 10 वर्ष एवं 12 वर्ष को छोड़ गया, मृतक अत्यंत गरीब परिवार से हैं जो दिहाड़ी मजदूरी कर अपने परिवार का किसी तरह से भरण-पोषण करता था। आर्थिक स्थिति काफी दयनीय है उसके गुजर जाने से परिवार में कोई कमाने वाला नहीं बचा। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। पंचायत के मुखिया गीता देवी एवं पंचायत समिति सदस्य मेघा कुमारी ने सरकार से मृतक की पत्नी रेखा देवी को विधवा पेंशन, इंदिरा आवास समेत अन्य सरकारी लाभ देने की मांग की है।

---

## एकीकृत सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा ने शहीद शिक्षकों को दी श्रद्धांजलि

- संघर्ष के दौरान 22 अगस्त 2007 में पुलिस की लाठी की चोट से शहीद शिक्षक मुनेश्वर की हुई थी मौत

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** एकीकृत सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा कि प्रखंड इकाई के द्वारा अब्दुल कलाम पाक में शहीद दिवस मनाया गया। अध्यापकों ने यह शहीद दिवस पारा शिक्षकों के संघर्ष में योगदान देने वाले शहीद साथी मुनेश्वर सिंह के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर मनाया। विदित हो कि 22 अगस्त 2007 को राँची में आंदोलन के दौरान पुलिस की बर्बरतापूर्ण कार्रवाई में लाठी की चोट से घायल होकर उक्त साथी का निधन हो गया था। तब से उनके पुण्य तिथि के अवसर पर सहायक अध्यापकों के द्वारा प्रतिवर्ष शहीद दिवस मनाया जाता है। मौके पर ही उपस्थित शिक्षकों ने 2018 के आंदोलन में शहीद हुए अन्य साथियों को भी श्रद्धांजलि के साथ नमन किया। मौके पर उपस्थित साथियों से प्रदेश अध्यक्ष संजय दुबे ने अपील करते हुए संकल्प लेने की बात कही की जब तक राज्य की सहायक अध्यापकों का वेतनमान सहित अन्य जरूरी मांगो को सरकार लागू नहीं करती तब तक संघर्ष जारी रहेगा। प्रखंड सचिव मनोज घोष ने भी कहा कि सरकार शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्य से दूर रखें, अन्यथा इसके विरोध बाध्य होकर शिक्षक आंदोलन के लिए मजबूर हो जाएंगे। कार्यक्रम में प्रखंड अध्यक्ष दीनानाथ सहित रामेश्वर प्रसाद, रंजीत सिंह, दीपक यादव, संजय यादव, सनोवर आलम, संतोष कुमार, प्रकाश यादव, सुभाष यादव, कलीम अंसारी, राजकुमार प्रसाद, मो इरशाद, ब्रह्मदेव पासवान, सरिता कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, बैजंती देवी, कुमारी विनीता, आशा कुमारी, नन्दलाल राणा, लालू राम, सुखदेव यादव, ऋषिकेश कुमार सिंह, मनोज ठाकुर, आशा कुमारी, सोनामति कुमारी, अनिल केसरी, प्रेम लाल यादव, सुलेमान मियां, मो आफताब, कृष्णदेव दूरी, दशरथ यादव, संतोष यादव, दिनेश रविदास, दिनेश यादव, सुमन कुमारी आदि सहित सैकड़ों शिक्षक मौजूद थे।

---

### पंजाबी हिंदू बिरादरी की 37वीं वार्षिक आम सभा संपन्न

**रामगढ़।** पंजाबी हिन्दू बिरादरी की 37वीं वार्षिक आम सभा रविवार की देर शाम वैष्णों देवी मंदिर स्थित बिरादरी हॉल में आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष सूरत चन्द्र वासुदेव व संचालन महासचिव महेश मारवाह ने किया। सभा को संबोधित करते हुए अध्यक्ष सूरत चन्द्र वासुदेव ने बिरादरी की भूमिका को और अधिक कारगर बनाने के लिए अधिक से अधिक सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जाने पर जोर दिया। उन्होंने चालू वित्तीय वर्ष के दौरान किए जाने वाले संभावित कार्यक्रमों की रूपरेखा से सभा को अवगत कराया। कहा कि इस वर्ष अधिक से अधिक सामाजिक कार्यक्रम किए जाने की योजना बनाई गई है। बिरादरी के महासचिव महेश मारवाह ने सचिव प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए वित्तीय वर्ष सत्र 2021-22 में संपन्न हुए सभी सामाजिक व धार्मिक कार्यक्रमों की सफलता को सशक्त एकता एवं सदस्यों की सक्रियता का परिणाम बताया। उन्होंने एक वर्ष के दौरान किए गए विकास कार्यों की जानकारी एवं भावी विकास योजनाओं की रूपरेखा से सदस्यों को अवगत कराया। सभा में मुख्य रूप से मनजीत साहनी, हेमेन्द्र सौंधी, विश्वनाथ अरोड़ा, रमण मेहरा, सुभाष चन्द्र मारवाह, नरेश चन्द्र मारवाह, ओमकार मल्होत्रा, कैलाश शर्मा, राजीव चड्डा, संजीव चड्डा, बलवंत राय मारवाह, महेन्द्र पाल मारवाह, संजीव धमीजा, पवन मारवाह, मनीष मारवाह, विशाल वासुदेव, विजय सोबती, अनिल छाबड़ा, अजीत अग्रवाल, जनक रानी, वीणा मारवाह, अंजू चड्डा, संगीता मारवाह, मीना मल्होत्रा, पूनम सौंधी, मंजू कक्कड़ आदि मौजूद थे।

### नाली के पानी से रास्ता हुआ लबालब, मुहल्लेवालों ने किया बवाल, पहुंचे मुखिया और पंसस

**बरही।** गया रोड स्थित कलाली गली के पास वर्षा का पानी रोड पर जमा हो जाने से रास्ता पूरी तरह अवरुद्ध हो गया। मोहल्ले वाले को आने जाने में काफी परेशानी का सामना झेलनी पड़ रही है। इससे आक्रोशित मुहल्ले के महिला पुरूष व युवको ने सोमवार की सुबह 10 मिनट तक रास्ता जाम कर दिया। उनलोगों का कहना था कि जब तक नालिया का रोड नहीं बनता है तब तक हमलोग यहां से नहीं हटेंगे। सूचना मिलते ही स्थानीय मुखिया शमशेर आलम व पंचायत समिति सदस्य जीतू ठाकुर पहुंचे। मुहल्लेवालों को आश्वासन दिया कि कोष नहीं रहने के कारण कार्य नहीं हो पा रहा है। फिलहाल निजी कोष एक दी दिन के अंदर पानी निकासी का कार्य करवा दिया जाएगा। कोष उपलब्ध होते ही प्राथमिकता के आधार पर रोड निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। मौके पर वार्ड सदस्य सिंकी देवी ने महिलाओं का समझाते हुए जाम मार्ग को हटाने की अपील की। रास्ता जाम करने वालो में नारायण गोस्वामी, मुकेश प्रजापति, राजकुमार गोस्वामी, अजय निषाद, मनोज केसरी, शिवकुमार सहित मुहल्ले के कई महिला पुरुष मौजूद थे।

### दुर्घटना को आमंत्रित कर रहा वार्ड सदस्य का आवास

**बरकट्ठा।** सरकार की महत्वाकांक्षी योजना पीएम आवास सबका सपना घर हो अपना लेकिन वास्तव में जरुरतमंद को इस योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा हैं। ऐसा ही मामला बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र अंतगर्त शिलाडीह पंचायत के वार्ड सदस्य प्रदीप पाण्डेय का है। इनका कच्चा मकान पूरी तरह से जर्जर हो चुका हैं। उन्होंने इसकी जानकारी वर्तमान मुखिया निजाम अंसारी को दी। तीन नंबर वार्ड से प्रदीप पांडेय लगातार दो बार निर्विरोध वार्ड सदस्य तो बन गए लेकिन सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं ले पा रहे हैं। गरीबी के कारण कच्ची मकान को बना नहीं पा रहे हैं। शिलाड़ीह के नवनिर्वाचित पंसस प्रतिनिधि राजकुमार गिरि ने कहा कि इनका घर का दीवार एक तरफा झुक गया है। झुके दीवार की ओर से लोगों को आने जाने का मुख्य रास्ता है। पड़ोस के बच्चे यहॉ खेलते रहते हैं। हल्की सी आंधी तूफान आने से यह दीवार कभी भी गिर सकता है, जिससे बड़ी घटना घट सकती है। इन्हें प्रधानमंत्री आवास की नितांत आवश्यकता है। वार्ड सदस्य प्रदीप पांडेय ने प्रशासन से पीएम आवास की गुहार लगाई हैं। वही मामले को लेकर बीडीओ कीर्ति बाला लकड़ा से दूरभाष पर बात की गई। उन्होंने कहा कि इस मामले के समाधान हेतु वार्ड सदस्य कार्यालय में आकर संपर्क करें।

### दलित उत्पीड़न संघर्ष समिति का धरना आज

**कोडरमा।** दलित उत्पीड़न संघर्ष समिति का धरना 23 अगस्त को आहत है। राजस्थान के जालोर जिला में स्कूल के खड़ा का पानी पीने पर शिक्षक के द्वारा दलित छात्र इंद्र मेघवाल की हत्या किए जाने के खिलाफ जिला समाहरणालय कोडरमा के समक्ष धरना प्रदर्शन किया जाएगा। धरना के पूर्व जुलूस निकाला जाएगा जो जिला समाहरणालय पहुंचकर धरना में तब्दील होगा, जिसकी तैयारी पूरी कर ली गई है। दलित उत्पीड़न संघर्ष समिति के जिला अध्यक्ष इंद्रदेव राम, पूर्व जिला अध्यक्ष प्रकाश आंबेडकर, जिला उपाध्यक्ष प्रकाश रजक, दुर्गा प्रसाद राम, प्रेम प्रकाश, विजय रजक, राजेश रजक ने उक्त जानकारी दी।

---

भारी बारिश से ग्रामीण क्षेत्रों में क्षति, विभिन्न योजनाओं व विकास कार्यों को लेकर डीडीसी ने की बैठक, कहा

# पीएम किसान के सभी लाभुकों का ई-केवाईसी व जमीन सत्यापन का कार्य भी जल्द पूरा करने का दिया निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** विगत कुछ दिनों में रामगढ़ जिले में भारी बारिश से हुई ग्रामीण क्षेत्रों में क्षति एवं विभिन्न योजनाओं व विकास कार्यों को लेकर सोमवार को उप विकास आयुक्त नागेंद्र कुमार सिन्हा ने अपर समाहर्ता नेलसम एयोन बागे, अनुमंडल पदाधिकारी मोहम्मद जावेद हुसैन सहित अन्य अधिकारियों के साथ समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक आयोजित किया। इस दौरान उप विकास आयुक्त ने विगत कुछ दिनों में रामगढ़ जिले में हुई भारी वर्षा से ग्रामीण क्षेत्रों में हुई क्षति को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारियों एवं अंचल अधिकारियों द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। इस दौरान उप विकास आयुक्त ने सभी अधिकारियों को क्षेत्र भ्रमण कर फसलों, पशुओं आदि को हुई क्षति का आकलन करते हुए जिला स्तर पर इससे संबंधित प्रतिवेदन उपलब्ध कराने एवं उन्हें



मुआवजा भुगतान करने हेतु आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को हर संभव मदद उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त ने झारखंड फसल राहत योजना के तहत अब तक हुए कार्यों की जानकारी प्रखंड वार प्रखंड विकास पदाधिकारियों एवं अंचल अधिकारियों से ली। इस दौरान उप विकास आयुक्त ने परियोजना निदेशक आत्मा सहित अन्य अधिकारियों को कार्यों में गति लाने एवं सभी योग्य किसानों का पंजीकरण कराते हुए उन्हें योजना से जोड़ने का निर्देश दिया। उन्होंने पीएम किसान के सभी लाभुकों का ईकेवाईसी एवं जमीन सत्यापन का कार्य भी जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त ने सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारियों को योजनाबद्ध तरीके से विद्यालयों में कैंप आयोजित कर सभी बच्चों का जाति प्रमाण पत्र बनाना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इस संबंध में अनुमंडल पदाधिकारी ने जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी को सभी प्रज्ञा केंद्रों में बच्चों के जाति प्रमाण पत्र से संबंधित निःशुल्क नोटिस प्रज्ञा केंद्र के बाहर लगाने का निर्देश दिया। उप विकास आयुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को मनरेगा अंतर्गत प्रत्येक गांव में कम से कम 5 योजनाएं संचालित करते हुए सभी योग्य व जरूरतमंद लोगों को उनके क्षेत्र में ही रोजगार उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। प्रधानमंत्री आवास योजना, बाबा साहब भीम राव अंबेडकर आवास योजना सहित अन्य आवास योजनाओं के तहत जिले में अब तक हुए कार्यों की समीक्षा के क्रम उप विकास आयुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को तय समय सीमा के अंदर कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया । उन्होंने मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना का लाभ ज्यादा से ज्यादा योग्य ग्रामीणों को देने हेतु प्रखंड विकास पदाधिकारियों, गव्य विकास, पशुपालन विभाग को आपस में समन्वय बनाकर कार्य करने का निर्देश दिया। मिशन अमृत सरोवर के तहत हो रहे कार्यों की प्रखंडवार समीक्षा के क्रम में उप विकास आयुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को कार्यों में गति लाते हुए सितंबर माह तक कम से कम 60 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लेने का निर्देश दिया। बैठक में भूमि सुधार उप समाहर्ता, जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, परियोजना निदेशक आत्मा, प्रखंड विकास पदाधिकारियों, अंचल अधिकारियों, प्रभारी पदाधिकारी मनरेगा डीआरडीए, सहायक जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारियों, प्रखंड पशुपालन पदाधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

### पतरातू डैम में बढ़ते जलस्तर के मद्देनजर डीसी ने अधिकारियों को दिया लोगों को जागरूक करने का आदेश

**रामगढ़।** विगत 2 दिनों से हो रही भारी बारिश से पतरातू डैम के बढ़ रहे जलस्तर एवं किसी भी समय डैम के गेट खोले जाने के मद्देनजर उपायुक्त रामगढ़ सुश्री माधवी मिश्रा ने प्रखंड विकास पदाधिकारी पतरातू, अंचल अधिकारी पतरातू सहित अन्य अधिकारियों को उनके क्षेत्रों में लोगों को विभिन्न माध्यमों से दामोदर नदी सहित अन्य जल स्त्रोतों के आसपास ना जाने देने की अपील की है वहीं उपायुक्त ने स्वयं सभी लोगों से पतरातू डैम के समीप दामोदर नदी सहित अन्य जल स्त्रोतों के आसपास ना जाने की अपील की है।

## न्यूज गैलरी

### अवैध रूप से सागवान की लकड़ी ले जा रहे पिकअप वैन जब्त




**लोहरदगा।** अवैध लकड़ी का कारोबार करनेवाले कारोबारियों पर वन विभाग ने नकेल डालने की हर कोशिश की है बावजूद लकड़ी माफिया अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार रविवार की देर रात पिकअप वैन में अवैध रूप से लकड़ी ले जाने की गुप्त सूचना पर वन विभाग की टीम ने कार्रवाई किया। गुमला लोहरदगा मुख्य पथ विपरीत दिशा से आ रहे हैं पिकअप संख्या जेएच 01 एडी 2039 को संदेह के आधार पर रास्ते में रात्रि गश्ती कर रहे हैं वन विभाग की टीम के द्वारा रोकने का प्रयत्न किया गया। किंतु ड्राइवर वाहन की गति बढ़ाते हुए सेन्हा के निकट एक बस्ती में उसे छुपा दिया। तत्पश्चात काफी खोजबीन के बाद सागवान की लकड़ी से लदे उक्त वाहन को जब्त कर वन क्षेत्र कार्यालय लोहरदगा लाया गया। विभाग मामले की उचित छानबीन कर आग्रह पर कानूनी कार्रवाई हेतु जुट गई है। जब्त लकड़ी की एक अनुमानित मूल्य 50,000 रुपये है वही पिकअप चालक फरार होने में सफल रहा।

### टेम्पो को बचाने में अनियंत्रित टैंकर सड़क के किनारे पलटा, कोई हताहत नहीं

**कुडू - लोहरदगा।** कुडू चंदवा मुख्य पथ एनएच 75 थाना क्षेत्र के ढुलुवा खुटा पुल के समीप सोमवार को सामने से आ रहे टेंपो को बचाने के चक्कर में एक टैंकर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया, दुर्घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार रेनुकूट से अल्मुनियम पावडर खाली कर रांची जा रहा टैंकर संख्या यूपी 64 एटी – 4235 रांची लौट रहा था। इसी बिच कुडू ढुलुवा खुटा पुल के समीप सामने से आरही तेज रफ़्तार टेंपो को बचाने के चक्कर में सड़क के किनारे पलट गया।

### दो सालों से जलमीनार खुद ही प्यासी



**लोहरदगा।** सदर प्रखंड के नदिया पंचायत के नदिया गांव में यह जल मीनार खुद ही प्यासी पड़ी हुई है ,स्थानीय निवासियों का कहना है कि लगभग दो-तीन साल से इस जलमीनार से पानी सप्लाई बंद है, पूछने पर कहा जाता है कि मशीन खराब हो गई है और सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि जिला मुख्यालय से आधे से एक किलोमीटर की दूरी पर स्थित यह जल मीनार आंसू बहा रही है तो खुद अंदाजा लगाया जा सकता है कि पदाधिकारियों की नजर आज तक इस पर इनायत नहीं हो रही है. सामाजिक विचार मंच जिले के उपायुक्त से यह मांग करती है इस दिशा में उचित कार्रवाई करने की कृपा की जाए ताकि स्थानीय जनता को पेयजल के लिए भटकना ना पड़े। उक्त जानकारी संयोजक कवलजीत सिंह ने दी।

### बानो में सहायक शिक्षकों ने शहीद मुनेश्वर सिंह को दी श्रद्धांजलि

**बानो।** बानो विद्यालय बानो के प्रांगण में सहायक शिक्षकों ने शहीद मुनेश्वर सिंह की शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि दी। मौके पर सहायक अध्यापक ने माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया। सहायक शिक्षक के प्रखंड अध्यक्ष उमाशंकर सिंह ने कहा आज पूरे झारखंड में हमारे प्रिय सहपाठी मुनेश्वर सिंह के याद में श्रद्धांजलि दी जाती है उन्होंने हमारे अधिकार की लड़ाई में भाग लिये। ज्ञात हो कि 22अगस्त 2007 को रांची के बिरसा चौक में आयोजित धरना प्रदर्शन में भाग लिया था। शिक्षकों के आंदोलन में पुलिस द्वारा लाठी चार्ज में घायल हो गये थे। आज हम उसी के याद में शहीद दिवस के रूप मनाते हैं। मौके पर बिशवम्बर सिंह, मुरारी सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किया। इस अवसर परएक मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर सागेन सुरीन, रोजालिया कुजूर, याकूब सुरीन, बृन्दावती बड़ाईक, बूढ़ेश्वर सिंह दयमंती कुमारी, नूतन कंडुलना ,सोफिया कोनगाडी,राजेश सिंह बेनार्ड सुरीन आदि लोग उपस्थित थे।

### बगडू पुलिस ने एक लाल वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**किस्को/लोहरदगा।** जिले के बगडू थाना पुलिस ने एक लाल वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी विश्वजीत कुमार सिंह के नेतृत्व में समकालीन अभियान के तहत बगडू थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम तेतरडांड़ निवासी शौकत अंसारी का पुत्र रईस अंसारी को उसके घर से गिरफ्तार कर कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायिक हिरासत में लोहरदगा मंडल कारा भेज दिया है। इस संदर्भ में थाना प्रभारी विश्वजीत कुमार सिंह ने बताया कि वर्षो से पुलिस को चकमा देकर फरार चल रहे लाल वारंटी रईस अंसारी को समकालीन अभियान के दौरान उसके घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। इधर समकालीन अभियान में थाना प्रभारी विश्वजीत कुमार सिंह के अलावा अन्य पुलिसकर्मी अभियान में शामिल थे।

### सिनी संस्था ने राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कल्याण के तहत प्रशिक्षण के पश्चात निकाली रैली



**ठेठईटांगर।** सिनी संस्था द्वारा ठेठईटांगर रेफरल अस्पताल सभागार में राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कल्याण दिवस के निमित्त प्रशिक्षण किया गया। जिसमे ठेठईटांगर के एएनएम आंगनवाड़ी सहिया, साथिया और आरोग्य एवं कल्याण राजदूत ने भाग लिया। साथ ही आरके एसके के कार्यों की विभिन्न विषयों की चर्चा की गयी। इसके साथ साथ ठेठईटांगर प्रखंड में रैली भी निकला गया जो ब्लॉक मैदान होते हुए भट्टी टोली तक स्कूली बच्चों द्वारा रैली निकाला गया जिसमें स्कूली छात्राएं लड़का लड़की है एक समान दोनों को तो पूरा सम्मान, बाल विवाह अपराध है बच्चों के लिए अभिशाप है जैसे नारे लगा रहे थे और लोगों को जागरूक कर रहे थे। बैठक में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रिया प्रकाश एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मी वासनी संस्था के सदस्य मौजूद थे।

वैक्सीनेशन में तेजी व जागरूकता लाने को लेकर अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने की बैठक

# टीकाकरण को लेकर आमजनों को जागरूक करें क्षेत्र के जनप्रतिनिधि व सामाजिक लोग : बीडीओ

नवीन मेल संवाददाता



**भंडरा/लोहरदगा।** प्रखंड मुख्यालय के सभाकक्ष भवन में बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा, सीओ दिनेश प्रसाद गुप्ता एवं प्रमुख बरिया देवी ने सभी जनप्रतिनिधि व ग्राम प्रधानों के साथ कोविड-19 वैक्सीनेशन में तेजी लाने व जागरूकता लाने को लेकर एक बैठक किया। बैठक में क्षेत्र में आपसी सद्भावना बनाये रखने को लेकर बीडीओ ने विस्तार पूर्वक चर्चा की। बैठक के दौरान बीडीओ ने कहा कि प्रखंड क्षेत्र में वैक्सीनेशन का जो टारगेट है, वो शत प्रतिशत अब तक नही हो पाया है। जो काफी चिंताजनक विषय है इस बैठक के माध्यम से उन्होंने जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक लोगों तथा ग्राम प्रधान से विशेषकर अपील है की ज्यादा से ज्यादा संख्या में लोगों को टीकाकरण के प्रति जागरूक करें। कोविड 19 वैक्सीन को लेकर लोगों में फैली भ्रांतियों एवं अफवाहों को दूर करने के लिए जनप्रतिनिधियों से अपील करते हुए कहा कि इस वैक्सीन को लगाने से किसी भी तरह का कोई साइड इफेक्ट नहीं होता है। बीडीओ ने सद्भावना मंच पर चर्चा करते हुए कहा की इस मंच के जरिए समाज में सुधार और आपसी भाईचारा कायम करना अहम मकसद है। इसके अलावा विभिन्न धार्मिक संप्रदायों के लोगों की सयुंक्त बैठक करना आम नागरिकों की जरुरतों को पूरा करना, मजदूर किसानों और पिछड़े लोगों की सेवा करना, यतीमों व बेवाओं की मदद करना, नवयुवकों को नशे की आदत और नैतिक भटकाव से बचाने के लिए प्रयास, पर्यावरण संरक्षण आदि क्षेत्र में काम किया जा रहा है। इसमें आप सभी की सहभागिता जरूरी है। प्रमुख बरिया देवी ने ईमाम एवं जनप्रतिनिधियों से अपील करते हुए कहा कि आप लोगों की बातों को जनमानस लोग सुनते हैं। लोगों को आप सब लोग समझाएं कि करोना महामारी पहले से विकराल रूप में फैल सकता है। इस बीमारी से अब बड़े-बूढ़े से लेकर बच्चों में भी इसका असर देखा जा रहा है। इसलिए इसका टीकाकरण जरूरी है। खासकर 45 वर्ष से ऊपर के लोगों को तीन टीका लगाना बेहद जरूरी है। टीका लगाने के उपरांत भी वे लोग मास्क का उपयोग करें। ताकि इस बीमारी से लड़ने की क्षमता मिले। सीओ दिनेश गुप्ता ने ईमाम एवं जनप्रतिनिधियों को बताया कि यह टीका लगाने से किसी भी तरह का कोई साइड इफेक्ट नहीं होता है। बीमार व्यक्ति भी यह टीका लगा सकते हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि यह टीका 45 वर्ष से ऊपर के सभी लोग जरूर लगवाएं। बैठक में मुख्य रूप से हॉप संस्था की मनोरमा एक्का, स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ संजय कुमार, सीडीपीओ कुमुदनी लकड़ा, नीता सरकार, मुखिया सुमित उरांव, इंद्रदेव उरांव, परमेश्वर महली, टेले उरांव, ममता कुमारी, सुमंती तिग्गा, धनेश्वरी उरांव, कइली उरांव, पंसस प्रमिला उरांव सहित सभी समाजिक कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## समकालीन अभियान के तहत सेन्हा पुलिस ने तीन वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेजा



नवीन मेल संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा।** समकालीन अभियान के तहत सेन्हा पुलिस ने एक लाल वारंटी एवं दो अन्य वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेजा। सेन्हा थाना क्षेत्र अंतर्गत चुरकु महुआ टोली निवासी रामदयाल उराँव के विरुद्ध न्यायालय द्वारा लाल वारंट जारी किया गया था। वहीं सेरेंगहातू निवासी मुंतजिर अंसारी एवं नसीमा खातून का भी वारंटी जारी हुआ था। जिसके आलोक में समकालीन अभियान के तहत सेन्हा थाना प्रभारी ऋषिकांत एवं ए एस आई राजेश शर्मा,सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी शस्त्र बल के साथ छापेमारी कर अलग अलग क्षेत्र से गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेजा। बताया जाता है कि रामदयाल उरांव 25 वर्ष पिता स्वर्गीय हिरामन उरांव चुरकु महुआ टोली निवासी जो कोर्ट नोटिस का अवहेलना करते हुए लंबे समय से फरार चल रहा था। वही अन्य वारंटी मुंतजिर अंसारी एवं नसीमा खातून को न्यायालय में गवाही नही देने के कारण गवाह वारंट जारी किया गया था। थाना प्रभारी ऋषिकांत ने बताया कि कोर्ट के आदेश का पालन करते हुए तीनो वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

### विद्या मंदिर स्कूल में संस्कृति महोत्सव का समापन



**लोहरदगा।** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर के सभागार में बाल, किशोर एवं कन्या भारती के द्वारा बालसभा का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम संस्कृति महोत्सव सप्ताह के समापन कार्यक्रम के अंतर्गत कथा-कथन विषय में षष्ठ एवं सप्तम के भैया बहनों द्वारा प्रेरक कहानी की प्रस्तुति की गई। इसके बाद गीत, भजन एवं कविता की प्रस्तुति विभिन्न बहनों के द्वारा की गई। मौके पर रक्षाबंधन की पूर्व संध्या में आयोजित राखी बनाओ प्रतियोगिता एवं मेहंदी प्रतियोगिता में सम्मिलित कक्षा नवम एवं दशम की बहनों को प्रमाण पत्र दिया गया। इस कार्य का संपादन अंग्रेजी विषय की आचार्या मधुमिता शर्मा ने किया। इस अवसर पर विद्यालय में हिंदी विषय के आचार्य विष्णु दत्त पांडेय ने आचार्य पत्र वाचन के अंतर्गत 'नई शिक्षा नीति-2020' विषय पर अपना अभिभाषण प्रस्तुत किया। वंदे मातरम के साथ इस सभा का समापन किया गया।

## जिले के सभी सरकारी विद्यालयों में शुरू हुई पोस्टर प्रतियोगिता

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** राष्ट्रीय जनसंख्या शिक्षा परियोजना कार्यक्रम, जिला परियोजना कार्यालय गुमला तथा सेंटर फॉर कैटालाइजिंग चेंज (सी-3) के तकनीकी सहयोग से झारखंड के सभी सरकारी विद्यालयों में 22 अगस्त से पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी । इस प्रतियोगिता में छठी से 12 वीं कक्षा के विद्यार्थियों को विद्यालय स्वास्थ्य एवम कल्याण कार्यक्रम के तहत निहित 15 विषयो में से किसी एक पर स्वेच्छा से पोस्टर तैयार करने होंगे। इस बाबत स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की महत्वपूर्ण ईकाई जे.सी.ई.आर.टी के द्वारा सभी जिलों को पत्र के माध्यम से निर्देश दिए हैं। उपरोक्त के आलोक में जिला शिक्षा पदाधिकारी अपूर्वा पॉल चौधरी ने कहा है कि 22 से 26 अगस्त तक विद्यालय स्वास्थ्य स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित होगी जिसमे प्रधानाध्यापक, एवं विद्यालय आरोग्य दूत और अन्य वरीय शिक्षक निर्णायक के रूप में रहेंगे। इसके बाद 29-30 अगस्त तक विद्यालयों से चयनित 3-3 प्रतिभागियों की प्रतियोगिता प्रखंड स्तर पर होगी जिसमें निर्णायक की भूमिका में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी एवं प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी अनिवार्य रूप से होंगे, इसके साथ चयनित विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को भी निर्णायक के रूप के शामिल किया जा सकता है। इसके बाद 1-4 सितंबर तक जिला स्तर पर इसका आयोजन होगा जिसमें निर्णायक के तौर पर जिला शिक्षा अधीक्षक, अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी, सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी एवं सेंटर फॉर कैटालाइजिंग चेंज (सी-3) के प्रतिनिधि आदि सम्मिलित किए जायेंगे। यहां सर्वश्रेष्ठ पोस्टर बनाने वाले विद्यार्थी पुरस्कृत किए जायेंगे। इन प्रतियोगिताओं में सभी मध्य, माध्यमिक, उच्चतर माध्यमिक यथा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, एकलव्य विद्यालय, जिला वार चयनित मॉडल स्कूल समेत अन्य सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थी भाग लेंगे। पोस्टर प्रतियोगिता के संबंध में अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी अंबुज कुमार पाण्डे ने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को पोस्टर ने ही अपनी जानकारी देनी होगी पोस्टर के दाहिनी ओर विद्यार्थी को अपना नाम रोल नंबर कक्षा स्कूल प्रखंड व जिला का नाम लिखना होगा प्रतियोगिता हेतु चिन्हित विषय है स्वास्थ्य बढ़ना, भावनात्मक कल्याण व मानसिक स्वास्थ्य, पारस्परिक संबंध मूल्य एवं जिम्मेदारी नागरिक, जेंडर समानता, पोषण एवं स्वास्थ्य, मादक द्रव्यों का सेवन की रोकथाम एवं प्रबंधन, स्वास्थ्य जीवन शैली को बढ़ावा देना, प्रजनन स्वास्थ्य एवं एचआईवी की रोकथाम, हिंसा व चोट के खिलाफ सुरक्षा, इंटरनेट व सोशल मीडिया का सुरक्षित उपयोग, मानव तस्करी, बाल विवाह, सड़क सुरक्षा एवं दहेज प्रथा आदि शामिल हैं।

## केरसई में कांग्रेस ने की महंगाई पर चर्चा के लिए नुक्कड़ सभा आयोजित

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** कांग्रेस पार्टी के द्वारा रविवार को केरसई प्रखंड मुख्यालय में प्रखंड अध्यक्ष डेविड तिर्की की अध्यक्षता में महंगाई पर चर्चा के लिए नुक्कड़ सभा का आयोजन किया। सभा को संबोधित करते हुए सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि 2014 के चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महंगाई पर रोक लगाने के लिए बड़े-बड़े वादे किए और आज मुकर गए हैं। देश में महंगाई चरम पर पहुंच गई है। महंगाई से हर रोज जनता त्राहिमाम कर रही है। सभी प्रकार के चीजों के दामों में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के कार्यकाल में महंगाई चरम पर है। वे इस पर एक शब्द बोलने से भी परहेज करते हैं। उनकी नीति के कारण ही अमीर और अमीर होते जा रहे हैं तथा गरीब और गरीब होते जा रहे हैं। देश में लोगों की नौकरियां खतरे पर पड़ गई है। कई लोगों की नौकरियां चली गई है। श्री बाड़ा ने कहा कि लोगों की आमदनी कम हो गई हैं और खर्च में काफी बढ़ोतरी हो गई है। केंद्र सरकार को इससे कोई लेना-देना नहीं है। बच्चों को पढ़ाने के खर्च से लेकर घर चलाने तक की सारी सामग्री के दामों में बढ़ोतरी हो गई है। अब वक्त आ गया है कि मोदी सरकार को देश से उखाड़ फेंकने का। इसलिए सभी एकजुट हों और कोंग्रेस का साथ दें। केरसई पहुंचे विधायक सहित अन्य कांग्रेसियों ने स्व इंदिरा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सभा शुरू किया।

## पूर्व मंत्री एनोस एक्का के बेटे संदेश एक्का को झापा पार्टी का युवा जिला अध्यक्ष बनाया

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** झारखंड पार्टी की बैठक सोमवार को पंडरीपानी में हुई। जिलाध्यक्ष मतियस बागे की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में संगठन मजबूती पर चर्चा की गई। बैठक में सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए थे। पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष व पूर्व मंत्री एनोस एक्का के बेटे संदेश एक्का को पार्टी का युवा जिला अध्यक्ष बनाया गया। बैठक में उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि जल जंगल जमीन की बात कर ग्रामीणों को बरगला कर वोट हासिल करने वाला नेता किस तरह से जल जंगल और जमीन को बेचने का कार्य किया है वह किसी से छुपा नहीं है। उन्होंने कहा कि आज भी क्षेत्र में एनोस एक्का के ही कार्य देखने को मिलते हैं। बैठक में कहा गया कि आगामी चुनाव में एक बार फिर से झारखंड पार्टी की जीत सुनिश्चित करनी है बैठक में पंचायत चुनाव में जीतने वाले पार्टी समर्थित जनप्रतिनिधियों को सम्मानित भी किया गया बैठक में ओम प्रकाश अग्रवाल, बिरसा मांझी, आईरिन एक्का, जिप सदस्य अनीता सोरेंग, ललन प्रसाद, पिंटू सिन्हा, आमरेन समद,सुनील लुगुन, जॉनसन कांडूलना, गुडविन कांडुलना, सनियाल सुरीन, तारामणि साहू, सहित कई लोग



उपस्थित थे।

### देश की ताकत है युवा : संदेश

युवा जिला अध्यक्ष बनने के बाद संदेश एक्का ने युवाओं में जोश भरते हुए कहा कि युवा ही देश की ताकत है अगर युवाओं ने चाहा लिया तो देश की तकदीर बदलने से कोई रोक नहीं सकता है उन्होंने एनोस एक्का के कार्यों की याद दिलाते हुए कहा कि एनोस एक्का ने जो कार्य किया है उसकी बराबरी कोई नहीं कर सकता है। अपने पिता को षड्यंत्र के तहत फंसाने की बात कहते हुए संदेश ने कहा कि जल जंगल जमीन को बेचकर, गरीब आदिवासी जनता के भावनाओं को बेचकर पैसे बनाने का काम किसने किया है यह किसी से छुपा नहीं है। संदेश में कहा कि जल जंगल और जमीन की लड़ाई झारखंड पार्टी ने शुरू की थी और क्षेत्र के युवाओं के दम पर वह इस लड़ाई को मंजिल तक पहुंचा कर दम लेंगे।

## गढ़वा विशेष शाखा डीएसपी अरुण खलखो का रांची जाने के क्रम में कुडू में हुई मौत

यदि चिकित्सकों द्वारा व्यवस्थित एम्बुलेंस से भेजा जाता तो, बचाई जा सकती थी जान

नवीन मेल संवाददाता

**कुडू-लोहरदगा।** गढ़वा जिले के विशेष शाखा डीएसपी अरुण खलखो (55) का सोमवार की सुबह करीब 11 बजे निधन हो गया। मिली जानकारी के अनुसार रविवार की रात अचानक से शुगर बढ़ने के बाद उन्हें गढ़वा सरकारी अस्पताल ले जाया गया था। जहां उपचार के बाद भी शुगर नियंत्रित नहीं होने के बाद चिकित्सकों द्वारा उन्हें रांची के लिए रेफर किया गया था। लेकिन रांची ले जाते समय कुडू चंदवा के बिच में ही अचानक हालात बिगड़ने लगी। हालत बिगड़ने पर चालक उन्हें लेकर सामुदायिक स्वास्थ केंद्र कुडू पहुंचा, जहां जांच के बाद चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। 1994 बैच के सब इंस्पेक्टर रहे श्री खलखो गढवा विशेष शाखा में बतौर डीएसपी तैनात थे। मूल रूप से रांची जिले के मांडर थाना अंतर्गत बांसजाडी गांव के रहने वाले अरुण खलखो और उनका परिवार फिलहाल मांडर के खीस्त कॉलोनी



में घर बनाकर रह रहा था।

**घटना की खबर पर लोहरदगा पुलिस के कई अधिकारी पहुंचे कुडू अस्पताल :** डीएसपी के आकस्मिक निधन की खबर सुन लोहरदगा मुख्यालय डीएसपी परमेश्वर प्रसाद, लोहरदगा सर्किल इन्स्पेक्टर सीएम हांसदा, सीसीआर सह कोर्ट प्रभारी इंस्पेक्टर बनारसी प्रसाद, विशेष शाखा लोहरदगा अवर निरीक्षक विकास कुमार सहित कई अधिकारी कुडू अस्पताल पहुंच मामले की जानकारी ली और उनके शव को एम्बुलेंस से रांची भेजा। मौके पर कुडू थाना की एसआई जोशफिना हेम्ब्रम, रामदेव राय, रामकुमार बैठा, संजय कुमार सहित कई पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

**गढ़वा अस्पताल के चिकित्सकों की बड़ी लापरवाही आई सामने :** डीएसपी अरुण खलखो की मौत के पीछे गढ़वा अस्पताल के चिकित्सकों की बड़ी लापरवाही सामने आ रही हैं। जिन चिकित्सकों ने रात में उनका इलाज किया। वे उनकी स्थिति से भली भाँती वाकिफ थे इसीलिए उन्हें रिम्स रेफर किया उसके बावजूद उन्हें एंबुलेंस भेजना मुनासिब नहीं समझा। और उन्हें उनके निजी वाहन से ही इतनी लंबी दुरी तय करने की इजाजत दे दी। यदि उन्हें सुविधायुक्त एम्बुलेंस से ले जाया जाता तो शायद उनके प्राण की रक्षा की जा सकती थी।

### पति ने अपनी पत्नी को मारकर किया घायल सदर अस्पताल सिमडेगा में ईलाज के दरमियान हुई मौत

**कोलेबिरा।** कोलेबिरा थाना क्षेत्र में पति ने अपनी पत्नी को मारकर किया घायल प्राप्त जानकारी के अनुसार एडेगा पंचायत के रामजड़ी तेतर टोली गांव निवासी एडिसन बरला नामक



वयक्ति ने अपने 40 वर्षीय पत्नी विश्वासी बरला को आपसी विवाद में कहा सुनी के दौरान टांगी के पीछे भाग से मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया तत्पश्चात उनके परिजनों एवं ग्रामीणों के द्वारा घायल विश्वासी बरला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोलेबिरा लाया गया जहां चिकित्सकों ने उनका प्राथमिक इलाज किया एवं बेहतर ईलाज के लिए सदर सिमडेगा अस्पताल सिमडेगा रेफर कर दिया गया जिसमें ईलाज के बीच हुए मौत जिसके बाद कोलेबिरा पुलिस ने आरोपी को पकड़कर जेल भेल दिया गया और इस संदर्भ मे कोलेबिरा थाना काण्ड संख्या 50/2022 दिनांक 22.08.2022 धारा 302 भादवि अभियुक्त एडिशन बारला रामजडी कोलेबिरा सिमडेगा दर्ज कर लिया गया है मौत की सूचना मिलने पर सिमडेगा पुलिस के द्वारा शव को अपने कब्जे में ले कर अंत: परीक्षण के लिए भेज दिया वहीं पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के पश्चात परिजनों को शव सौंप दिया।

योगी सेना ने किया मटकी फोड़ प्रतियोगिता सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन, मोटिया संघ बरवाटोली रहा विजेता

## हिन्दू समाज को अपने धर्म के प्रति जागरूक होना जरूरी : भैरव सिंह

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** शहरी क्षेत्र के बरवाटोली चौक स्थित मनोकामना सिद्धि दुर्गा मंदिर परिसर में योगी सेना ने मटकी फोड़ प्रतियोगिता सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया। इस प्रतियोगिता में कुल सात टीम ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का जौहर दिखाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रांची के प्रसिद्ध हिन्दू नेता भैरव सिंह उपस्थित हुए। अतिथियों ने कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर कई सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें कलाकारों द्वारा एक से बढ़कर कार्यक्रम की प्रस्तुति किया गया। इधर मटकी फोड़ प्रतियोगिता में कुल 07 टीमों ने भाग लिया। जिसमें बजरंग दल अरेया, राजा बंगला श्री राम के दीवाने, मोटिया संघ, बक्शीडिपा जय श्री राम समिति, नवयुवक संघ बरवाटोली, लामन्टर बॉयज, सेरेंगहातू शामिल थे। यहां प्रथम पुरस्कार प्राप्त करने वाले मोटिया संघ बरवाटोली को 11 हजार रुपए नकद व शील्ड देकर सम्मानित किया गया। इससे पूर्व मुख्य अतिथि भैरव




सिंह ने कहा कि सनातन धर्म संस्कृति को आगे बढ़ाने के लिए इस तरह के कार्यक्रम का होना जरूरी है। भैरव सिंह ने कहा कि लोहरदगा में मटका फोड़ प्रतियोगिता जैसे कार्यक्रम हिंदू धर्म की मजबूती को दर्शाता है। जितने भी आज समस्याएं हैं हिंदू धर्म को लेकर खासकर धर्मांतरण, लव जिहाद आदि समस्याओं का निराकरण करने के लिए इस प्रकार के जागरण कार्यक्रम का आयोजन बहुत जरूरी है। गांव गांव में भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन करना होगा। यहां लोग आएंगे तो अपने धर्म के प्रति वे जागरूक होंगे और समाज को भी जागरूक करेंगे। भैरव सिंह ने कहा कि हिंदू समाज जब-जब जागरूक हुआ है संगठित हुआ है तब तब उसने पूरे विश्व का नेतृत्व किया है। हिंदू समाज को एकजुट होने के लिए धर्मांतरण जैसे बड़ी समस्याओं से लड़ना होगा। इधर कार्यक्रम के दौरान लोगों को अधिक भीड़भाड़ के कारण व्यवस्था नहीं होने के कारण परेशानियों का सामना करना पड़ा। हालांकि लोगों ने कार्यक्रम का आनंद जमकर उठाया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से योगी सेना के अध्यक्ष प्रवीण कुमार ठाकुर, जिला परिषद उपाध्यक्ष बिनोद उरांव उर्फ गुड्डु, पूर्व जिप सदस्य रामलखन प्रसाद, रितेश कुमार, रमेश साहू, रितेश कुमार, संतोष लकड़ा, रोहित साहू, बिनोद उरांव गुड्डु, गुप्तेश्वर प्रसाद, प्रत्यूष साहू, सचिन सिंघानिया, नागेंद्र प्रजापति, सरोज प्रजापति, मृण्त्युंजय मधुप, तुषार आरव, भोला साहू, नवींन ठाकुर, गौरव तमेडा समेत अन्य उपस्थित थे। इधर विधि व्यवस्था बनाये रखने को लेकर सदर थाना प्रभारी अनिल उरांव सदल बल के साथ कार्यक्रम स्थल पर मौजूद थे।

## शिक्षक संघ के सदस्यों ने नये जिला शिक्षा पदाधिकारी से की मुलाकात

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** झारखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ सिमडेगा इकाई के पदाधिकारियों ने राज्य प्रतिनिधि उपन डांग की नेतृत्व में सिमडेगा के नव पदस्थापित जिला शिक्षा पदाधिकारी मोहन झा से शिष्टाचार मुलाकात की। जहां पर सर्वप्रथम उन्हें सिमडेगा जिले में आगमन पर पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया। इस मौके पर सिमडेगा जिला में शिक्षा विभाग में शिक्षकों की समस्याओं के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा की जिस पर नवनियुक्त जिला शिक्षा पदाधिकारी ने सकारात्मक बातें कही तथा कहा कि सभी कार्य विभाग एवं शिक्षकों के हित में होगी ताकि शिक्षा का स्तर पढ़ें और सिमडेगा जिले में बेहतर शिक्षा के स्तर पर काम किया जा सके वही मुख्य रूप से इस दौरान संघ के प्रधान सचिव अरुण कुमार सिंह सलाहकार केवल प्रसाद सिंह कोलेबिरा प्रखंड के पदाधिकारी सुजीत प्रस्तुत एवं लालधन नायक उपस्थित रहे।

## न्यूज गैलरी

### एलीट पब्लिक स्कूल में शोक सभा का आयोजन

**मेदिनीनगर।** एलीट पब्लिक स्कूल चियाँकी में विद्यालय के सचिव डा. आशा सिन्हा एवं प्राचार्य की उपस्थिति में एक शोक सभा का आयोजन किया है। जिसमें ताबर गाँव के रहने वाले छात्र अमन, अकमल एवं अफसर जो इस विद्यालय चौथी, पंचमी के छात्र थे जिनकी मृत्यु गोरा गाँव स्थित माइन्स फैक्ट्री के बगल में बने गढ़े में जमा पानी में डूबने से हो गयी है। इस शोक सभा को संबोधित करते हुए सचिव डा. आशा सिन्हा ने कहा कि यह विद्यालय के लिए अपूरणीय क्षति है एवं इस दु:ख की घड़ी में बच्चे के माता-पिता एवं परिजन को ईश्वर साहस दे। साथ ही मृत आत्मा की ईश्वर शांति प्रदान करें। इस शोक सभा में विद्यालय की सभी कक्षाओं में छात्र-छात्राएं साथ ही सभी शिक्षक शिक्षिकाएं एवं पूरा विद्यालय परिवार शामिल हुआ।

### पलामू असंगठित कामगार ने रैयती भूमि को बचाने की मांग की




**मेदिनीनगर।** पलामू असंगठित कामगार कांग्रेस के चेयरमैन अनिल कुमार सिंह ने राजस्व एवं भूमि सुधार के प्रधान सचिव को पत्र लिखकर लोक प्रयोजनार्थ अर्जित रैयती सरकारी भूमि को पूर्व भू-स्वमी द्वारा भू-माफिया के सहयोग से जल संचायन को भरकर बिक्री करने से रोकने की मांग किया गया है। पत्र के माध्यम से मांग किया गया है कि जो भूमि शाहपुर ठाकुरबाड़ी के बांध के रूप जल संचायन एवं भूमि संरक्षण हेतु सरकार अर्जित कर आम जनता के लिए तालाब सरकारी राशि से नियमित कराया गया था।वो झारखण्ड सरकार के नाम से दर्ज है। उपर्युक्त भूमि को पूर्व भू-स्वमी एवं चैनपुर अंचल द्वारा भू-अभिलेख में हेर-फेर कर तालाब का अस्तित्व मिटटी भरकर समाप्त किया जा रहा हैं। साथ ही तालाब को बदलकर जमीन समतल कर भूमि को भू-माफियाओं द्वारा बिक्री करने की साजिश की जा रही हैं। आस पास के जनता द्वारा उक्त तालाब से संरक्षित भू-जल का उपयोग किया जाता हैं। नाली वगैरह का निकास भी हैं, जिसे बन्द कर दिया जा रहा हैं। विरोध करने पर भू-मफियाओं द्वारा डराया धमकाया जा रहा हैं।जिससे आम जनता काफी डरी हुई है।उन्होंने मांग किया है की खाता की सरकारी जमीन जो सर्वे में अनाबाद झारखण्ड सरकार है उसे अतिक्रमण मुक्त करते हुए पुन: तालाब एवं बांध का निर्माण कर संरक्षित किया जाए।

### बजाज का खुला शोरूम युवाओं में हर्ष




**मेदिनीनगर।** शहर के रांची रोड रेडमा में स्थित जेपीएस बजाज शोरूम में पल्सर का नया मॉडल एन 160 लॉन्च किया गया। पल्सर का यह नया मॉडल बाइक प्रेमी ग्राहकों में काफी आकर्षक है। बजाज शोरूम के ऑनर अभिषेक सिंह और बजाज कंपनी ने बताया कि पल्सर के लेटेस्ट मॉडल एन 160 का निर्माण नई तकनीकी और ग्राहकों की जरूरत को ध्यान में रखकर किया गया है। पल्सर का लेटेस्ट मॉडल एन 160 में डुवेल चैनल एबीसी, इनफाईनाईट डिस्प्ले, यूएसबी चार्जर, प्रोजेक्टर एलईडी हेड लैंप, अंडरबेली एग्जास्ट, जैसी आधुनिक फीचर्स और नई तकनीक से लैस है। ग्राहक इस गाड़ी की ऑनलाइन बुकिंग करा सकते हैं। जेपीएस बाजाज के शोरूम में चार आकर्षक रंगों में उपलब्ध है। तत्काल सभी गाड़ियों की बुकिंग हो चुकी है। जेपीएस बजाज शोरूम में पल्सर के नये मॉडल एन 160 की आने वाली गाड़ियों के लिए बुकिंग जारी है। इसकी एक्स शोरूम कीमत 126582 रुपए मात्र है।

### नाट्कीय ढंग से विवाह संपन्न

**मेदिनीनगर।** पांकी में घंटो ड्रामे के बाद राधा हुई दीपक की। रविवार की दोपहर करीब 2 बजे राधा रानी नामक महिला ने पिपराटाड़ थाना क्षेत्र के बिहारीखाप निवासी दीपक वैद पिता बैजनाथ बैद नामक व्यक्ति पर जबरजस्ती सिंदूर देने का आरोप लगाई थी। इस मामले में दीपक वैद द्वारा पूछे जाने के बाद उन्होंने बताया की हमलोग के बीच करीब एक वर्ष से प्रेम प्रसंग चला आ रहा है था। हमलोग दोनो को शादी करनी थी इसलिए हमलोग नाटकीय रूप दिये थे। घंटो ड्रामे के बीच एक झलक पाने के लिए हजारों भीड़ जुटी हुई थी। मौके पर पांकी पुलिस पहुँचकर मामले को शांत कराया । इसके बाद लड़के पक्ष से गाँव के प्रबुद्ध ग्रामीणों ने दोनो प्रेमी युगल को देर रात्रि लोहरसी चटी मन्दिर के प्रांगण में विधिवत पूजा अर्चना कर विवाह कराया।

## कस्तूरबा विद्यालय की छात्राओं ने प्रखंड कार्यालय का किया घेराव

# वार्डन पर लगे आरोपों को हटाने की मांग की




**नवीन मेल संवाददाता**

**धुरकी।** प्रखंड मुख्यालय स्थित कस्तूरबा आवासीय विद्यालय की छात्राओं ने सोमवार को प्रखंड कार्यालय का घेराव किया। वहीं विद्यालय के छात्राओं ने कहां की वार्डन सुमन अग्रवाल पर लगाया गया झूठा आरोप को हटाया जाए। कंचन कुमारी के द्वारा 16 अगस्त 2022 को आरोप लगाया गया था कि कस्तूरबा विद्यालय की वार्डन सुमन अग्रवाल ने मुझे भूत भगाने के नाम पर पीट पीटकर जख्मी कर दी थी और नाली का पानी भी पिलाया गया था।

**क्या कहती है छात्राएं :-**

विदित हो कि कस्तूरबा विद्यालय की छात्राओं ने सोमवार को प्रखंड कार्यालय पहुंचकर कहा कि वार्डन सुमन अग्रवाल पर लगाया गया आरोप गलत है और वही उपायुक्त महोदय गढ़वा के नाम प्रखंड विकास पदाधिकारी अरुण कुमार सिंह, व थाना प्रभारी को आवेदन सौंपा है आवेदन के माध्यम से कहा है कि हमारी वार्डन पर गलत आरोप लगाया गया है। उन्होंने कभी भी जाति सूचक शब्द का प्रयोग नहीं किया है हम बताना चाहते हैं कि हमारे विद्यालय में अस्सी परसेंट छात्राएं एससी एसटी जाति से आते हैं हम सभी छात्राओं से हमारी वार्डन मैंम जाति तक नहीं पूछा तो फिर कंचन कुमारी को दलित समझकर कैसे पीट सकती है। यहां तक कि हमारी मैम को कंचन कुमारी का जात भी पता नहीं था और हम सभी छात्राओं के साथ में बिल्कुल एक परिवार की तरह रहती है जिस प्रकार एक मां अपनी बेटी को प्यार देती है उसी प्रकार हमारी मैम हमेशा हमारे साथ भी प्यार से रहती है। अगर इतना सब कुछ के बाद भी हमारी मैम पर जाति सूचक का गलत आरोप लगाकर उन्हें जेल भेजने या सताने की कोशिश की जाएगी या उन्हें विद्यालय से हटाने की बात की जाएगी तो हम सभी छात्राएं भूख हड़ताल पर बैठेंगे और तब तक बैठेंगे जब तक हमारी मैम के ऊपर लगा झूठा आरोप को हटाया नहीं जाता मैम को इस आरोप से बचाने के लिए हम सभी छात्राएं अपनी जान तक लगा देंगे अगर इसी प्रकार एक महिला को सताया जाएगा जो कि पढ़ लिख कर आगे बढ़ी इसके बाद उन्हें प्रताड़ित किया जा रहा है वह भी झूठे आरोप के कारण अगर इसी तरह हमारे समाज में महिला को सताया जाएगा तो हम सभी छात्राएं भी पढ़ना छोड़ देंगे इसके जिम्मेदार सिर्फ आप होंगे छात्राओं ने यह भी कहा है कि आप हम सभी छात्राओं की बातों को सुनें जिससे किसी बेकसूर को सजा ना मिले और हमारी मैम सुमन अग्रवाल को हमारे साथ हमारे पास रहने दें। मौके पर निभा गुप्ता, रवीना सिंह, अंजलि कोरवा, सुषमा कुमारी, जैतून खातून, ललिता कुमारी सहित भारी संख्या में कस्तूरबा की छात्राएं मौजूद थी।

# हजारों योग्य लाभुक प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभ से वंचित

**हिमांशु सिंह**

**मयूरहंड (चतरा)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने पहले कार्यकाल में ऐतिहासिक लाल किले की प्राचीर से देशवासियों को संबोधित करते हुए कहा था जिन लोगों के आज भी कच्चे मकान हैं, उन सभी लोगों को वर्ष 2022 तक सरकार पक्के मकान बनाकर देगी। उसके बाद पूर्व के इंदिरा आवास के स्थान पर प्रधानमंत्री आवास योजना रखा गया। लेकिन मयूरहंड प्रखंड सहित जिले के हजारों योग्य लाभुक आज भी इस महत्वाकांक्षी योजना के लाभ से वंचित हैं। पंचायत को सरकार की लोक-कल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की महत्वपूर्ण जिम्मेवारी सौंपी गई है। इसी के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए कच्चे मकान के लाभुकों का ग्राम सभा के माध्यम से चयन करन, उनका जिओ टैग कर योग्य लाभुकों की प्राथमिकता सूची बनाना और योजना प्रारंभ कराकर ससमय योजना पूर्ण कराने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। लेकिन दुर्भाग्यवश, स्वयं सेवकों ने चंद सिक्कों के लोभ में, कच्चे मकान वाले लाभुकों का जियो टैग ना कर वैसे लाभुकों को दोबारा लाभ पहुंचाया जिनके परिवार में पहले इंदिरा आवास योजना का लाभ मिला है। कुछ बेहद सक्षम व सरकारी सेवा से जुड़े परिवारों को भी पैसे के लालच में आवास, उपहार स्वरूप किया गया। इनकी कर्तव्यहीनता और लापरवाही का ही नतीजा है कि आज भी हजारों योग्य लाभुक आवास योजना के लाभ से वंचित हैं। लेकिन ताज्जुब है की प्रखंड प्रशासन से शिकायत करने के बाबजूद कान पर जूं नहीं रेंगता। ऐसे में प्रधानमंत्री की महात्वाकांक्षी और सबसे महत्वपूर्ण योजनाओं में से एक संबंधितों के कर्तव्यहीनता और लापरवाही की भेंट चढ़ गई।

# अभाविप ने चलाया सदस्यता अभियान



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** अभाविप के द्वारा 22 अगस्त से 10 सितंबर तक सदस्यता अभियान का आयोजन किया गया है। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी अभाविप पूरे पलामू जिले के सभी प्रखंडों मे सदस्यता महाअभियान चलायेगी एवं अधिक से अधिक छात्रों को जोड़ा जायेगा। इस सदस्यता अभियान के नियमित पलामू जिले का प्रमुख अभय वर्मा को बनाया गया है एवं साथ ही सह प्रमुख रामा शंकर पासवान एवं रोहित देव दुबे को बनाया गया है।सदस्यता अभियान पूरे पलामू जिले के सभी विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में चलाया जायेगा। इस मौके पर उपस्थित पलामू जिला संयोजक अभय वर्मा ने कहां की परिषद के कार्यकर्ताओं ने 12 हजार नए छात्रो को जोड़ेने का लक्ष्य रहा है। नगर सह मंत्री रामा शंकर पासवान ने कहा कि मेदिनीनगर के प्रत्येक शिक्षण संस्थानों में परिषद के द्वारा सदस्यता महाअभियान चलाया जायेगा एवं हजारों नये छात्रों को जोड़ा जायेगा। सदस्यता अभियान का उद्घाटन जिला सह संयोजक रोहित देव की अध्यक्षता में जनता शिवरात्रि महाविद्यालय में कराया गया। जिसमें सैकड़ों छात्रों ने सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर परिषद के राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य विनीत पांडे, जिला एसएफडी प्रमुख गोविंद मेहता,एसएफडी सह प्रमुख सुमित पाठक, आकाश कुमार नितीश दुबे उत्कर्ष तिवारी प्रकाश पांडे अभिषेक कुमार रवि आदि सैकड़ों छात्र-छात्राएं उपस्थित रही।

# कांग्रेस ने की महंगाई पर चर्चा कार्यक्रम




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** विश्रामपुर विधानसभा के अंतर्गत नावा, पांडू, उटारी, विश्रामपुर प्रखंड में महंगाई पर चर्चा कार्यक्रम के तहत महंगाई चौपाल का आयोजन किया गया। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक के नेतृत्व में लगातार आज छठा दिन सोमवार को पलामू जिला के विश्रामपुर विधानसभा के अंतर्गत नावा, पांडू, उटारी, विश्रामपुर प्रखंड में महंगाई पर चर्चा कार्यक्रम के तहत महंगाई चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष संतोष चौबे ने किया। चौपाल के माध्यम से कांग्रेस जनों ने सभी दुकानदार भाई आम जनों एवं आम उपभोक्ताओं को आसमान छूती मंगाई के लिए जिम्मेवार मोदी सरकार की नीतियों से अवगत कराया लोगों को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने कहा कि पलामू जिला कांग्रेस कमेटी पलामू के सभी विधानसभा प्रखंडों में इस तरह के कार्यक्रम करके महंगाई पर लोगों को अवगत करा रही है। मौके पर पूर्व प्रत्याशी अमृत शुक्ला बादल संतोष चौबे ईश्वरी प्रसाद सिंह सत्येंद्र सिंह जितेंद्र कमलापुरी देवांग शुक्ला नावा प्रखंड अध्यक्ष अमीर खुर्शीद आलम पांडू प्रखंड अध्यक्ष सच्चिदानंद शुक्ला उटारी प्रखंड अध्यक्ष अशोक सिंह विश्रामपुर नगर अध्यक्ष ऋषि पांडे मिस्टर अंसारी मुखिया छोटू सिंह तपेश्वर चौधरी मुकेश यादव प्रदीप पांडे श्याम सुंदर सिंह सत्येंद्र तिवारी रिंकू सिंह पी पांडे जुमराती अंसारी डॉ. खुर्शीद विजय पासवान सुनील शुक्ल इलियास अंसारी महेंद्र ठाकुर मनी चंद्रवंशी भूषण पांडे इरशाद अहमद काफी लोग उपस्थित रहे।

# रेलवे स्टेशन पर चला विशेष चेकिंग अभियान



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** स्थानीय रेलवे स्टेशन पर सोमवार को विशेष टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व टीटीई इंस्पेक्टर बीएम पांडेय कर रहे थे। इस दौरान गरीब रथ, टाटा मुरी एक्सप्रेस, सवारी गाड़ी व अन्य ट्रैनों से सफर कर रहे 50 से अधिक यात्रियों को बेगैर टिकट यात्रा कर रहे पकड़ा गया। उनसे कुल पंद्रह हजार रुपये जुर्माना के रूप में वसूला गया। टीटीई इंस्पेक्टर बीएम पांडेय ने कहां की जो यात्री बगैर टिकट पकड़े जायेंगे अब उनकी खैर नहीं है। उनसे सीधी तौर पर जुर्माना वसूला जायेगा और किसी भी हालत में उन्हें छोड़ा नहीं जायेगा। उन्होंने कहा यह अभियान लगातार डालटेनगंज, गढ़वा रोड स्टेशन आदि स्टेशनों पर चलाया जा रहा है ताकि लोग टिकट के साथ ही अपनी यात्रा करें। गौरतलब है की आये दिनों में लगातार रेलवे की ओर से बिना टिकट के यात्रा कर रहे यात्रियों का चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। जिसमे जुर्माना के साथ साथ कई यात्रियों को जेल की भी सजा दी जा रही है।

# पलामू जिले में अपर लोक अभियोजक के तीन पद रिक्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदनीनगर।** पलामू जिला व्यवहार न्यायालय में अपर लोक अभियोजक व सहायक लोक अभियोजक के कमी होने के कारण न्यायिक कार्य में काफी विलंब हो रहा है। विदित हो कि पलामू जिले में 5 अपर लोक अभियोजक व एक लोक अभियोजक का पद है। इसमें जिले में मात्र 2 लोक अभियोजक और एक लोक अभियोजक आदत है। वही जिले में 12 सहायक लोक अभियोजक के पद हैं। इसमें महज दो ही सहायक लोक अभियोजक कार्यत हैं 10 पद रिक्त है 10 पद रिक्त रहने के कारण न्यायिक कार्यों में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। एक-एक सहायक लोक अभियोजक 88 कोर्ट के देखरेख में हैं। प्रभार में चल रहे हैं इससे लोगों को गवाही अभियोजन कार्य करने में काफी परेशानी हो रही है कई लोगों को दूरदराज से आए हम वकीलों को बिना काम कराये वापस लौटना पड़ रहा है। विदित हो कि जिले से साफ 70 किलोमीटर दूर के ग्रामीण न्याय कार्य हेतु सिविल कोर्ट डालटेनगंज में आते हैं परंतु जब उनका काम नहीं हो पाता तो वे निराश होकर लौट जाते हैं। विदित हो कि सहायक लोक अभियोजक का पदस्थापन जिले में न्यायालय में गृह विभाग के द्वारा किया जाता है वही अपर लोक अभियोजक का भी गृह विभाग से किया जाता है परंतु विगत तीन-चार वर्षों से सहायक लोक अभियोजक और अपर लोक अभियोजक की पदस्थापना पलामू जिले में नहीं की गई है। इस संबंध में अधिवक्ताओं का कहना है कि पलामू जिले में रिक्त पड़े सहायक अभियोजक व अपर लोक अभियोजक की नियुक्ति सिद्ध करने की मांग की है।

### धनबाद-भुवनेश्वर स्पेशल ट्रेन कल से

**धनबाद।** रेलवे मंत्रालय ने धनबाद से भुवनेश्वर तक तीन दिनों तक चलायी जायेगी। भुवनेश्वर-धनबाद-भुवनेश्वर त्रि-साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन का परिचालन 23 अगस्त से 27 सितम्बर तक होगा। यह ट्रेन प्रत्येक मंगलवार, शुक्रवार और रविवार को भुवनेश्वर से प्रस्थान करेगी। स्पेशल ट्रेन का कुल 16 ट्रिपों तक परिचालन होगा। ट्रेन भुवनेश्वर रेलवे स्टेशन से भुवनेश्वर के लिए रात्रि आठ बज कर 25 मिनट पर खुलेगी। इसके बाद ट्रेन अंगुल, संबलपुर सिटी, झाड़सुगुड़ा, राउरकेला, हटिया, रांची, मुरी, बोकारो, धनबाद पहुंचेगी।

### ग्रामीणों ने कर्मियों को बनाया बंधक

**गोड्डा।** गोड्डा जिले के बोआरीजोर क्षेत्र में अवस्थित ईस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड, ईसीएल के राजमहल कोयला खदान क्षेत्र में कोयला खनन को लेकर चल रहा गतिरोध जारी है। विभिन्न मांगों कोलेकर विरोध प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों ने कल देर रात कई पुलिस-प्रशासनिक और ईसीएल पदाधिकारियों-कर्मियों को घेर लिया। बाद में विभिन्न जिलों से कई थाने की पुलिस टीम के मौके पर पहुंचने पर भीड़ ने बंधक बनाये गये पदाधिकारियों-कर्मचारियों को छोड़ा गया। जिले के उपायुक्त और ईसीएल के अधिकारी लगातार ग्रामीणों से बातचीत कर उन्हें समझाने का प्रयास कर रहे है।

# महिला के पास से पुलिस ने मादक पदार्थ सहित एक लाख 25 हजार 960 रुपये किया बरामद



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** पुलिस अधीक्षक अंजनी कुमार झा के निर्देश पर पुलिस ने अंतर्राज्यीय हिरोईन कारोबारी रूबी देवी महिला को 49 ग्राम हिरोईन के साथ गिरफ्तार किया है। साथ ही उसके पास से 1 लाख 25 हजार 960 रुपये एवं दो मोबाइल बरामद किया है। उक्त बाते एसडीपीओ अवध कुमार यादव सोमवार को थाना परिसर में पत्रकार वार्ता के दौरान कही। एसडीपीओ ने बताया कि पुरानी बाजार छठ घाट के आस-पास नशीले पदार्थ की बिक्री होने की गुप्त सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुये एक टीम गठित कर पुरानी बाजार छठ घाट में छापेमारी की गई। जहां से अंतर्राज्यीय हिरोईन कारोबारी रुबी देवी महिला को गिरफ्तार किया गया। तलासी के दौरान उसके पास से छः प्लास्टिक पुड़िया व एक कागज का पुड़िया में बरामद 49 ग्राम भूरे रंग का हिरोईन बरामद किया गया है। साथ ही 1 लाख 25 हजार 960 रुपये एवं दो मोबाईल भी बरामद किया गया। उन्होंने कहा किनशीले पदार्थ की बिक्री करने वालों के विरुद्ध पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। एसडीपीओ ने बताया कि रूबी देवी हिरोईन बिहार के सासाराम से मंगाकर गढ़वा में बेचने की काम कर रही थी। रूबी के पास शहर के अधिकांस युवा वर्ग के लोग हिरोइन खरीदने का काम कर रहे थे। पत्रकार वार्ता में मुख्य रूप से थाना प्रभारी लक्ष्मीकांत, पुअनि कृष्णा कुमार कुश्वाहा, संजय कुमार, रीना दास, सहित कई लोग उपस्थित थे।

### बेलचांपा पुल के पास बाइक दुर्घटना में दो व्यक्ति घायल

**गढ़वा।** गढ़वा-रेहला मार्ग पर सोमवार को बेलचांपा पुल के पास मोटरसाइकिल दुर्घटना में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए घायलों में रंका थाना क्षेत्र के बानदो गांव निवासी जय प्रकाश रवि का पुत्र रविंद्र भारती एवं मथुरा रवि का पुत्र प्रिंस कुमार रवि के नाम शामिल है। दोनों घायलों को इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में बताया गया कि दोनों चचेरा भाई भाई मोटरसाइकिल पर सवार होकर अपने घर से विश्रामपुर स्थित रामचंद्र चंद्रवंशी कॉलेज में एडमिशन कराने के लिए गया हुआ था। वापस लौटने के दौरान रेहल ओवर ब्रिज पुल के पास एक जानवर को बचाने के दौरान उसकी मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। घटना के बाद राहगीरों ने उसे उठाकर इलाज के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

## मंत्री मिथिलेश ने सीएम को मेराल की घटना से कराया अवगत

# सीएम ने दिए जांच का आदेश, टीम गठित



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** जिले के मेराल में हुई लाठीचार्ज की घटना का मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जांच का आदेश दे दिया है। इस संबंध में गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने सोमवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात कर पूरे मामले से उन्हें अवगत कराया। साथ ही इस मामले में दोषी लोगों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने की मांग की। मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव को बुलाकर त्वरित कार्रवाई करते हुए पलामू पुलिस उप महानिरीक्षक राजकुमार लकड़ा के नेतृत्व में जांच कमेटी गठित कर निष्पक्ष जांच करने का आदेश दिया है। यह जांच कमेटी हासनदाग पंचायत में हुई वृद्ध की हत्या एवं मेराल में पुलिस प्रशासन द्वारा किए गए लाठीचार्ज की घटना की जांच की करेगी। यह टीम एक सप्ताह के अंदर जांच रिपोर्ट मुख्यमंत्री को सौंपेगी।

मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि रिपोर्ट के अनुसार इस मामले में जो भी पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं अन्य लोग दोषी पाए जाएंगे उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। जांच में मेराल अंचलाधिकारी अंगार नाथ स्वर्णकार की लाठीचार्ज में संदिग्ध भूमिका की भी गहराई से जांच की जाएगी। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि किसी को भी जंगलरज कायम करने की इजाजत नहीं है। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार एवं पूरा प्रशासनिक तंत्र जनता एवं जनहित के कार्यों के लिए है। यहां किसी को भी मनमानी करने की छूट नहीं दी जा सकती है। चाहे जो कोई भी इस मामले में दोषी पाया जाएगा उनके विरुद्ध निश्चित रूप से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### यूको बैंक के एटीएम काटकर रुपये उड़ाये

**लातेहार।** शहर के बीचों बीच दुर्गा मंदिर के सामने स्थित यूको बैंक के एटीएम से बीती रात अज्ञात चोरों ने गैस कटर मशीन से एटीएम काटकर रुपये चुरा लिए। हालाँकि एटीएम से चोरी गई राशि की पुष्टि नहीं हो पाई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सूचना मिलते ही लातेहार एसडीपीओ संतोष मिश्र, पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता दलबल के साथ स्थल पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू कर दी। बताया जा रहा है कि चोर सीसीटीवी कैमरा पर स्प्रे मारकर एटीएम में अंदर पहुंचे और शटर गिरकर एटीएम मशीन को गैस कटर से काट दिया। इधर पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने बताया कि एटीएम मशीन में कटर मशीन लगाकर काटने का प्रयास किया गया है। पुलिस जांच पड़ताल कर रही है।

# पलामू पुलिस ने कई दिनों से सक्रिय चोर को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू एसपी चंदन सिन्हा के आदेश पर पाकी थाना की पुलिस ने कई दिनों से चोरी की घटना को अंजाम देने वाले (चार) चोर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार पाकी थाना प्रभारी अमित कुमार सोनी को रविवार की रात करीब 10 बजे गुप्त सूचना प्राप्त हुई की कुछ संदिग्ध व्यक्ति पांकी मंझौली में बंद पड़े सरकारी भवन में मौजूद है एवं चोरी की घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे है। प्राप्त सूचना के आधार पर पांकी थाना प्रभारी के द्वारा एक टीम का गठित किया गया। टीम मझौली स्थित उक्त सरकारी भवन के पास पहुंची और सरकारी भवन को चारों तरफ से घेर लिया गया तथा सरकारी भवन के अन्दर प्रवेश कर तलाशी के कम में चार लड़के सदिग्ध में पाये गये। सभी संदिग्ध लड़के पुलिस को देखकर भागने लगे। जिन्हें पुलिस ने पकड़ा लिया।इसके बाद थाना प्रभारी द्वारा कढ़ाई से पूछ-ताछ करने पर संदिग्धों ने अपना नाम (1) राहुल सिंह उम्र करीब 20 वर्ष पिता ललन सिंह (2) अखलेश कुमार उम्र करीब 22 वर्ष पिता बिनोद गुईया (3) सोनू कुमार भुईया उम्र करीब 18 वर्ष पिता अशोक भुईया (4) दिलीप कुमार उम्र करीब 19 वर्ष पिता स्व सुरेश भुईया सभी ग्राम मंझौली थाना पाँकी जिला पलामू बताया। पूछ-ताछ के क्रम में चारों अभियुक्तों ने अपने अपराध स्वीकारोक्ति बयान में बताया कि ये चारो मिलकर पिछले 6 माह से पांकी थाना अन्तर्गत कई जगहो से चोरी की घटना को अंजाम देते आ रहे है। चोरों में यह भी बताया कि मार्च 2022 में ब्राइट फोर्ड पब्लिक स्कूल पाँकी के ऑफिस का ताला तोड़कर सामान चोरी किये थे। दूसरी चोरी इनलोगो ने जुलाई 2022 में आत्मा कृषि विभाग सिंगल विन्डो सेन्टर पौंकी के ऑफिस से ताला तोड़कर चोरी किये थे तथा तीसरा चोरी जरही चौक के पास किराना दुकान में चोरी की घटना को अंजाम दिया था। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों के पास से पुलिस ने एक डीप फ्रिजर टक्सजे टाटा कंपनी का,,एक मोटर स्टार्टर,दो दुलू पम्प (छोटा वाला), एक मिक्सी. एक स्टेबलाईजर,युपीएस,12भोल्ट बैट्री, एक सीपीयू,सिलींग फैन,चार उषा कंपनी का,एक स्टेबलाईजर, एक साउन्ड सिस्टम,लेनभो कंपनी का एक डेस्कटॉप,तीन स्टेन पंखा,एक बन्डल तार,एक बफर,एक साउन्ड सिस्टम ,इप्सोन कंपनी का एक प्रिन्टर,एक साउन्ड सिस्टम,एक बन्डल तार,एक सेट कम्प्यूटर सेट बरामद किया है।

**छापामारी दल में शामिल पुलिस पदाधिकारी :** अमित कुमार सोनी थाना प्रभारी पाकी पलामू,गुलशन गौरव,हिरालाल साह ,गौतम कुमार,रतन कुमार,भरदुल पासवान,ओम प्रकाश,अजित कुमार वर्मा,विभव शुक्ला,संजित कुमार चौधरी,देव कुमार पाठक,रामचन्द्र गोप शामिल थे।

## न्यूज गैलरी

### रोहतास में अवैध हथियार बनाने की फैक्ट्री का भंडाफोड़, अर्द्ध निर्मित हथियार सहित तीन लोग गिरफ्तार



**रोहतास (एजेंसी)।** बिहार में रोहतास जिले के दरिगांव थाना अंतर्गत कुसुढी गांव में पुलिस ने छापेमारी कर अवैध हथियार बनाने की एक फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने मौके से अर्द्ध निर्मित हथियार सहित इन्हें बनाने के उपकरण जब्त किए। पुलिस अधीक्षक आशीष भारती ने रविवार को बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर दरिगांव पुलिस ने कुसुढी गांव में छापेमारी कर एक घर में अवैध हथियारों का निर्माण करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार लोगों में कुसुढी गांव निवासी राम यादव एवं राजू कुमार तथा पड़ोसी राज्य झारखंड के लातेहार थाना निवासी विनय यादव को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मौके से अर्द्ध निर्मित हथियार, कारतूस, हथियार बनाने के उपकरण, पांच मोबाइल फोन तथा दो मोटरसाइकिल जब्त किए गए हैं।

### मुख्यमंत्री बघेल का भोपाल दौरा रद्द

**रायपुर (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का भोपाल दौरा रद्द हो गया है। खराब मौसम की वजह से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने दौरा रद्द कर दिया गया है। इसकी वजह से भूपेश बघेल को रायपुर एयरपोर्ट से वापस लौटना पड़ा। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री बघेल सोमवार को भोपाल में इंटर स्टेट कांउसिल की बैठक में शामिल होने वाले थे। मुख्यमंत्री बघेल अब वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में शामिल होंगे।

### कैमूर में भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद, दो गिरफ्तार

**भभुआ (एजेंसी)।** बिहार में कैमूर जिले के मोहनिया थाना क्षेत्र से पुलिस ने भारी मात्रा में विदेशी शराब के साथ दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस सूत्रों ने सोमवार को यहां बताया कि रविवार की देर रात समेकित चेकपोस्ट के निकट वाहनों की जांच की जा रही थी। इस दौरान एक कार को रोककर तलाशी ली गयी। तलाशी के दौरान कार से 95 बोतल विदेशी शराब बरामद की गयी। सूत्रों ने बताया कि कार पर सवार पटना जिले के बिक्रम थाना क्षेत्र के अख्तियारपुर निवासी रवि सपन एवं पियूष रंजन को गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार लोगों से पूछताछ की जा रही है।

### शराबी पुत्र ने पिता की पीट-पीटकर कर दी हत्या

**बिहारशरीफ (एजेंसी)।** नुरसराय थाना क्षेत्र के जगदीशपुर तैयारी गांव में आपसी रंजिश को लेकर शराबी पुत्र ने सोमवार की सुबह अपने पिता की पीट पीट कर हत्या कर दी। घटना के संबंध में बताया जाता है कि जगदीशपुर गांव निवासी दिनेश शर्मा अपने घर में खाना खा रहे थे। उसी वक्त शराबी पुत्र घर पहुंच कर किसी बात को लेकर वाद विवाद करने लगा बात बढ़ते हुए दोनों के बीच हाथापाई हो गई। इसी बीच शराबी पुत्र ने ईट से पिता के सर पर प्रहार कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घटनाक्रम को देखते हुए दिनेश शर्मा के छोटे पुत्र ने उन्हें अचेता अवस्था में स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया जहां से बेहतर इलाज के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल लाया गया । इसके बाद लौटने के क्रम में रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना नूरसराय थाना पुलिस को दी गई। नूरसराय थाना पुलिस द्वारा हत्या की प्राथमिकी गोरे लाल यादव को अभियुक्त बनाते हुए दर्ज की गई है। थानाध्यक्ष वीरेंद्र चौधरी ने बताया कि दोनों पिता पुत्र के बीच आपसी रंजिश को लेकर वाद विवाद के साथ मारपीट हो गई थी।जिससे गंभीर चोट लगने से उनकी मौत हो गई है। सारे घटनाक्रम की जायजा लेने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया है। हत्या के बाद हत्यारा पूत्र फरार हो गया है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने सघन छापामारी शुरू कर दी है।

### अरेराज न्यायालय के आदेशपाल हत्याकांड का सीसीटीवी वीडियो आया सामने

**मोतिहारी (एजेंसी)।** अरेराज के न्यायालय कर्मी संजय ठाकुर के हत्यारों का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। जिसमे गमछा लपेटे एक युवक हथियार निकालकर संजय ठाकुर पर फायरिंग करता है।हालांकि तस्वीरे साफ होने के बावजूद बादमाश पुलिस की पकड़ से बाहर है। इस मामले को लेकर पुलिस की एसआईटी अरेराज एसडीपीओ के नेतृत्व में काम कर रही है।इसको लेकर तुरकौलिया , हारसिद्धि और बंजरिया थाने में कई जगह रेड की है।इसके साथ ही इस मामले में टेक्निकल सेल भी लगातार कई विंदु पर काम कर रही है। उल्लेखनीय है कि 20 अगस्त को अपराधियो ने सुबह 10 बजे के करीब अरेराज न्यायालय गेट पर बाइक सवार बदमाशों ने संजय ठाकुर को गोली मार दी थी। जिनका इलाज के लिये मोतिहरी पहुँचने के दौरान मौत हो गई।

# तेज रफ्तार कैंटर ने मोटरसाइकिल में मारी टक्कर, पांच की मौत




**बागपत (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश में बागपत के बालैनी थाना क्षेत्र में एक तेज रफ्तार कैंटर ने एक मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी है और इस दुर्घटना में दंपती के साथ तीन बच्चियों की मौत हो गयी है। पुलिस ने सोमवार को बताया कि दुर्घटना बालैनी थाना क्षेत्र के मवीकला टोल के पास की है। रविवार देर रात हुई इस दुर्घटना में बागपत के डौला गांव निवासी फतेह पुत्र लियाकत (35),पत्नी तब्बसुम (30) और उनकी तीन बेटियों इलमा (08), इकरा (06) और माहिरा(05) की मौत हो गयी है। फतेह मोटरसाईकिल पर परिवार के साथ मेरठ से अपने गांव डोला जा रहा था। पत्नी तब्बसुम गर्भवती थी। जब ये लोग मवीकला टोल के पास पहुंचे तो मोटरसाइकिल में एक तेज रफ्तार कैंटर ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि मोटरसाइकिल के परखच्चे उड़ गए। घटनास्थल पर ही दम्पत्ति व तीनों बच्चियों ने दम तोड़ दिया। घटना के बाद कैंटर चालक वहां से भाग निकला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। पुलिस उपाधीक्षक विजय चौधरी ने बताया कि पुलिस ने कैंटर चालक इरशाद का पीछा करके उसको गिरफ्तार कर लिया। सूचना पर डौला गांव से उनके परिजन व काफी संख्या में ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए थे। मृतक फतेह के घर में अब केवल उसकी सबसे बड़ी बेटी फरहा(10) वर्ष ही रह गई है।

### डबल डेकर बस के रौंदने से श्रमिक की मौत, साथी घायल



**फिरोजाबाद (एजेंसी)।** थाना मक्खनपुर क्षेत्र अन्तर्गत रविवार की देर रात्रि डबल डेकर बस के रौंदने से मोटर साइकिल सवार श्रमिक की मौत हो गई जबकि साथी मजदूर घायल हो गया। पुलिस मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लाई है। थाना जसराना क्षेत्र के गांव पलिया दोयम निवासी अंत कुमार (25) थाना मक्खनपुर क्षेत्र के रूपसपुर स्थित एक कोल्ड स्टोर पर काम करता था। बताया जाता है कि वह रविवार की देर रात्रि ड्यूटी खत्म कर मोटर साइकिल पर सवार होकर वापस अपने घर जा रहा था। उसके साथ उसका एक साथी भी बैठा था तभी रूपसपुर स्थित कोल्ड के सामने हाइवे पर उसे एक तेज गति से आ रही एक डबल डेकर बस ने रौंद दिया। हादसा इतना भीषण था कि अंत कुमार की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि उसका साथी घायल हो गया। दुर्घटना देख वहां से गुजर रहे लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तत्काल बस को पकड़ लिया। बस में दर्जनों सवारियां थीं। पुलिस मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लाई है। बस लखनऊ से राजस्थान जा रही थी। इस सम्बंध में थाना प्रभारी मक्खनपुर ने बताया कि हादसे में एक युवक की मौत हुई है। जबकि एक घायल है। बस को पकड़ लिया गया है जबकि चालक फरार हो गया है। तहरीर प्राप्त कर मुकदमा दर्ज किया जायेगा।

### चिकित्सक की लापरवाही से गयी प्रसूता की जान एफआईआर दर्ज

**नवादा (एजेंसी)।** नवादा जिले के सरकारी दावों के बावजूद कौआकोल के नाजायज क्लीनिकों में तथाकथित चिकित्सक के द्वारा ग्रामीणों का इलाज किया जा रहा है। कौआकोल में बिना रजिस्ट्रेशन के ही कई नर्सिंग होम चलाया जा रहा है। जहां भोले-भाले ग्रामीणों का आर्थिक शोषण किया जा रहा है एवं तथाकथित चिकित्सकों की लापरवाही से मरीजें की जान भी जा रही है। वहीं जब स्थिति बिगड़ने लगती है,तब तथाकथित चिकित्सक नर्सिंग होम बंद कर फरार हो जाते हैं। ऐसा ही मामला सोमवार को कौआकोल के रानीबाजार स्थित एक नर्सिंग होम में प्रकाश में आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के लोहसिंघानी गांव निवासी डीलर व मंझिला पंचायत के सरपंच प्रतिनिधि छोटन साव के पुत्र आनन्द भारती ने अपनी 27 वर्षीय पत्नी काजल कुमारी को प्रसव पीड़ा होने के बाद रानीबाजार गांव में वन विभाग कार्यालय के पास अवस्थित सारनाथ हॉस्पीटल प्रा० लि० में इलाज के लिए भर्ती कराया था। जहां चिकित्सक डॉ० अनुज कुमार के द्वारा आनन्द भारती की पत्नी काजल का ऑपरेशन कर बच्चा निकाल दिया गया। परिजनों का आरोप है कि महिला का ऑपरेशन बगैर परिवार से राय लिए कर दिया गया। ऑपरेशन के बाद अचानक महिला की हालत गंभीर होती चली गई। हालात जब बिगड़ने लगे तो चिकित्सक उसे रेफर कर हॉस्पीटल छोड़कर फरार हो गया। इसके बाद मृतक के स्वजन द्वारा महिला के बेहतर ईलाज के लिए ले जाने वास्ते निजी एम्बुलेंस को बुलवाया गया। जब तक एम्बुलेंस पहुंचती महिला की मौत हो गई।

# शिक्षक अभ्यर्थियों के प्रदर्शन में लाठीचार्ज, 25 घायल



**पटना (एजेंसी)।** बिहार में सातवें चरण की शिक्षक नियोजन प्रक्रिया में सीटीईटी और बीटीईटी के अभ्यर्थियों को शामिल नहीं किए जाने से नाराज छात्रों के प्रदर्शन के दौरान पुलिस लाठीचार्ज में सोमवार को कम से कम 25 लोग घायल हो गए। शिक्षक भर्ती को लेकर बिहार की नई महागठबंधन की सरकार को घेरने के लिए बड़ी संख्या में शिक्षक अभ्यर्थियों ने राजधानी पटना में सोमवार को प्रदर्शन किया। राजधानी के ऐतिहासिक गांधी मैदान से अभ्यर्थियों ने सरकार के विरोध में नारेबाजी करते हुए मार्च निकाला। मार्च के डाकबंगला चौराहा पहुंचते ही वहां पहले से मौजूद दंडाधिकारी के नेतृत्व में पुलिस ने उन्हें आगे बढ़ने से रोक दिया। इसके बाद अभ्यर्थियों और पुलिस के बीच तीखी नोकझोंक शुरू हो गई। आक्रोशित अभ्यर्थियों को रोकने के लिए पुलिस को लाठियां चलानी पड़ी, जिसमें कम से कम 25 अभ्यर्थी गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तत्काल अस्पताल ले जाया गया है। प्रदर्शन में शामिल एक महिला अभ्यर्थी ने बताया कि उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव जब विपक्ष में थे तो कई बार यह भरोसा देते थे कि वह हमारी नौकरी के लिए तत्काल कदम उठाएंगे। जब आज उनकी सरकार बन गई है तो हमारी मांगों को टालने की कोशिश शुरू हो गई है। वर्तमान सरकार से भी निराशा हाथ लग रही है। महागठबंधन की सरकार टालमटोल की नीति अपना रही है। प्रदर्शन कर रहे अभ्यर्थियों ने बताया कि यहां दो दिन में 32 नए मंत्री शपथ ले लेते हैं। पुरानी सरकार बदल जाती है लेकिन जब शिक्षा मंत्री से हमने अपनी नौकरी की मांग की तो वर्ष 2024 तक इंतजार करने के लिए कहा गया।

### बिहार में अब कौन होगा नेता प्रतिपक्ष?

# बीजेपी ने आलाकमान को भेजे इन नेताओं के नाम, आज लगेगी मुहर



**पटना (एजेंसी)।** बिहार में महागठबंधन की सरकार बनने के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) विपक्ष की भूमिका में आ गई है। राज्य में मंत्रिमंडल विस्तार के बाद से ही नेता प्रतिपक्ष की चर्चा ने जोर पकड़ लिया है। बिहार भाजपा में अब विपक्ष के नेता को चुनने की कवायद तेज हो गई है। इसे लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) आज यानि 23 अगस्त को बैठक करेगी।

जानकारी के अनुसार, बिहार भाजपा की यह बैठक दो पालियों होगी। पहली बैठक 11:00 बजे होगी जिसमें विपक्ष के नेता का नाम घोषित किया जा सकता है। वहीं, दूसरी बैठक शाम 5:00 बजे बिहार विधानमंडल दल की होगी। इन दोनों बैठकों के बाद विधानमंडल के दोनों सदनों में विपक्ष के नेता चुन लिए जाएंगे। माना जा रहा है कि भाजपा विपक्ष का नेता चुनने में जातीय समीकरण का पूरा-पूरा ख्याल रखेगी।

भाजपा ने विधानसभा के लिए आठ और बिहार विधान परिषद के लिए तीन नाम पार्टी के आलाकमान को भेजे गए हैं। विधानसभा के 8 चेहरों में से किसी एक के नाम पर आलाकमान मुहर लगा सकती है। जिन आठ विधायकों के नाम भेजे आलाकमान गए हैं, उनमें तारकिशोर प्रसाद और संजीव चौरसिया (वैश्य), नीतीश मिश्रा (ब्राह्मण), राणा रणधीर सिंह (राजपूत), विजय सिन्हा और जीवेश मिश्रा (भूमिहार), नितिन नवीन (कायस्थ), संजय सरावगी (मारवाड़ी) शामिल हैं।

इसके अलावा विधान परिषद के लिए भाजपा ने पूर्व मंत्री मंगल पांडे, सम्राट चौधरी और नवल किशोर यादव का नाम आलाकमान को भेजा है। गौरतलब हो कि नीतीश कुमार ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का साथ छोड़ प्रदेश में एक बार फिर से महागठबंधन के साथ सरकार बना ली, जिसके बाद भाजपा राष्ट्रीय जनता दल (राजद) की पुरानी भूमिका यानि विपक्ष की भूमिका में आ गई है।

# खादी ग्रामोद्योग व मधुबनी पेंटिंग से रोजगार उपलब्ध कराना पहली प्राथमिकता : मंत्री समीर महासेठ

- खादी ग्रामोद्योग को राष्ट्रीय स्तर पर चमकाने का प्रयास
- बंद चीनी मीलों का शीघ्र चालू करने की होगी पहल
- ग्रामीण परिवेश में महिलाओं को कुटीर उद्योग से जुड़ाव



**मधुबनी (एजेंसी)।** जिला मुख्यालय के विभिन्न स्थानों पर बिहार के उद्योग मंत्री समीर कुमार महासेठ का नागरिक अभिनंदन व सत्कार किया गया है। नगर राजद विधायक समीर महासेठ महागठबंधन सरकार में मंत्री पद संभालने के बाद गृह जिला पधारे। सोमवार को अपने निजी आवास पर मंत्री समीर महासेठ ने कहा कि मधुबनी खादी की पहचान को देश की मानचित्र पर चमकाया जाएगा। मधुबनी खादी का हब बनेगा।स्थानीय बुनकरों को जिला उद्योग केन्द्र माध्यम से आर्थिक उपार्जन में भरसक सहयोग विभाग की प्राथमिकता है।बुनकर परिवार के समस्याओं की निदान के लिए राज सरकार द्वारा वृहद योजना यहां लाई जाएगी। मधुबनी पेंटिंग की दशा- दिशा सुधारने व रोजगार के रूप में स्थापित करने के लिए सरकार प्रयास करेगी।

बिहार के महागठबंधन सरकार की प्रति अपनी समर्पित भाव का इजहार मंत्री समीर कुमार महासेठ ने जताया।कहा कि उद्योग मंत्रालय की जिम्मेवारी दी गई है। औद्योगिक प्रतिष्ठानों की विकास व स्थित सुधानने में बखूबी कार्य निर्वहन करेंगे। गांवों में लघु एवं कुटीर उद्योग की स्थापना व विकास सरकार की पहली प्राथमिकता होगी। मंत्री महासेठ ने कहा कि उद्योग के माध्यम से शिक्षित बेरोजगार युवाओं सहित ग्रामीण महिलाओं को रोजगार उपलब्ध कराने की भरसक प्रयास सरकार करेगी। मधुबनी जिला शुरू से उत्कृष्ट खादी वस्त्र उद्योग के लिए जाना जाता है। बीच में खादी ग्रामोद्योग में कुछ कमी आई। खादी कपड़ों की उत्पादन के लिए बुनकर परिवारों द्वारा सुत तैयार किया जाएगा। जगह-जगह खादी मॉल बनेंगे। मधुबनी खादी का काउंटर बिहार के विभिन्न जिलों में बनाए जाने की लक्ष्य है। देश महानगरों में मधुबनी खादी की बिक्री के लिए दुकान खुलवाने की योजना है।

मधुबनी जिला के बंद पड़े सकरी, लोहट व रैयाम चीनी मील सहित स्पेनिंग मील पंडौल व औद्योगिक प्रांगण झंझारपुर की उन्नति के लिए विभाग तत्परता से काम करेगी। समीर कुमार महासेठ के अभिनंदन को यहां के व्यापारियों सहित प्रबुद्ध वर्गों की खासी उपस्थिति रविवार की रात से लेकर सोमवार के दिन प्रस्थान के समय तक देखी गई। मंत्री के भेंट करने पहुंचे क्षेत्र सभी वर्गों के व्यक्तित्व से मिलकर उद्योग मंत्री महासेठ ने आभार जताया। कहा कि राज्य सरकार की वर्तमान उपादेयता को गंभीरता के साथ विकास की ललक हो आम जनों के बीच उपस्थापित करना मूल ध्येय है।

### बिहार में स्टाइपेंड बढ़ाने की मांग को लेकर जूनियर डॉक्टरों की हड़ताल

**पटना (एजेंसी)।** बिहार में एक बार फिर जूनियर डॉक्टर हड़ताल पर बैठ गए हैं। इसके कारण भागलपुर और बेतिया के सरकारी अस्पताल में ओपीडी सेवा ठप्प हो गई है, जिससे मरीजों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं डॉक्टरों के द्वारा 1 जनवरी 2020 से स्टाइपेंड बढ़ाने की मांग की जा रही है। पटना के पीएमसीएच में एमबीबीएस के छात्रों ने स्टाइपेंड में बढ़ोतरी की मांग को लेकर ओपीडी में बहाल सेवाओं का बहिष्कार किया है। जूनियर डॉक्टरों ने अधीक्षक कार्यालय और पीएमसीएच के प्रिंसिपल कार्यालय का घेराव किया। वे स्टाइपेंड बढ़ने की मांग कर रहे हैं। वहीं डॉक्टरों का कहना है कि पिछले 5 वर्षों से स्टाइपेंड बढ़ने की मांग कर रहे है लेकिन सरकार इस पर ध्यान नहीं दे रही है। बिहार को छोड़कर अन्य राज्यों में वेतन की राशि अच्छी है। जूनियर डॉक्टरों ने पीएमसीएच परिसर में पैदल मार्च निकाला और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। बता दें कि जूनियर डॉक्टरों के हड़ताल पर जाने के कारण जहां एक तरफ पीएमसीएच में ओपीडी सेवा ठप्प हो गई है, वहीं दूसरी तरफ मायागंज अस्पताल में जूनियर डॉक्टर प्रदर्शन कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त बेतिया के सरकारी कॉलेज में भी जूनियर डॉक्टर हड़ताल पर बैठे हैं।

# सीबीआई ने बीरभूम में अनुव्रत के रिश्तेदार के चावल मिल पर छापा मारा




**बोलपुर/कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल में भारतीय सीमा के पार से पशु तस्करी के मामले की जांच कर रही केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने सोमवार को बीरभूम जिले में एक चावल मिल पर छापा मारा, जिसमें कथित तौर पर इस मामले में गिरफ्तार अनुव्रत मंडल के रिश्तेदारों की हिस्सेदारी है। इस बीच, कोलकाता में आधिकारिक रिपोर्ट में कहा कि मंडल, जिसे केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने 11 अगस्त को बीरभूम में अपने गांव निचुपट्टी घर से गिरफ्तार किया था, को नियमित जांच के लिए दक्षिण कोलकाता में कमांड अस्पताल (सेना) ले जाया गया था। राज्य में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की बीरभूम जिला इकाई के अध्यक्ष बासठ वर्षीय मंडल को पशु तस्करी में चल रही सीबीआई जांच में कथित रूप से असहयोग करने और कम से कम 10 बार समन की अनदेखी करने के बाद उनके घर से गिरफ्तार किया गया था। आसनसोल अदालत के आदेश से मंडल अब बुधवार तक सीबीआई की हिरासत में रहेगा। अदालत ने हर 48 घंटे में उनकी नियमित चिकित्सा जांच कराने का निर्देश दिया है। बीरभूम में सीबीआई की टीम ने सोमवार को 'शिव शंभू राइस मिल' पर छापा मारा, जिसमें मंडल के भतीजे राजा घोष का हिस्सा है। यह मिल भुबंदंगा सुकांता पल्ली में 10 बीघे से अधिक भूमि के क्षेत्र में स्थित है। सीबीआई ने पिछले सप्ताह भोले बम चावल मिल पर भी छापा मारा जहां कुछ महंगी कारें खड़ी थीं। सीबीआई ने तलाश अभियान के दौरान कथित तौर पर मंडल और अन्य फर्जी नामों के नाम पर सात बैंकों में 17 करोड़ से अधिक के धन सहित कई चल और अचल संपत्तियों का भी खुलासा किया। सूत्रों ने दावा किया कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के करीबी माने जाने वाले मंडल के पास पिछले आठ वर्षों से संपत्ति में काफी ज्यादा इजाफा हुआ है।

# बिहार के पोखर में डूबकर एक ही परिवार के चार लोगों की मौत

### घोंघा चुनने के दौरान हुआ दर्दनाक हादसा



**बेतिया (एजेंसी)।** बिहार के बेतिया जिले से दर्दनाक की खबर सामने आई है, जहां घोंघा चुनने के दौरान एक ही परिवार के चार लोगों की पोखर में डूबने से मौत हो गई। वहीं इस घटना के बाद मृतकों के परिजनों में कोहराम मच गया।

#### एक-दूसरे को बचाने में गयी जान

जानकारी के अनुसार, घटना जिले केमझौलिया थाना क्षेत्र के चौनपुर गांव की है, जहां रविवार की दोपहर सभी लोग घोंघा चुनने के लिए पोखर में गए थे, इसी दौरान फैर फिसल जाने से एक सदस्य पानी में डूबने लगा। वहीं उसे बचाने के क्रम में एक-एक कर चारों लोग डूब गए। बताया जाता है कि जेसीबी से मिट्टी कटाई कर देने के चलते गहरा गढ़ा हो गया था और उसमें बरसाती पानी का जमाव हो गया था।

मृतकों में बहुअरवा पंचायत के चैनपुर वार्ड नं.5 निवासी देवलाल महतो की पत्नी एतवरिया देवी, नरेश महतो की 8 वर्षीय पुत्री खुशी कुमारी, 6 वर्षीय पुत्री हंसी कुमारी शामिल हैं। वहीं एक मृतक की पहचान अरेराज के बहादुरपुर थाना क्षेत्र निवासी हरेन्द्र महतो की 13 वर्षीय बेटी सरिता कुमारी के रूप में हुई है जो अपने रिश्तेदार के घर आई हुई थी।

#### ग्रामीणों की मदद से बाहर निकाले गए शव

उधर, इस घटना की सूचना मिलते ही मझौलिया पुलिस दल बल के साथ मौके पर पहुंची। इसके बाद ग्रामीणों की मदद से चारों मृतकों को गढ़े से बाहर निकाला गया। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बेतिया गवर्नमेंट मेडिकल अस्पताल भेज दिया है। इसके साथ ही पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# प्रदेश में लोक कलाओं और कलाकारों को सहेजने का प्रयास : योगी

- कलाकारों को खोजने का लिया निर्णय
- दर्जनभर से अधिक विधाओं से जुड़े कलाकारों की हो रही तलाश



**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ विलुप्त होती लोक कलाओं को लेकर बेहद संजीदा हैं। शहर, गांव से लेकर मोहल्लों में ढेरों प्रतिभाएं हैं लेकिन बिना प्रोत्साहन और मंच के वह आगे नहीं बढ़ पाती हैं। सरकार ने प्रदेश भर के सभी जिलों में से ऐसे ही पारम्परिक हुनरमंद युवाओं को मौका देने के लिए एक बड़ी पहल की है। आगरा में 18 विधाओं से जुड़े कलाकारों की तलाश शुरू हो गई है। इन कलाकारों को आगे बढ़ने के लिए मौका मिलेगा और प्रोत्साहन भी मिलेगा। यह 18 विधाएं देश की संस्कृति से जुड़ी हुई हैं जो सदियों से भारत की आत्मा कही जाती हैं।

**युवा कल्याण विभाग देगा मंच :** जिला युवा कल्याण विभाग द्वारा 18 विधाओं में से किसी भी एक विधा में पारंगत या हुनरमंद युवाओं की तलाश शुरू कर दी है। इसके लिए गांव और शहरों में युवा कल्याण विभाग के अधिकारी और प्रतिनिधि कार्य कर रहे हैं। हर ग्राम पंचायतों में भी हुनरमंद युवाओं की तलाश के लिए संदेश भेजा जा रहा है। ग्राम प्रधान व सचिव के माध्यम से हुनरमंद युवाओं की पहचान हो रही है। जिन युवाओं की पहचान होगी, उनके हुनर को आगे बढ़ाने के लिए युवा कल्याण विभाग एक मंच भी प्रदान करेगा और उन्हें प्रोत्साहित करके आगे बढ़ाएगा। इन युवा कलाकारों को खोजने की जिम्मेदारी जिला युवा कल्याण विभाग को दी गई है।

**हुनरमंद युवाओं की तलाश :** जिला युवा कल्याण अधिकारी जयपाल सिंह सागर ने बताया कि सरकार पारम्परिक लोक कलाओं को सहेजने से पूर्व उसे जीवित रखने वाले कलाकारों को मंच देने की तैयारी में है। इसके लिए युवाओं की तलाश, उनकी पहचान गांव और शहर हर जगह की जा रही है। युवा कल्याण विभाग जिन 18 विधाओं में हुनरमंद युवाओं की तलाश कर रही है उसमें लोक नृत्य, लोकगीत, एकांकी और भारतीय क्लासिकल वोकल भी शामिल है। इसके अलावा कर्नाटक वोकल, सितार वादन, बांसुरी वादन, तबला वादन में पारंगत युवाओं को भी मौका दिया जाएगा। वीणा वादन, मृदंग, हारमोनियम, लाइट, गिटार वादन करने वाले युवा भी इस तलाश में शामिल हैं, जबकि मणिपुरी नृत्य, ओडिसी नृत्य, भरतनाट्यम नृत्य, कत्थक नृत्य, कुचिपुड़ी नृत्य, एक्सटेम्पोर की विधा में पारंगत युवाओं को बड़े स्तर पर ले जाने में सहयोग और मंच युवा कल्याण विभाग प्रदान करेगा। उन्होंने बताया कि लोक कलाकारों को पोर्टल के माध्यम से सूचीबद्ध किया जा रहा है। जिले भर से बड़ी संख्या में युवाओं ने विभाग के पोर्टल पर ऑनलाइन अपनी जानकारी साझा की है। इसमें 15 से 29 वर्ष तक के कलाकारों को आमंत्रित किया गया है।

## न्यूज गैलरी

### विदेशी मुद्रा भंडार 2.24 अरब डॉलर गिरकर 570.74 अरब डॉलर पर



मुंबई। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 12 अगस्त को समाप्त सप्ताह में 2.24 अरब डॉलर घटकर लगातार दूसरे सप्ताह गिरता हुआ 570.74 अरब डॉलर रह गया, इसके पिछले सप्ताह भी यह 89.7 करोड़ डॉलर कम होकर 572.97 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 12 अगस्त को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 2.7 अरब डॉलर की गिरावट लेकर 506.9 अरब डॉलर रह गया। हालांकि इस अवधि में स्वर्ण भंडार 30.5 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी के साथ 40.62 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इसी तरह आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 10.2 करोड़ डॉलर बढ़कर 18.13 अरब डॉलर पर रहा। इस अवधि में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि 70 लाख डॉलर की बढ़त लेकर 4.99 अरब डॉलर हो गया।

### अगस्त में 8 प्रतिशत बढ़े कॉटन के दाम, कॉटन की कीमतों में गिरावट की संभावना कम

नई दिल्ली। शॉर्ट टर्म में डोमेस्टिक स्पॉट मार्केट में कॉटन का भाव 45,455 रु. से 47,500 रु. के दायरे में कारोबार करेगा। हालांकि कटाई के साथ भाव धीरे-धीरे कम होकर 40,000 रुपए के नीचे आ सकता हैं। उससे नीचे जाने पर कीमतें 35,000 रुपए प्रति गांठ के आस-पास पहुंच सकती है। ओरिगो ई मंडी के असिस्टेंट जनरल मैनेजर (कमोडिटी रिसर्च) तरुण तत्संगी के मुताबिक आईसीई कॉटन में आई मजबूती के साथ ही देश में कपास उत्पादक इलाकों में भारी बारिश और कीड़ों की वजह से फसल खराब होने की खबरें है। इसी के चलते भारतीय हाजिर बाजार में कॉटन की कीमतों में 46,000 रुपए प्रति गांठ के ऊपर मजबूती देखने को मिली थी। अगस्त में अभी तक कॉटन की कीमतों में करीब 8 प्रतिशत की तेजी आ चुकी है। लगातार बारिश का कपास की फसल पर निगेटिव असर पड़ा है और ऐसा लग रहा है कि कॉटन की कीमतों ने इस साल देश में अनुमानित ज्यादा फसल के आंकड़े को नजर अंदाज कर दिया है। पिछले एक पखवाड़े में आईसीई कॉटन दिसंबर वायदा का भाव 21 प्रतिशत बढ़ चुका है और भाव ने पिछले हफ्ते की साप्ताहिक बंदी 116.01 सेंट प्रति पाउंड से पहले 8 हफ्ते की ऊंचाई 119.59 सेंट प्रति पाउंड को छू लिया था। तरुण तत्संगी कहते है कि अमेरिका में कपास की फसल और एंडिंग स्टॉक में तेज गिरावट की आशंका के चलते कीमतों में मजबूती देखने को मिली है। तरुण तत्संगी के मुताबिक अमेरिका में कपास की फसल कमजोर रहने के साथ ही भारतीय फसल के आंकड़ों के बारे में अनिश्चितता की वजह से शॉर्ट टर्म में कॉटन की कीमतों में भारी उठापटक का माहौल रहेगा।

### चीन को विकास दर घटने की चिंता, सुस्त आर्थिक गतिविधियों को रफ्तार देने के लिए घटाई ब्याज दर

नई दिल्ली। भारत, अमेरिका सहित दुनियाभर की अर्थव्यवस्थाएं जहां महंगाई को थामने के लिए अपनी ब्याज दरों में धड़ाधड़ बढ़ोतरी कर रही हैं, वहीं चीन को अपनी विकास दर घटने की चिंता सता रही है और उसने आर्थिक गतिविधियों को रफ्तार देने के लिए ब?याज दरों में कटौती कर दी। जुलाई में फैक्टरी उत्पादन और खुदरा बिक्री में बड़ी गिरावट को देखते हुए चीन के केंद्रीय बैंक ने ब्याज दरों को अप्रत्याशियत रूप से घटा दिया है। जून-जुलाई के आंकड़े बताते हैं कि दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था को अपनी विकास दर गिरने का खतरा दिख रहा है। जुलाई में औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर 3.8 फीसदी रही, जो इसी साल जून के 3.9 फीसदी से कम है, जबकि रॉयटर के पोल में अर्थशास्त्रियों के लगाए 4.6 फीसदी अनुमान से काफी पीछे है। इसके बाद चीन के केंद्रीय बैंक ने देश में आर्थिक वृद्धि को गति देने के लिए ब्याज दर 0.10 प्रतिशत घटाकर 2.75 प्रतिशत कर दी है। पीपुल्स बैंक ऑफ चाइना ने इसके साथ बैंकों को अतिरिक्त 400 अरब युआन (60 अरब डॉलर) उपलब्ध कराया है। जुलाई में खुदरा बिक्री बीते साल के मुकाबले सिर्फ 2.7 फीसदी अधिक रही, जो जून में 3.1 फीसदी थी और सर्वे में अर्थशास्त्रियों ने 5 फीसदी रहने का अनुमान लगाया था।

### झुनझुनवाला 'एस्टेट' के ट्रस्टी बने राधाकिशन दमानी

# दोस्त के अलावा अपना गुरु मानते थे बिग बुल



नई दिलली (एजेंसी)। डी-मार्ट के फाउंडर राधाकिशन दमानी को राकेश झुनझुनवाला की 'एस्टेट' (Estate) का मेन ट्रस्टी बना दिया गया है। दमानी को झुनझुनवाला अपना सबसे भरोसेमंद दोस्त और गुरु मानते थे। दमानी के अलावा झुनझुनवाला की ट्रस्ट के ट्रस्टियों में उनके दो सबसे भरोसेमंद साथी कल्पराज धर्मशी और अमल पारिख भी शामिल हैं। झुनझुनवाला की फर्म 'रेयर इंटरप्राइजेज' का मैनेजमेंट उनके दो सबसे भरोसेमंद पार्टनर्स उत्पल सेठ और अमित गोयल ही करते रहेंगे। उत्पल इन्वेस्टमेंट्स में झुनझुनवाला की मदद कर रहे थे। पिछले कुछ सालों से उनका फोकस प्राइवेट इक्विटी इन्वेस्टमेंट्स पर रहा है। वहीं अमित ट्रेडिंग में झुनझुनवाला के राइट हैंड थे। अमित उनकी फर्म की ट्रेडिंग बुक का मैनेजमेंट करते हैं। इंडिया के वॉरेन बफे के नाम से मशहूर राकेश झुनझुनवाला का विगत 14 अगस्त रविवार को हार्ट अटैक से 62 साल की उम्र में निधन हो गया था। सेल्फ मेड ट्रेडर राकेश ने कई स्थापित व्यवसायों और स्टार्टअप्स में इंवेस्ट किया और कई इंडियन फर्मों के बोर्ड में रहे थे। शेयर मार्केट के बिग बुल कहे जाने वाले राकेश झुनझुनवाला एशिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में सबसे इन्फ्लुएन्शियल मार्केट वॉइसेस में से एक थे। देश में बड़ी संख्या में रिटेल इन्वेस्टर्स झुनझुनवाला को फॉलो करते थे। झुनझुनवाला इंडिया की ग्रोथ स्टोरी के प्रबल सपोर्टर थे। ब्लूमबर्ग के आंकड़ों के अनुसार, ज्वैलरी रिटेलर टाइटन कंपनी राकेश और उनकी पत्नी रेखा झुनझुनवाला के लिए सबसे बड़े और सबसे लाभदायक निवेशों में से एक थी। राकेश के पोर्टफोलियो में एक तिहाई से ज्यादा शेयर्स टाइटन के हैं। मार्केट वैल्यू के आधार पर राकेश की टॉप होल्डिंग्स में स्टार हेल्थ एंड एलाइड इंश्योरेंस कंपनी, फुटवियर मेकर मेट्रो ब्रांड्स लिमिटेड और ऑटोमेकर टाटा मोटर्स लिमिटेड शामिल हैं। झुनझुनवाला के पास स्टार हेल्थ, आईटी फर्म एपटेक लिमिटेड और वीडियोगेम मेकर नजारा टेक्नोलॉजीज में 10% से ज्यादा की हिस्सेदारी है। राकेश झुनझुनवाला ने 1985 में 5 हजार रुपए से कारोबार की शुरूआत की थी।

## सेंसेक्स में जहां 400 अंकों से ज्यादा की गिरावट दिखी, वहीं निफ्टी भी 17650 के नीचे रहा



दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय शेयर बाजार में सोमवार को बिकवाली के चलते कमजोर शुरूआत देखने को मिल रही है। सेंसेक्स में जहां 400 अंकों से ज्यादा की गिरावट है, वहीं निफ्टी भी 17650 के नीचे आ गया है। आज कारोबार में बैंक, ऑटो, आईटी और फाइनेंशियल शेयरों पर दबाव देखने को मिल रहा है। निफ्टी पर बैंक, ऑटो, आईटी और फाइनेंशियल इंडेक्स में 1 प्रतिशत से ज्यादा की कमजोरी है। वहीं रियल्टी इंडेक्स में 2 प्रतिशत की गिरावट है। मेटल और फार्मा इंडेक्स भी कमजोर हुए हैं। निफ्टी में अडानी पोर्ट्स, पावर ग्रिड, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एसबीआई लाइफ और ब्रिटानिया जैसे स्टॉक्स टॉप गेनर हैं, वहीं ओएनजीसी, कोटक महिंद्रा बैंक, विप्रो, ग्रासिम और हिन्डाल्को टॉप लूजर हैं। फिलहाल सेंसेक्स में 415 अंकों की कमजोरी है और यह 59235 के स्त्र पर कारोबार कर रहा है। जबकि निफ्टी में 112 अंकों की कमजोरी है और यह 17647 के लेवल पर ट्रेड कर रहा है। हैवीवेट शेयरों में बिकवाली है। सेंसेक्स 30 के 24 शेयर लाल निशान में कारोबार कर रहे हैं।

## सोना हुआ सस्ता, चांदी की चमक पड़ी फीकी



नई दिल्ली (एजेंसी)। सोने-चांदी के रेट में बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। आज यानी सोमवार को 24 कैरेट सोना 51550 रुपये पर खुला, जो विगत शुक्रवार के बंद रेट से 252 रुपये प्रति 10 ग्राम सस्ता है। वहीं, चांदी 715 रुपये गिरकर 55166 रुपये प्रति किलो के रेट पर खुली। अब शुद्ध सोना अपने ऑल टाइम हाई रेट से 56254 रुपये प्रति 10 ग्राम से 4704 रुपये सस्ता है। जबकि, चांदी अपने दो साल पहले के उच्च रेट 76008 रुपये प्रति किलो से 20842 रुपये सस्ती है। इसके अलावा 23 कैरेट गोल्ड की कीमत अब 51344 रुपये पर आ गई है। जबकि, 22 कैरेट 47220, 18 कैरेट 38663 और 14 कैरेट गोल्ड की कीमत अब 30157 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई है। इसमें जीएसटी और ज्वैलर का मुनाफा नहीं जुड़ा है। 24 कैरेट सोने पर 3 फीसद जीएसटी यानी 1546 रुपये जोड़ लें तो इसका रेट 53096 रुपये हो जा रहा है। वहीं ज्वैलर का 10 फीसद मुनाफा यानी 5309 रुपये जोड़ने के बाद सोने का भाव 58406 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच जा रहा है। जीएसटी जोड़ने के बाद चांदी की कीमत 56820 रुपये प्रति किलो हो गई है। इसमें ज्वैलर का 10 से 15 फीसद मुनाफा अलग से है। यानी आपको 10 फीसद मुनाफा लेकर ज्वैलर करीब 62503 रुपये में देगा। 24 कैरेट का सोना 22 या 18 कैरेट सोने से बहुत अधिक महंगा होता है। यह इतना मुलायम और लचीला होता है कि इससे गहने नहीं बनाए जा सकते। इसके अलावा 24 कैरेट गोल्ड का इस्तेमाल सिक्कों व बार बनाने और इलेक्ट्रॉनिक्स और मेडिकल डिवाइसेज में उपयोग किया जाता है। 23 कैरेट गोल्ड पर भी 3 फीसद जीएसटी और 10 फीसद मुनाफा जोड़कर आपको मिलेगा 58406 रुपये प्रति 10 ग्राम के रेट से। वहीं, 22 कैरेट सोने का भाव तीन फीसद जीएसटी के साथ यह 48636 रुपये का पड़ेगा।

## बोवाई कम होने पर देश में 18 अगस्त तक धान का रकबा 8.25 प्रतिशत घटा

नई दिल्ली। देश में चालू खरीफ सत्र में धान की बुवाई कम क्षेत्र में हुई है और पिछले हफ्ते तक इसका रकबा 8.25 फीसदी की कमी के साथ 343.70 लाख हेक्टेयर रहा है। कृषि मंत्रालय ने यह जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा कि दालों और तिलहन की बुवाई भी कम क्षेत्र में हुई है। वहीं खरीफ की सारी फसलों की बुवाई 18 अगस्त तक 1,012.99 हेक्टेयर इलाके में हुई है जो पिछले वर्ष की तुलना में 25.52 लाख हेक्टेयर कम है। खरीफ की फसलों की बुवाई जून में दक्षिण पश्चिमी मानसून के आगमन के साथ शुरू की जाती है। धान एक प्रमुख खरीफ फसल है। सरकार के ताजा आंकड़ों के मुताबिक 18 अगस्त तक देशभर में धान की बुवाई इस खरीफ सीजन में 343.70 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में हुई है जो पिछले वर्ष के 374.63 लाख हेक्टेयर की तुलना में कम है।

### आईटीसी के शेयर होल्डर्स के लिए अच्छी खबर

## 52 सप्ताह के आल टाइम हाई पर पहुंचा आईटीसी का स्टॉक, एक्सपर्ट बोले अभी और बढ़ेगा भाव





नई दिल्ली (एजेंसी)। सोमवार की सुबह आईटीसी के शेयर होल्डर्स के लिए अच्छी खबर लेकर आया। कंपनी के शेयर 52 सप्ताह के उच्चमत स्तर 317 रुपये के लेवल पर पहुंच गए। सोमवार की सुबह शुरूआती कारोबार में कंपनी के शेयरों में 1.60 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली। बता दें, जहां एक तरफ कमोडिटी की कीमतों में गिरावट देखने को मिली है तो वहीं सिगरेट और हॉस्पिटैलिटी बिजनेस में ग्रोथ की वजह से कंपनी के शेयर तेज रफ्तार के साथ आगे बढ़ रहे हैं। कंपनी के शेयरों पर नजर रखने वाले एक्सपर्ट के अनुसार कंपनी के शेयरों में अभी आगे और तेजी देखने को मिलेगी। इसकी बड़ी वजह हॉस्पिटैलिटी और सिगरेट बिजनेस में फुटफाल बढ़ने की वजह से तेजी देखने को मिल रही है। कंपनी का एसएमसीजी बिजनेस पहले ही कमोडिटी कीमतों में गिरावट के बाद तेजी के साथ आगे बढ़ रहा है। एक्सपर्ट के अनुसार शॉर्ट टर्म में यह स्टॉक 340 रुपये के लेवल तक जा सकता है। आईटीसी के शेयरों की तेजी को लेकर जीसीएल सिक्योरिटिज के सीईओ रवि सिंघल कहते हैं,कमोडिटी की कीमतों में गिरावट की वजह से कंपनी के शेयर ऊपर भाग रहे हैं। कीमतें घटने से कंपनी का मार्जिन बढ़ेगा। कंपनी को फुटफॉल का लाभ हॉस्पिटैलिटी बिजनेस और सिगरेट बिजनेस में भी मिलेगा।

## 19 प्रतिशत तक गिर सकता जोमैटो का शेयर, नोमुरा ने दी शेयर घटाने की सलाह

नई दिल्ली (एजेंसी)। जोमैटो के शेयरों में पैसा लगाने वाले इनवेस्टर्स के लिए एक बुरी खबर है। एक ग्लोबल ब्रोकरेज हाउस का कहना है कि जोमैटो के शेयरों में और गिरावट आ सकती है। यह बात फॉरेन ब्रोकरेज हाउस नोमुरा ने कही है। नोमुरा ने फूड डिलीवरी प्लैटफॉर्म जोमैटो के शेयरों का कवरेज शुरू किया है। विदेशी ब्रोकरेज हाउस ने जोमैटो के शेयरों को रेड्यूस रेटिंग यानी कंपनी के शेयर घटाने की सलाह दी है। नोमुरा ने जोमैटो के शेयरों के लिए 50 रुपए का टारगेट प्राइस दिया है। यह बात एक रिपोर्ट में कही गई है। नोमुरा ने जोमैटो के शेयरों के लिए 50 रुपए का टारगेट दिया है। ऐसे में शुक्रवार के 61.40 रुपए के क्लोजिंग प्राइस से कंपनी के शेयरों में करीब 19% की गिरावट आ सकती है। नोमुरा इंडिया का कहना है कि फूड डिलीवरी में डबल-डिजिट कंट्रीब्यूशन मार्जिन एक मुश्किल काम है। ब्रोकरेज हाउस का मानना है कि जोमैटो का फूड डिलीवरी बिजनेस एडजस्टेड इबिट्डा लेवल पर एफवाई 24 की पहली तिमाही में प्रॉफिटैबल हो जाएगा। जोमैटो के शेयर इस साल अब तक 56% से ज्यादा गिर चुके हैं। इस साल की शुरूआत में 3 जनवरी 2022 को जोमैटो के शेयर 141.35 रुपए के स्तर पर थे। 22 अगस्त 2022 को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) में जोमैटो के शेयर 62.15 रुपए के स्तर पर ट्रेड कर रहे हैं। वहीं, पिछले 6 महीने में जोमैटो के शेयरों में 22 फीसदी से अधिक की गिरावट आई है।

## केंद्र सरकार ने जारी किया कंपनियों के रजिस्टर्ड ऑफिस के एड्रेस वेरिफिकेशन के लिए नया नियम



दिल्ली (एजेंसी)। केंद्र सरकार ने ऑफिस एड्रेस के फिजिकल वेरिफिकेशन के नियमों में बदलाव करते हुए किसी कंपनी के रजिस्टर्ड ऑफिस के एड्रेस का फिजिकल वेरिफिकेशन कराने के लिए नया नियम जारी किया है। नए नियम के अनुसार जिस वक्त कंपनी के ऑफिस एड्रेस का फिजिकल वेरिफिकेशन होगा, उस वक्त ऑफिस में गवाहों का रहना जरूरी होगा। गवाहों के मौजूद रहने से दो फायदे होंगे। पहला अथॉरिटी के अधिकारी अगर मनमानी करते हैं तो उनके खिलाफ सबूत होगा। दूसरा वेरिफिकेशन में गवाह के रूप में तीसरे पक्ष के रहने से पूरे काम में पारदर्शिता लाई जा सकेगी। कंपनी एक्ट, 2013 के अनुसार कंपनी रजिस्ट्रार किसी कंपनी के रजिस्टर्ड ऑफिस का फिजिकल वेरिफिकेशन कर सकता है, अगर उसे लगे कि दिए गए पते पर सही ढंग से बिजनेस नहीं हो रहा है। इसी एक्ट के तहत फिजिकल वेरिफिकेशन के नियम को भी शामिल कर दिया गया है। रजिस्टर्ड कंपनी की ओर से दिए गए पते पर फिजिकल वेरिफिकेशन के समय दो गवाहों का होना जरूरी होगा। ये गवाह उसी इलाके के होने चाहिए जहां कंपनी का रजिस्टर्ड ऑफिस चल रहा है। कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय ने कहा है कि अगर रजिस्ट्रार को जरूरत पड़े तो वह फिजिकल वेरिफिकेशन के समय स्थानीय पुलिस की मदद ले सकता है। फिजिकल वेरिफिकेशन के वक्त कंपनी रजिस्ट्रार उन कागजातों की जांच कर सकता है जो रजिस्ट्रेशन के वक्त जमा कराए गए थे। सही-गलत का पता लगाने के लिए दस्तावेजों का क्रॉस वेरिफिकेशन किया जाएगा। एड्रेस प्रूफ वही होना चाहिए जो रजिस्ट्रेशन के वक्त दिया गया था, प्रॉपर्टी किसके नाम से है, किराये पर है तो उसके रेंट की पूरी जानकारी देनी होगी।

### रिमूवेबल डिवाइस से डेटा चोरी के मामले बढ़े

## डेटा सेफ्टी के लिए बड़ा खतरा बन रही हैं यूएसबी ड्राइव्स, रिपोर्ट्स में मिली चेतावनी

नई दिल्ली (एजेंसी)। नई रिपोर्ट में सामने आया है कि आधे से ज्यादा साइबर थ्रेट्स इस तरह डिजाइन किए गए हैं, जिनमें खास तरह से तैयार किए गए रिमूवेबल मीडिया का इस्तेमाल किया जाता है। सामने आया है कि साल 2021 के मुकाबले ऐसे खतरे तेजी से बढ़े हैं और इंडस्ट्रीज को इस दिशा में जरूरी कदम उठाने की जरूरत है। '2022 हनीवेल इंडस्ट्रीज साइबर सिक्योरिटी वरइ थ्रेट रिपोर्ट' के मुताबिक, वरइ से जुड़े मालवेयर और खतरे तेजी से बढ़ना इंडस्ट्री से जुड़े लोगों की चिंता बढ़ा रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस साल 52% साइबर खतरों में खास तौर से डिजाइन किए गए रिमूवेबल मीडिया का इस्तेमाल किया गया। वहीं, साल 2021 में यह आंकड़ा 32% था और इसमें आई बढ़त तेजी से बढ़ते खतरे को दिखाती है। चौथे साल शेयर की गई रिपोर्ट में दावा किया गया है कि रिमोट ऐक्सेस से जुड़े कैपेसिटी वाले थ्रेट्स करीब 51% मामलों में सामने आए हैं। वहीं, खास तौर से इंडस्ट्रियल कंट्रोल सिस्टम्स को निशाना बनाने के लिए तैयार किए गए थ्रेड्स की संख्या भी पिछले कुछ साल के मुकाबले तेजी से बढ़ी है। ऐसे में इंडस्ट्रीज के लिए अतिरिक्त सुरक्षा स्तर को उनके सिस्टम का हिस्सा बनाना जरूरी हो जाता है। हनीवेल कनेक्टेड इंटरप्राइज साइबर सिक्योरिटी के वाइस प्रेसिडेंट एंड जनरल मैनेजर जेफ जिंडल ने कहा, विरोधी जानबूझकर रिमूवेबल मीडिया का इस्तेमाल शुरूआती अटैक के लिए करते हैं।

# आपको कब बदल देनी चाहिए नौकरी, ये पांच संकेत फैसला लेने में बनेगा मददगार

नई दिल्ली (एजेंसी)। जमाना और देश कोई भी हो नौकरी मिलना आसान काम नहीं। खासकर ज्यादा आबादी वाले देशों में रोजगार की दिक्कत हमेशा से एक गंभीर समस्या बनी हुई है। आज भी हर कोई अच्छी नौकरी तलाशने के साथ ग्रोथ के अच्छे मौके ढूढता है। वहीं बहुत से लोग ऐसे भी हैं, जिनका फोकस हमेशा अपनी नौकरी बचाकर रखने में होता है। प्राइवेट सेक्टर वाले अधिकतर कर्मचारी बेहतर सैलरी के पीछे भाग रहे होते हैं, जो कि उनके करियर के लिए कई बार मुश्किल खड़ा कर देता है। वहीं कुछ लोग ऐसे भी होते हैं जिन्हें अक्सर नई नौकरीके मौके मिलते रहते हैं लेकिन वो जॉब चेंज का फैसला नहीं ले पाते। ऐसे में आइए बताते हैं कि आपको कब अपनी नौकरी यानी कंपनी बदल ही लेनी चाहिए।

### 'ग्रोथ की संभावना न हो'

जागरूक नौकरीपेशा लोगों के मन में सवाल आता होगा कि कैसे पता चलेगा कि वो जिस कंपनी में हैं उसकी कितनी ग्रोथ है, और भविष्य में खुद की ग्रोथ का कितना चांस हैं. यह जानने के लिए आपको समझना होगा कि अगर आपकी जॉब लगातार घिसे-पिटे पुराने ढ़र्रे या लीक पर चल रही है तो आपको नौकरी बदलने का मन बना लेना चाहिए.

### 'काम के मुताबिक ना हो सैलरी'

आपको पहले से तय किए गए काम के अलावा नई-नई जिम्मेदारियां दे दी जाएं. और आप बिना किसी सवाल के मन मारकर वो काम कर रहे हों और ऐसा काफी समय से चल रहा हो, लेकिन कंपनी काम के मुताबिक आपकी सैलरी न बढ़ा रही हो ऐसे में आप अपनी कंपनी से सैलरी बढ़ाने की डिमांड कर सकते हैं और ना मिलने पर दूसरी नौकरी तलाश सकते हैं.

### 'ओवर क्वालिफाइड हों तो'

एंट्री लेवल पर आपको काम करने का मौका मिले तो उसे नहीं छोड़ना चाहिए. वहीं जब आपके पास कुछ बताने लायक एक्सपीरियंस हो जाए तो उस योग्यता के मुताबिक नई पोजिशन के लिए कोशिश शुरू कर देनी चाहिए. क्योंकि जब आप एक कंपनी से दूसरी कंपनी में जॉब स्विच करते हैं तो आपको नए लोग नई टेक्निक और सॉफ्टवेयर के साथ काफी हद तक नई-नई स्किल सीखने को मिलती है जो आगे करियर में बहुत काम आ सकती है.

### 'बेतुका व्यवहार होने लगे'

कई बार जब कंपनी के मैनेजमेंट में बदलाव होता है तो वहां काम करने वाले कुछ कर्मचारियों से बेतुका व्यवहार शुरू कर दिया जाता है. उनकी गलती ना होने पर भी उनसे सवाल पूछने शुरू कर दिए जाते हैं. उनको बार-बार परेशान किया जाता है। तो ऐसे में फौरन नौकरी बदल लीजिए.

### 'कंपनी डूबने वाली हो'

वहीं जब आपकी कंपनी वित्तीय संकट से गुजर रही हो तो इसका बुरा असर वहां के एम्प्लाइज पर भी पड़ता है. ऐसे में कंपनी छंटनी में आपको निकालने की सोंचे इससे पहले आपको नई नौकरी की तलाश तेज कर देनी चाहिए और मौका मिलते ही फौरन नौकरी बदलना तत्कालिक और दूरगामी दोनों स्थितियों के लिए मुनाफे का सौदा बन जाता है.

## पेज एक के शेष

### बेहतर स्वास्थ्य सेवा...

ओर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि आज खुशी का दिन है कि मुख्यमंत्री के द्वारा 217 आयुष प्रक्षेत्र के डॉक्टरों को संविदा आधारित नियुक्ति पत्र मिली है। उन्होंने नवनियुक्त चिकित्सकों से अपील की कि आप जहां कार्यरत रहें वहां मरीजों का इलाज मुस्कुराता चेहरा और मधुरवाणी के साथ करें ताकि लोगों को लगे कि आप उनके परिवार के ही सदस्य हैं। जब आप आत्मीयता के साथ मरीजों का चिकित्सा करेंगे तो उनकी आधी बीमारी आपके द्वारा उन्हें छू लेने से ठीक हो जायेगी। उन्होंने कहा कि आयुष प्रक्षेत्र का बहुत बड़ा दायरा है। आयुष पद्धति लोगों को बड़ी बीमारी होने से पहले ही बचाती है। आप सभी आयुष प्रक्षेत्र के नवनियुक्त डॉक्टर्स मुख्यमंत्री के द्वारा भेजे गये देवदूत के रूप में लोगों के बीच चिकित्सा उपलब्ध कराने का कार्य करें।

**स्वास्थ्य से जुड़े तीन नये एप्प का शुभारंभ :** मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर स्वास्थ्य सेवा से संबंधित तीन एप्प का शुभारंभ किया। इसके अंतर्गत आयुष योगा एप्प, आयुष पेशेंट मॉनिटरिंग एप्प तथा जीवन दूत एप्प शामिल है। इस अवसर पर राज्य के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, अपर मुख्य सचिव-सह-प्रधान सचिव स्वास्थ्य विभाग अरुण कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, आयुष के नोडल अधिकारी भुवनेश प्रताप सिंह, श्री सत्य साईं हार्ट हॉस्पिटल के प्रतिनिधि सहित आयुष प्रक्षेत्र के नवनियुक्त सभी डॉक्टर्स उपस्थित थे।

### एक ही परिवार...

को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक हत्यारोपी हेमंत पूर्ति शुक्रवार को मुरहू थाना के ग्राम गांव हासा गजगांव से अपने मामा बितना मुंडा के घर चंडीडीह मेहमान गया गया था। तब से वह वहीं रह रहा था। बीती रात बितना मुंडा, सुडा मुंडा, विकास महतो और आरोपी हेमंत पूर्ति एक साथ खाना खाने के बाद शराब पी उसके बाद किसी बात को लेकर इनमें विवाद हो गया। उसी दौरान हेमंत पास रखे कुदाल से तीनों को मार डाला। मृतक बितना मुंडा का बड़ा बेटा सोमा मुंडा के मुताबिक घटना रात करीब 11 बजे घटी। उसने बताया कि विकास महतो कर्रा थाना के ग्राम चिउर का रहनेवाला था, जो उसी के घर रहता था। रात में चारों एक साथ खाना-पीना करने के बाद सोने की तैयारी में थे उसी दौरान उसका ममेरा भाई हेमंत ने उसके पिता, छोटा भाई और ममेरे भाई को मार डाला। खूंटी के डीएसपी अमित कुमार ने बताया कि घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में आरोपी हेमंत ने पुलिस को बताया कि वह उन लोगों के साथ कमाने के लिए ओडिशा गया था। उसका पैसा उन लोगों ने रख लिया था, मांगने पर उसे पैसे नहीं दी, इसलिए वह कुदाल से मार कर हत्या कर दी। डीएसपी ने बताया कि आरोपी दिमागी हालत से ठीक नहीं लगता है। फिलहाल पुलिस उससे हत्या के और भी कारणों की जानकारी ले रही है। उन्होंने कहा कि मेडिकल जांच के बाद ही आरोपी के दिमागी बीमारी के बारे पता चल सकता है।

### झारखंड सरकार और...

आमंत्रित किये गये हैं) से यह छात्रवृत्ति शुरू होगी। वर्तमान में यह एमओयू तीन वर्ष के लिए किया जायेगा। ऐसे में छात्रों को शैक्षणिक वर्ष 2023-24, 2024-25 और 2025-26 के लिए छात्रवृत्ति प्रदान की जा सकेगी। शेवनिंग मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा छात्रवृत्ति के लिए युवाओं को शैक्षणिक शिक्षण शुल्क के साथ परीक्षा एवं थीसिस शुल्क, एकल छात्र के लिए रहने का खर्च हेतु पर्याप्त मासिक भत्ता, एक भत्ता पैकेज तथा निवास स्थान से स्वीकृत मार्ग के लिए एक वापसी विमान किराया आदि सहायता प्रदान की जायेगी। यूनाइटेड किंगडम ऑफ ग्रेट ब्रिटेन के मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों में एक वर्षीय मास्टर डिग्री के लिए छात्रवृत्ति प्रदान की जायेगी। मुख्यमंत्री ने कहा था कि जल्द अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक समुदाय के प्रतिभाशाली युवाओं को भी उच्च शिक्षा का अवसर दिया जायेगा।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More "

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities
- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज







CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


# जयशंकर ने पराग्वे में महात्मा गांधी की प्रतिमा का किया अनावरण

**असुन्सियोन (एजेंसी)।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सोमवार को पराग्वे की राजधानी असुन्सियोन में महात्मा गांधी की प्रतिमा का अनावरण किया। डॉ. जयशंकर पहली बार दक्षिण अमेरिका की अपनी छह दिवसीय यात्रा में यहां पहुंचे हैं। विदेश मंत्री ने ट्वीट किया कि असुन्सियोन में महात्मा गांधी जी की एक प्रतिमा का अनावरण करने के लिए सम्मानित महसूस कर रहा हूं। शहर के प्रमुख तट पर इसे लगाने के लिए असुन्सियोन नगर पालिका के निर्णय की सराहना करता हूं। यह एकजुटता का प्रतीक है जो कोविड महामारी के दौरान इतनी दृढ़ता से व्यक्त किया गया था। उन्होंने ऐतिहासिक 'कासा डे ला इंडिपेंडेंसिया' का भी दौरा किया, जहां से पराग्वे का स्वतंत्रता आंदोलन दो शताब्दी से भी पहले शुरू हुआ था। साओ पाउलो में भारतीय समुदाय के साथ बातचीत करते हुए



उन्होंने कहा कि चीन के साथ संबंध बहुत कठिन दौर से गुजर रहे हैं । चीन ने 1990 के उस समझौते की अवहेलना की है जो सीमावर्ती क्षेत्रों में सैनिकों की भीड़ को प्रतिबंधित करता है। उन्होंने कहा कि चीन की कार्रवाई से दोनों देशों के संबंधों पर स्पष्ट असर पड़ता दिखाई दे रहा है।

## ब्राजील में रूस-यूक्रेन जंग के साथ 'ऑपरेशन गंगा' की सफलता को किया याद

**साओ पाउलो (एजेंसी)।** ऑपरेशन गंगा के तहत रूस-यूक्रेन संघर्ष के दौरान युद्ध क्षेत्र से अपने नागरिकों की भारत की सफल निकासी को याद करते हुए, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत बड़ी चीजों के लिए सक्षम है। उन्होंने कहा कि जैसा कि हम स्वतंत्रता के 75वें वर्ष का जश्न मना रहे हैं और बहुत आशावादी हैं। जयशंकर ने साओ पाउलो में एक भारतीय समुदाय के कार्यक्रम में कहा, यह एक ऐसा भारत है जो बड़ी चीजों में सक्षम है। हमने यूक्रेन-रूस संघर्ष के दौरान एक संगठित प्रयास के माध्यम से बड़ी संख्या में लोगों को बाहर निकाला। कार्यक्रम में जयशंकर ने कहा कि चीन ने सीमा समझौतों की अवहेलना की है और गालवान घाटी गतिरोध बढ़ रहा है, क्योंकि दोनों देशों के बीच संबंध बहुत कठिन दौर से गुजर रहे हैं। जयशंकर ने तीन देशों की यात्रा के पहले चरण में ब्राजील के साओ पाउलो में भारतीय समुदाय से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि चीन के साथ 1990 के दशक में हमारे पास समझौते हैं जो सीमा क्षेत्र में बड़े पैमाने पर सैनिकों को लाने पर रोक लगाते हैं। उन्होंने इसकी अवहेलना की है। आप जानते हैं कि गलवान घाटी में क्या हुआ था। उस समस्या का समाधान नहीं हुआ है और यह स्पष्ट रूप से प्रभावित कर रहा है। भारत और चीन के बीच मौजूदा सीमा स्थिति पर कड़ा संदेश देते हुए जयशंकर ने कहा कि संबंधों में सुधार एकतरफा नहीं हो सकते और इसे बनाये रखने के लिए आपसी सम्मान होना चाहिए। वे हमारे पड़ोसी हैं। हर कोई अपने पड़ोसी के साथ रहना चाहता है। निजी जीवन में भी और देश के हिसाब से भी। लेकिन हर कोई उचित शर्तों पर साथ मिलना चाहता है। मुझे आपका सम्मान करना चाहिए। आपको मेरा सम्मान करना चाहिए। इसलिए हमारे दृष्टिकोण से, हम बहुत स्पष्ट हैं कि हमें संबंध बनाना है और परस्पर सम्मान होना चाहिए। प्रत्येक के अपने हित होंगे और हमें इस बात के प्रति संवेदनशील होने की आवश्यकता है कि संबंध बनाने के लिए दूसरों के लिए क्या चिंताएं हैं। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा है कि चीन ने भारत के साथ सीमा समझौतों की अवहेलना की है, जिससे द्विपक्षीय संबंधों पर असर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि स्थायी संबंध एकतरफा नहीं हो सकते है और इसमें परस्पर सम्मान होना चाहिए।

## न्यूज गैलरी

### शिवसेना सांसद संजय राउत को अदालत से फिर झटका

**मुंबई (एजेंसी)।** मुंबई की एक विशेष अदालत ने शहर में एक चॉल के पुनर्विकास में कथित अनियमितताओं से जुड़े धन शोधन के मामले में शिवसेना के सांसद संजय राउत की न्यायिक हिरासत की अवधि सोमवार को पांच सितम्बर तक बढ़ा दी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने राउत (60) को गोरेगांव उपनगर स्थित पात्रा चॉल के पुनर्विकास में कथित वित्तीय अनियमितताओं के संबंध में एक अगस्त को गिरफ्तार किया था। ईडी की हिरासत में रहने के बाद शिवसेना के नेता को आठ अगस्त को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था। धन शोधन रोकथाम कानून (पीएमएलए) से जुड़े मामलों की सुनवाई कर रहे विशेष न्यायाधीश एमजी देशपांडे ने सोमवार को राउत की हिरासत अवधि पांच सितम्बर तक बढ़ा दी। ईडी ने अदालत को बताया कि मामले में उसकी जांच अब भी जारी है। ईडी की जांच पात्रा चॉल के पुनर्विकास में कथित वित्तीय अनियमितताओं और राउत की पत्नी तथा सहयोगियों से संबद्ध वित्तीय लेन-देन से जुड़ी है। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री और शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे के करीबी संजय राउत ने इन सभी आरोपों को खारिज किया है।

### समलैंगिक सेक्स पर प्रतिबंध खत्म करेगा सिंगापुर

**सिंगापुर (एजेंसी)।** सिंगापुर समलैंगिक यौन संबंधों पर प्रतिबंध लगानेवाले कानून को रद्द कर देगा जिससे देश में ऐसे संबंध कानूनी रूप से वैध हो जायेंगे। प्रधानमंत्री ली सीन लूंग ने राष्ट्रीय टीवी पर यह घोषणा की है। उन्होंने कहा कि 377ए कानून को खत्म करने से देश के कानून वर्तमान सामाजिक रीति-रिवाजों के अनुरूप हो जायेंगे और मुझे उम्मीद है कि समलैंगिक सिंगापुरियों को कुछ राहत मिलेगी। भारत, ताइवान और थाईलैंड के बाद सिंगापुर ऐसा देश होगा जहां समलैंगिक यौन संबंध कानूनी रूप से वैध होंगे। बीबीसी की एक रिपोर्ट के मुताबिक सिंगापुर में एलजीबीटी कार्यकताओं ने सरकार के इस कदम को मानवता की जीत बताया है।

### नेपाल ने भारत को 111 मेगावाट अतिरिक्त बिजली बेचने का भेजा प्रस्ताव

**काठमांडू (एजेंसी)।** नेपाल ने अपने बिजली विनिमय बाजार के जरिये भारत को 111 मेगावाट अतिरिक्त बिजली बेचने का प्रस्ताव दिया है। नेपाल विद्युत प्राधिकरण (एनईए) के प्रबंध निदेशक प्रदीप थिके ने कहा कि एनईए ने देश के चार जल विद्युत संयंत्रों के माध्यम से उत्पादित बिजली की बिक्री के लिए भारत के केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण को प्रस्ताव भेजा है। एनईए भारतीय केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण से अनुमति मिलने के बाद भारत को अतिरिक्त बिजली का निर्यात करने में सक्षम होगा।

### मुठभेड़ में सरफराज अहमद नामक पुलिसकर्मी घायल

## आतंकवादियों और सुरक्षाबलों में मुठभेड़, तीन आतंकी घिरे



**श्रीनगर (एजेंसी)।** श्रीनगर के नौहट्टा इलाके में रविवार रात आठ बजे सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई। तीन आतंकियों को घेर लिया गया है। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने बताया कि मुठभेड़ में सरफराज अहमद नामक एक पुलिस कर्मी घायल हुआ। जिसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। एक आतंकवादी भी घायल हुआ है। लश्कर-ए-तैयबा आतंकवादियों द्वारा उपयोग में लाई गई स्कूटर, एक एके-47 रायफल और दो ग्रेनेड मुठभेड़ वाली जगह से बरामद किए गए हैं। तलाशी अभियान जारी है। इधर, शाम साढ़े सात बजे के आसपास राजौरी के कांद्रा हिल इलाके में भी सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ शुरू हुई है। सुरक्षाबलों ने इलाका घेर लिया है।

## रूस में आईएस का आतंकी गिरफ्तार



**मॉस्को (एजेंसी)।** रूस में सोमवार को इस्लामिक स्टेट (आईएस) के फिदायीन को गिरफ्तार किया है। रूसी सुरक्षा एजेंसियों ने ये गिरफ्तारी की है। एजेंसियों ने दावा किया है कि सुसाइड बॉम्बर भारत में धमाके की साजिश रच रहा था। उसके निशाने पर सत्ताधारी दल के नेता थे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, रूस की फेडरल सिक्योरिटी सर्विस ने प्रतिबंधित आईएस के एक सदस्य की को गिरफ्तार किया है। वह सेंट्रल एशियाई देश का मूल निवासी है। पकड़े गये आईएसआईएस आतंकी को तुर्की में आत्मघाती हमलावर के रूप में भर्ती किया था। उसे भारत में आतंकी हमला करने के लिए रूस छोड़कर जाने के आदेश दिये गये थे।

## भाजपा बोली - केजरीवाल का अहंकार दिल्ली के लोग करेंगे चकनाचूर

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** भाजपा ने सोमवार को दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के उस दावे को अनर्गल करार दिया, जिसमें उन्होंने कहा था कि केंद्र की सत्ताधारी पार्टी से जुड़ने के एवज में उनके खिलाफ सभी मामले बंद करने का प्रस्ताव दिया गया है। भाजपा ने आरोप लगाया कि इस प्रकार की बयानबाजी कर दिल्ली की सत्ताधारी आम आदमी पार्टी आबकारी नीति से जुड़े कथित भ्रष्टाचार के मामले को भटकाने का प्रयास कर रही है। भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने पार्टी मुख्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मैं इतना ही कहूंगा कि जिनकी नीयत खोटी है, सोच छोटी है, उनको कोई क्या तोड़ेगा?" दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि उनका अहंकार तो दिल्ली की जनता तोड़ रही है। उन्होंने कहा कि ये सब अनर्गल बातें करना बंद कीजिए। आपको अगर इस बात का अहंकार है कि भ्रष्टाचार करके जनता के पैसे

- अनर्गल दावे कर रहे सिसोदिया



लूटकर उत्तर भी नहीं देंगे...तो आपका अहंकार भी टूटेगा...और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि जनता के एक-एक पैसे की वसूली हो। बता दें कि केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने दिल्ली आबकारी नीति के क्रियान्वयन में कथित अनियमितताओं के संबंध में दर्ज एक प्राथमिकी में सिसोदिया समेत 15 अन्य लोगों तथा संस्थाओं को नामजद किया है। भाटिया ने दावा कि भाजपा की ओर से इस मुद्दे पर लगातार सवाल उठाए जा रहे हैं लेकिन मुख्यमंत्री केजरीवाल चुप हैं क्योंकि वह निरूत्तर हैं।

### केजरीवाल का फूट चुका है भांडा

## मोहल्ला क्लिनिक नहीं मोहल्ला ठेका है दिल्ली का नया मॉडल : अनुराग ठाकुर



**केंद्रीय** मंत्री अनुराग ठाकुर ने एक बार फिर से आम आदमी पार्टी और दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल पर हमला बोला। उन्होंने सोमवार को कहा कि केजरीवाल मॉडल का भांडा फूट चुका है। मोहल्ला क्लिनिक से मोहल्ला ठेका यह अरविंद केजरीवाल मॉडल है। मोहल्ला क्लिनिक में दवा नहीं मिली, मोहल्ला ठेका से घर-घर शराब पहुंचाने का काम हुआ। इतना ही नहीं उन्होंने आगे कहा कि देश में पहली बार हुआ कि जिसके पास शिक्षा विभाग है उसके पास शराब विभाग भी है। अरविंद केजरीवाल सत्येंद्र जैन को ईमानदारी का सर्टिफिकेट बांटते थे। वे तीन महिने से जेल में हैं। अरविंद केजरीवाल ने किताब तो स्वराज लिखी लेकिन यह शराब राज लेकर आये।

## बेटी की गुंडागर्दी पर शर्मिंदा हुए मिजोरम के मुख्यमंत्री, सरेआम मांगी माफी

**आइजोल (एजेंसी)।** मिजोरम के मुख्यमंत्री जोरामथांगा की बेटी मिलारी छंगटे का एक डॉक्टर के साथ बदतमीजी का वीडियो वायरल होने के बाद अब सीएम ने इस पर माफी मांगी है। दरअसल, मुख्यमंत्री जोरामथांगा की बेटी मिलारी ने मिजोरम की राजधानी ऐजौल के एक क्लिनिक में डॉक्टर के साथ मारपीट की थी जिसका एक वीडियो भी सामने आया था और आलोचनाओं का सामना करने के अब सीएम ने अपनी बेटी की इस शर्मनाक हरकत पर माफी मांगी है। रिपोर्टों के अनुसार घटना बुधवार 17 अगस्त की बतायी जा रही है जब मिलारी छंगटे को एक स्किन स्पेशलिस्ट से ट्रिटमेंट लेने के लिए क्लिनिक जाने से पहले अपॉइंटमेंट लेने के लिए कहा गया तो इस दौरान सीएम की बेटी इतना भड़क गयी कि उसने सीधे डॉक्टर पर ही हमला कर दिया। वहीं, इस घटना का जब वीडियो वायरल हुआ तो सीएम जोरमथांगा ने सार्वजनिक माफी पत्र पोस्ट कर माफी मांगी। माफीनामे में उन्होंने और उनकी पत्नी ने लिखा कि उनके पूरे परिवार के पास डॉक्टर के प्रति उनकी




बेटी के व्यवहार के बचाव में कुछ नहीं कहना है और उन्होंने डॉक्टर से माफी मांगी जिसे उनकी बेटी ने पीटा था।

## अडानी के कारण एमएसपी नहीं हो रही है लागू : मलिक

- ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** मेघालय के राज्यपाल सत्यपाल मलिक ने किसानों के आंदोलन पर कहा कि एमएसपी (मिनिमम सपोर्ट प्राइस) देश में इसलिए लागू नहीं हो रही, क्योंकि प्रधानमंत्री का एक दोस्त है, जिसका नाम अडानी है। वह पिछले पांच साल के भीतर एशिया का सबसे अमीर आदमी बन गया। सत्यपाल मलिक ने कहा कि देश के किसानों को हराया नहीं जा सकता। जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं हो जाती, वह अपना विरोध जारी रखेंगे। सत्यपाल मलिक ने कहा कि अगर एमएसपी को लागू नहीं किया गया और इसकी कानूनी गारंटी नहीं दी, तो फिर एक और लड़ाई होगी। इस बार यह भयंकर लड़ाई होनेवाली है। आप इस देश के किसान को नहीं हरा सकते, क्योंकि ईडी या आयकर विभाग के अधिकारी नहीं भेज सकते तो आप किसानों के कैसे डरायेंगे। जांच एजेंसियों का दुरुपयोग नहीं होना चाहिए। इसमें निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। मैं भाजपा में ही 8-10 लोगों के नाम गिना सकता हूं। एजेंसियों को निष्पक्ष रूप से काम करने देना चाहिए।

**अडानी ने पानीपत में गोदाम बनाकर गेहूं स्टॉक किया :** सत्यपाल मलिक ने कहा कि अडानी ने पानीपत में एक बड़ा गोदाम बना



- किसानों को हराया नहीं जा सकता
- एमएसपी को लागू नहीं किया गया, तो फिर एक और लड़ाई होगी

लिया है और सस्ते दामों पर खरीदे गये गेहूं से उसका स्टॉक भी कर लिया। जब महंगाई होगी, तब उस गेहूं को बेच देंगे। ऐसे प्रधानमंत्री के दोस्त मुनाफा कमायेंगे और किसानों को नुकसान होगा। इसके खिलाफ बड़ी लड़ाई लड़ी जायेगी।

**गुवाहाटी एयरपोर्ट का किस्सा सुनाया :** सत्यपाल मलिक ने गुवाहाटी एयरपोर्ट का भी एक किस्सा भी सुनाया। सत्यपाल मलिक ने कहा कि मैं जब भी कहीं जाता हूं तो गुवाहाटी हवाई अड्डे से ही जाता हूं। एक बार गुवाहाटी हवाई अड्डे पर गुलदस्ता पकड़े एक महिला से मिला। जब मैंने पूछा कि वह कहां से है, तो उसने जवाब दिया हम अडानी की तरफ से आये हैं। मैंने पूछा इसका क्या मतलब है। उन्होंने कहा कि यह हवाई अड्डा अडानी को सौंप दिया गया है। अडानी को हवाई अड्डा, बंदरगाह, प्रमुख योजनाएं दी गयी हैं और एक तरह से देश को बेचने की तैयारी है, लेकिन हम ऐसा नहीं होने देंगे। सत्यपाल मलिक ने किसान आंदोलन के समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से हुई मुलाकात की बात दोहराई। उन्होंने कहा कि मैंने प्रधानमंत्री से मुलाकात की थी और कहा था कि किसान दिल्ली की सीमाओं पर बैठे थे। उनमें से प्रत्येक व्यक्ति 40 गांवों का मुखिया था, 700 किसान मारे गये। जब एक कुत्ता मर जाता है तो दिल्ली से शोक संदेश भेजा जाता है। किसानों के लिए कोई शोक संदेश नहीं भेजा गया। बाद में किसानों के खिलाफ लाये गये तीनों काले कृषि कानून वापस लेने पड़े और माफी भी मांगनी पड़ी।

## पाकिस्तान में हिंदू सफाईकर्मी की ईशनिंदा के आरोप में बेरहमी से पिटाई

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान में एक हिंदू सफाई कर्मी को ईशनिंदा के आरोप में लोगों ने बेरहमी से पीटा। खबरों के मुताबिक, व्यक्ति की मौत हो गयी। हालांकि, कुछ खबरों में बताया जा रहा है कि व्यक्ति बच गया है। पीड़ित की पहचान अशोक कुमार के नाम से हुई है। पाकिस्तानी पत्रकार नायला इनायत ने ट्वीट करके बताया- पाकिस्तान के हैदराबाद में हिंदू सफाईकर्मी अशोक कुमार को कुरान का अपमान करने के आरोप में धारा 295बी के तहत गिरफ्तार किया गया है। दुकानदार बिलाल अब्बासी के साथ झगड़ा होने के बाद बिलाल ने



अशोक के खिलाफ शिकायत दर्ज करायी। इस शिकायत के बाद गुस्साई भीड़ अशोक को अपनी गिरफ्त में लेने के लिए उसके अपार्टमेंट के आसपास इकट्ठा हो गयी। हैदराबाद पुलिस लाठी-डंडों के इस्तेमाल से भीड़ को हटाया। लोकल मीडिया के मुताबिक, एक मुस्लिम महिला ने कुरान में आग लगायी थी।

**दिसम्बर में श्रीलंकाई नागरिक की हत्या की थी :** पाकिस्तान में ईशनिंदा के कट्टर कानूनों के चलते कई लोगों की पीट-पीटकर हत्या की गयी है। दिसम्बर 2021 में ईशनिंदा के आरोप में श्रीलंकाई फैक्ट्री मैनेजर को भीड़ ने पहले पीटकर मार डाला और फिर आग लगा दी।